CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 49 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 09 मार्च, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+St

# महिला कल्याण और सुरक्षा के लिए हमारी सरकार ने लिए कई बड़े फैसले, महिला अत्याचारों में 10 प्रतिशत की कमी : भजनलाल शर्मा

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हनुमानगढ़ में धान मंडी में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री शर्मा ने महिलाओं को किया सम्मानित, कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा विधायक जयदीप बियानी सहित कई जनप्रतिनिधि भी रहे मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश की सरकार ने पिछले दो सालों में प्रदेश में महिला कल्याण और सुरक्षा के लिए कई बड़े फैसले लिए जिसकी वजह से प्रदेश में महिलाएं एक तरफ जहां आत्मनिर्भर बन रही है तो दूसरी तरफ प्रदेश में महिला सुरक्षा के मामले में भी महिलाओं का सरकार के प्रति भरोसा लगातार बढ़ रहा है। इसीलिए रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश के हनुमानगढ़ जिले में धान मंडी में आयोजित महिला सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का जोरदार स्वागत किया और सरकार की ओर से महिलाओं के कल्याण के लिए किए गए कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा को बधाई दी। मुख्यमंत्री शर्मा ने काफी देर तक महिलाओं के साथ संवाद किया और उन्होंने महिलाओं से महिला कल्याण के बारे में सुझाव भी पूछा। इस मौके पर मुख्यमंत्री शर्मा ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया इस विशेष कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा, विधायक जयदीप बियानी सहित पार्टी के कई विधायक और संगठन से जुड़े नेता भी मौजूद रहे तथा इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महिलाओं के सशक्त होने से ही समाज और देश विकास करता है उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला अधिकार सम्मान और सम्मान अवसरों के प्रति जागरूकता का आवाहन करते हुए आधी आबादी की शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर दिया। मुख्यमंत्री शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कीशुभकामनाएं देते हुए कहा कि नारी शक्ति हम सबके लिए प्रेरणा की स्रोत हैं देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर कितने व्यूमीका सिंह ने देश का गौरव बढ़ाया और पीवी सिंधु, स्मृति मंधाना,




मीराबाई चानू, हरमनप्रीत कौर, मनु भाकर अवनी लखेरा ने विश्व भर में खेल के क्षेत्र में देश का नाम रोशन किया द्य

### 6 लाख से अधिक बालिकाएं लाडो प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बालिकाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में लाडो प्रोत्साहन योजना बड़ी भूमिका निभा रही है। योजना के अंतर्गत 7 किस्तों में डेढ़ लाख रुपए की राशि दी जा रही है जिससे अब तक 6 लाख से अधिक बालिकाओं को लाभ मिला है। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना मां वाउचर योजना सहित विभिन्न योजनाओं ने महिला कल्याण में सशक्त भूमिका निभाई है मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के प्रभावी प्रयासों के बदौलत महिला अत्याचार के प्रकरणों में अनुसंधान पूर्ण करने का औसत समय वर्ष 2020 के 128 दिन से घटकर 52 दिन रह गया है राज्य में वर्ष 2023 की तुलना में महिला अत्याचार के प्रकरणों में लगभग 10 प्रतिशत की कमी आई है

### दिया कुमारी ने महिला दिवस पर कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को शुभकामनाएं प्रेषित की

कार्यक्रम में मौजूद उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अपने भाषण में कहा कि यहां कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं को देखकर उन्हें काफी खुशी और गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में हमारी सरकार ने महिलाओं के कल्याण और विकास तथा सुरक्षा के लिए कई बड़े कदम उठाए हैं जिसका महिलाओं को फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यहां महिलाओं की उपस्थिति से ही यह जाहिर हो रहा है कि इस समय प्रदेश में महिलाओं के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव आ रहा है यह बदलाव केंद्र की मोदी और हमारी भजनलाल सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हमारी सरकार महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए कृत संकल्प है और आने वाले दिनों में और भी अच्छे फैसले हमारी सरकार लेगी उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को इंगित करते हुए कहा कि उन्हें बिल्कुल भी चिंतित नहीं होना है क्योंकि सरकार की तिजोरी की चाबी उनके खुद के पास में है इसलिए महिलाओं के कल्याण और विकास के लिए हमारी सरकार कोई कमी बाकी नहीं छोड़ेगी ।

### कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खाद्य और नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने पेट्रोल और डीजल के मूल्य में कमी कर श्री गंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों को बड़ी राहत दी है। बिजली आपूर्ति के अलावा नेहरू पानी की उपलब्धता के लिए 5000 करोड रुपए देकर किसानों को हमारी सरकार ने बड़ी राहत दी है। उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में कार्य किया है किसान युवा मजदूर महिला के कल्याण और विकास को प्राथमिकता मानते हुए सरकार ने निर्णय और फैसले लिए हैं जिसका अच्छा असर प्रदेश में देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में जितने कार्य किए उतने कार्य पिछली सरकार ने पूरे 5 साल में भी नहीं किए थे सुमित गोदारा ने कहा कि हमारी सरकार ने पानी बिजली सड़क चिकित्सा शिक्षा स्वास्थ्य उद्योग रोजगार युवा विकास इत्यादि सभी क्षेत्र में शानदार काम किया है उन्होंने कहा कि महिलाओं के सतत विकास के लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही है ।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को केंद्र में रखकर किया नीतियों का निर्माण

*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं को केंद्र में रखकर नीतियों का निर्माण किया है उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा के लिए स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत 12 करोड़ से अधिक शौचालय का निर्माण करवाया उज्ज्वला योजना में 11 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने 70 प्रतिशत से अधिक घर महिलाओं के नाम या संयुक्त नाम पर होने से तथा नारी शक्ति बंधन अधिनियम के तहत संसद और विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण से महिला उत्थान और सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ है ।मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण और उनकी सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। राज्य में 16 लाख से अधिक लखपति दीदी बनाई गई है तथा 139000 स्वयं सहायता समूह को 679 करोड रुपए की आजीविका सहायता उपलब्ध करवाई गई है मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना के अंतर्गत 19 लाख से अधिक महिलाएं पेंशनर को 6876 करोड रुपए और मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 27000 से अधिक कन्याओं के विवाहों के लिए 101 करोड रुपए की सहायता उपलब्ध करवाई गई है । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी अंचलों का विकास सुनिश्चित कर रही है वित्तीय वर्ष 2026 में गेहूं की एमएसपी पर 150 के अतिरिक्त बोनस से गंगानगर हनुमानगढ़ क्षेत्र के कृषक को विशेष रूप से लाभ होगा, आईजीएनपी और गंग नहर में पुनर्निर्माण और फिरोजपुर फीडर विकास कार्य से किसानों की समृद्धि का मार्ग प्रशस्त हुआ है उन्होंने कहा कि हनुमानगढ़ में खालों के निर्माण के लिए 500 करोड रुपए भी दिए गए हैं ।*

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हनुमानगढ़ में 1008 करोड रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यक्रम में हनुमानगढ़ में 1008 करोड रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया इन विकास कार्यों से निश्चित रूप से हनुमानगढ़ जिले की विकास की गाथा बुलंदियों पर पहुंचेगी कई तरह के विकास कार्य हैं जिनके माध्यम से लोगों को काफी फायदा मिलेगा, इस मौके पर मुख्यमंत्री शर्मा ने लाडो प्रोत्साहन योजना पोर्टल लॉन्च किया लाडो प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना, और बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना के तहत लाभार्थियों को डीबीटी के माध्यम से राशि का अंतरण किया इसके अलावा पीएम सम्मन निधि योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना और स्वयं सहायता समूह को ऋण वितरण के प्रतीकात्मक चेक भी सोपे तथा साथहीन मार्गदर्शिका का डिजिटल लॉन्च और पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के तहत पुरस्कार भी वितरित किए रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी महिला पुलिस अधिकारियों के हाथों में थी मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस की वर्दी में महिलाओं को देखकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा काफी खुश और प्रभावित दिखे मुख्यमंत्री शर्मा ने यहां प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया इस प्रदर्शनी में महिलाओं से जुड़ी योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में बताया गया था उन्होंने कार्यक्रम में मौजूदगर्भवती महिला दिव्या की गोद भराई कर पोषण किट भी दिया इसके अलावा 6 महीने के शिशु को अन्नप्राशन भी करवाया, मुख्यमंत्री शर्मा ने दिव्यांग जनों को व्हीलचेयर और श्रवण यंत्र भी वितरित किए

# देश की आजादी में चूरू के वीरों का बड़ा योगदान, सैनिक और सैनिक परिवारों के कल्याण के लिए हमारी सरकार कृत संकल्प : सीएम

**भजनलाल शर्मा ने चूरू के जिला खेल स्टेडियम का नाम लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह के नाम पर रखने की घोषणा की, कार्यक्रम में पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड़ चूरू विधायक हरलाल सहारण, पूर्व विधायक राजकुमार रिणवा सहित पार्टी के कई विधायक और संगठन से जुड़े नेता तथा मिलिट्री के अधिकारी मौजूद रहे, कार्यक्रम में करीब 6000 से ज्यादा पूर्व सैनिक और सैनिक परिवारों के लोग मौजूद रहे**

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश की आजादी में चूरू के वीरों का बड़ा योगदान रहा है और आजादी के बाद भी जितने भी युद्ध भारत ने लड़े हैं उनमें शेखावाटी और चूरू के सैनिकों ने भूतपूर्व प्रदर्शन करके राजस्थान का नाम रोशन किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान की वीर भूमि शेखावाटी चूरू हमेशा प्रेरणा देती है राजस्थान की संस्कृति हमेशा वीरता की प्रेरणा देती है राजस्थान के वीरों ने राजस्थान का नाम वीरता में अमर किया है। मुख्यमंत्री शर्मा रविवार को चूरू में जिला खेल स्टेडियम पर आयोजित गौरव सेनानी समारोह मैं बोल रहे थे कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल मनिंदर सिंह, भाजपा के नेता राजेंद्र राठौड़, चूरू विधायक हरलाल सहारण और कई अन्य जनप्रतिनिधि तथा पार्टी के संगठन से जुड़े नेता भी मौजूद थे। कार्यक्रम में करीब 6000 सैनिक और सैनिक परिवारों के सदस्यों के अलावा शहीद सैनिकों की माताएं, बहन और वीरांगनाएं मौजूद थी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने सैनिक, पूर्व सैनिक और सैनिक परिवारों के कल्याण और भलाई के लिए कई कदम उठाए हैं इसके लिए एक तरफ जहां सैनिकों के मानदेय, पेंशन इत्यादि में बढ़ोतरी की गई है तो दूसरी तरफ प्रदेश भर के सैनिक और सैनिक परिवारों तथा पूर्व सैनिकों की सुविधा के लिए जिला स्तर पर ही कार्यालय खोले जा रहे हैं ताकि सैनिकों को अपने जरूरी कार्य के लिए लंबा सफर तय करना नहीं पड़े। उन्होंने कहा कि सैनिक कभी भी रिटायर नहीं होता सैनिक जब रिटायर होकर अपने घर और गांव आता है तब भी वह हमेशा समाज प्रदेश और देश के विकास कार्यों और सामाजिक कार्यों में अपनी अग्रणी भूमिका निभाता है इसलिए हम सब का भी दायित्व बनता है कि हम सैनिकों पूर्व सैनिकों और सैनिक परिवारों के कल्याण और भलाई के लिए तत्पर रहे और समय-समय पर इनका सम्मान करते रहें। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत पूरी दुनिया में सुरक्षा के मामले में काफी मजबूत हुआ है। आज दुनिया का कोई भी देश भारत से आंख नहीं मिला सकता क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर और सर्जिकल स्ट्राइक जैसे अभियानों से भारत ने पूरी दुनिया को अपने युद्ध कौशल और सैन्य शक्ति से अवगत करवा दिया है। उन्होंने कहा कि भारत आज युद्ध सामग्री का उत्पादन करने में भी आत्मनिर्भर बन गया है आज भारत में युद्ध सामग्री के बड़े-बड़े यंत्र उपकरण और हथियार बनाए जा रहे हैं जिसकी वजह से दुनिया भर के बड़े-बड़े देश भारत की ओर देख रहे हैं यह सब जो करिश्मा हुआ है वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बदौलत ही हुआ है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश की आजादी में भी चूरू के वीरों ने बड़ी भूमिका निभाई और देश की आजादी के बाद से लेकर अब तक प्रदेश के शेखावाटी के सैनिकों ने देश की रक्षा में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं जिसमें कई सैनिक शहीद भी हुए लेकिन भारत के जल थल और एयरफोर्स में शेखावाटी और चुरु के युवा बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दिखा रहे हैं जो यह बताता है कि शेखावाटी के लोग देश की सुरक्षा के लिए और राष्ट्रभक्ति के लिए कितने समर्पित हैं उन्होंने कहा कि चाहे 1965 का युद्ध हो या फिर 1971 का पाकिस्तान से लड़ा गया युद्ध 1971 के युद्ध में चूरू के वीर सगत सिंह ने जो युद्ध कौशल दिखाया वह हम सबके लिए गौरव और प्रेरणादायक है उन्होंने कहा कि आज इस कार्यक्रम में पूर्व सैनिक सैनिक और सैनिक परिवारों के बीच खुद को देखकर उन्हें काफी गर्व महसूस हो रहा है और इस पल को वह अपनी जिंदगी में कभी नहीं भूल पाएंगे उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सैनिकों और उनके परिवारों की भलाई और कल्याण के लिए सतत रूप से कार्य करती रहेगी ।



# महिला सशक्तिकरण से राजस्थान बनेगा अग्रणी राज्य : जोगाराम पटेल

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला स्तरीय समारोह

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नारी ही प्रगति की धुरी और महिला सशक्तिकरण से राजस्थान देश का अग्रणी राज्य बनेगा। यह कहना है जिला प्रभारी मंत्री श्री जोगाराम पटेल का। पटेल ने हरीश चंद्र माथुर राज्य लोक प्रशासन संस्थान के भगवत सिंह सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक, राजनीतिक और शैक्षणिक रूप से सशक्त तथा आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर महिला ही सही अर्थों में राजस्थान को देश में अग्रणी राज्य बना सकती है। जोगाराम पटेल ने कहा कि किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना संभव नहीं है। महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के अवसर उपलब्ध कराकर ही एक सशक्त और समृद्ध समाज की स्थापना की जा सकती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से निरंतर प्रयास कर रही है। जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर आगे बढ़ना चाहिए और समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। प्रभारी मंत्री ने इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा समाज हित में किए जा रहे त्याग और समर्पण को भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रतिदिन 2 से 5 किलोमीटर तक पैदल चलकर छह वर्ष से कम आयु के बच्चों की मां के समान देखभाल करती हैं तथा किशोरियों और धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य का भी ध्यान



रखती हैं। उनका यह समर्पण समाज के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को सशक्त नारी, सशस्त्र राजस्थान थीम पर जिला प्रशासन जयपुर व महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला प्रमुख रमा देवी चोपड़ा ने कहा कि हमारे राष्ट्र की प्रमुख द्रौपदी मुर्मू एक आदिवासी महिला हैं। उन्होंने कहा कि घर को स्वर्ग बनाने वाली भी मातृशक्ति ही है और आज महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश और प्रदेश को प्रगति के पथ पर अग्रसर कर रही हैं। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों की प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर (उत्तर) जयपुर मुकेश कुमार मूंड, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक राजेश डोगीवाल तथा महिला व बाल विकास विभाग की उप निदेशक श पार्थवी शर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं और महिलाओं के हित में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठनों की प्रतिनिधि उपस्थित रहीं।

**महिला सम्मान समारोह का आयोजन :**

# राज्य सरकार की योजनाओं से महिलाओं के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव: राज्यवर्धन राठौड़

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि महिलाओं की तरक्की में सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना से धरातल पर सकारात्मक बदलाव सामने आने लगे हैं। आज देश के हर क्षेत्र में महिलाएं बेहतरीन प्रदर्शन कर रही हैं। वर्ष 2014 के बाद से महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक नई चर्चा शुरू हुई है।कर्नल राठौड़ रविवार को कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित महिला सम्मान समारोह एवं परिचर्चा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की योजनाओं से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आए हैं। महिलाओं को उद्यम से जोड़ने के लिए उद्योग विभाग की विभिन्न योजनाओं में अतिरिक्त सब्सिडी सहित अन्य प्रावधान किए गए हैं। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में महिलाओं की बड़ी भूमिका है। विकसित भारत-2047 के विजन में गांव-कस्बों में महिलाओं द्वारा चलाए जाने वाले छोटे-छोटे उद्यमों का महत्वपूर्ण योगदान होगा। आज औद्योगिक क्षेत्र में भी महिलाएं बेहतरीन प्रदर्शन कर रही हैं। उन्होंने सफल महिला उद्यमियों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक महिलाओं को प्रोत्साहित करें और उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़ें, ताकि सभी को इनका लाभ मिल सके। कर्नल राठौड़ ने उद्यमी, खिलाड़ी और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 11 महिलाओं को एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया। विभाग में कार्यरत महिला कार्मिकों को भी विशेष कार्यों के लिए सम्मानित किया। साथ ही, एक शहीद आश्रित की पुत्री को उद्योग प्रसार अधिकारी पद के लिए नियुक्ति पत्र भी प्रदान किया। योजनाओं के तहत 2 महिलाओं को ऋण के चेक, 9 महिलाओं को स्वीकृति पत्र और 2 महिलाओं को रीको के तहत भूमि आवंटन पत्र भी प्रदान किए गए। इससे पहले ओडीओपी नीति के तहत आईसीईएस की 'कौशल वाहिनी- स्किल ऑन व्हील्स' को झंडी दिखाकर शिल्पकारों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ किया।




CMYK

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
09 मार्च, 2026


## महिला दिवस पर 14 महिला रक्तदाताओं का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सेठ माखन लाल महावर चेरिटेबल ब्लड बैंक सोसाइटी के तत्वाधान में ब्लड बैंक परिसर, मोती डूंगरी में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर 14 महिला रक्तदाताओं को उनके सराहनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया तथा महिलाओं को समाज में अधिक से अधिक रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में ब्लड बैंक ट्रस्ट की प्रेसिडेंट डॉ. सरोज गुप्ता, डॉ. स्वाति झालानी एवं मंजू चौधरी अग्रवाल ने महिला रक्तदाताओं को सम्मानित कर उनके सामाजिक योगदान की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से रक्तदान जैसे पुण्य कार्य को नई ऊर्जा मिलती है और इससे समाज में जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम के अंत में सोसाइटी के सचिव मधुर अग्रवाल ने सभी अतिथियों व रक्तदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने सभी को प्रोत्साहित करने के लिए एक प्रेरणादायक कविता भी प्रस्तुत की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने समाज में रक्तदान के महत्व को बढ़ावा देने का संकल्प भी लिया।


## वन राज्यमंत्री शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 'FIT WOMEN NATION' महिला मैराथन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पुरजन विहार (कंपनी बाग) से आयोजित 'FIT WOMEN NATION' महिला मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सभी माताओं, बहनों और बेटियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने में महिलाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि मैराथन महिलाओं के स्वास्थ्य, फिटनेस, सशक्तिकरण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में कारगर साबित होगी। उन्होनें कहा कि महिलाएं हमारे समाज की रीढ़ हैं और उनकी ऊर्जा से ही राष्ट्र मजबूत होता है। उन्होनें कहा कि मैराथन जैसी पहलें ना केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देती हैं, बल्कि सामाजिक समानता एवं महिला सशक्तिकरण के लक्ष्य को भी प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होती हैं। मैराथन में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां एवं विभिन्न आयु वर्ग की प्रतिभागी शामिल हुईं।

## श्री अयोध्या धाम आश्रम में लोककल्याण की कामना के साथ संपन्न हुआ मासिक रामचरितमानस पाठ



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** शहर के चेतन एंक्लेव के पास जयपुर रोड पर स्थित श्री अयोध्या धाम आश्रम में रविवार को संगीतमय श्रीरामचरितमानस पाठ विश्व कल्याण की भावना के साथ संपन्न हुआ।प्रत्येक मास के प्रथम शनिवार को आरंभ होने वाला मानस पाठ आश्रम के सेवकों द्वारा प्रातः 9 बजे आरंभ हुआ। आश्रम के लक्ष्मीनारायण वैष्णव ने बताया कि विधि विधान से पूजन के साथ संगीतमय आरती भी हुई। रविवार को प्रातः रामायण पाठ संपन्न होने पर आश्रम के पूज्य महंत बाबा गंगादास जी महाराज के पावन सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न हुआ। इस मौके पर मुख्य रूप से प्रीति खंडेलवाल नितिन खंडेलवाल, किरण देवी संजय तोमर, भैरोंसिंह, जोगेंद्र सिंह, हनुमान शर्मा, फूलचंद सैन, क्षितिज माथुर, ओमप्रकाश महावर बिहारी पाराशर, कैलाश शर्मा, पदम शर्मा, कपिल शर्मा, नवीन कुमार, होतीलाल, रिपुदमन सिंह, सूरज कुमार, निशा शर्मा, नीतू शर्मा, राजेंद्र शर्मा, युगलकिशोर, अजय शर्मा, राजेंद्र चौधरी समेत अनेक श्रद्धालु शामिल हुए। हवन के पश्चात आरती हुई और भोग लगाकर प्रसाद का वितरण किया गया। आश्रम के महंत पूज्य संत श्री गंगादास महाराज ने बताया कि आश्रम में मानस पाठ की परंपरा अति प्राचीन है। यहां मासिक श्रीरामचरितमानस पाठ होते है, श्रद्धालुगण रामचरितमानस रस में डुबकी लगाकर अपना जीवन धन्य करते हैं।

## पूर्व विधायक की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** विवेक सुषमा धाकड़ स्मृति चेरेटिबल ट्रस्ट की बैठक ट्रस्ट की चेयरमैन दीपशिखा धाकड़ की अध्यक्षता में आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सीनियर सैकंडरी स्कूल प्रांगण में आयोजित हुई। बैठक में आगामी 4 अप्रैल को पूर्व विधायक विवेक धाकड़ की मूर्ति के अनावरण कार्यक्रम



की तैयारियों की चर्चा कर अलग- अलग जिम्मेदारी दी गई। वहीं ट्रस्ट की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर केक काट कर महिलाओं का सम्मान किया।विधान सभा क्षेत्र, जिला स्तरीय मीडिया को आमंत्रण के लिए पत्रकार भंवर धाकड़, नरेश धाकड़, अर्जुन धाकड़ और प्रशासनिक अधिकारियों को आमंत्रित करने के लिए एडवोकेट पंकज धाकड़ और अनिल धाकड़ को जिम्मेदारी दी गई।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम हुआ आयोजित

**जिला स्तरीय कार्यक्रम में पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना तथा माता यशोदा पुरस्कार से 19 साथिन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित**





जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को प्रताप ऑडिटोरियम में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हनुमानगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का लाइव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के उद्बोधन को तन्मयता से सुना तथा राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लाडो प्रोत्साहन योजना पोर्टल और साथिन डिजिटल मार्गदर्शिका को भी लांच किया।

**जिला स्तरीय पर 19 साथिन, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका को उत्कृष्ट कार्य के लिए किया गया सम्मानित**

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला सहित अतिथियों द्वारा पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना 2026 के अंतर्गत रामगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत ढाढोली निवासी ज्योति रानी को सर्वश्रेष्ठ साथिन के रूप में 11 हजार रुपए की पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार माता यशोदा पुरस्कार से 9 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को 5100-5100 रुपए एवं 9 सहायिका को 2100-2100 रुपए पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सोनम सिंह, उषा शर्मा, सुनीता रानी, सुनीता गुप्ता, अनीता शर्मा, धुड़ी देवी, इंदू, फरमीना, सुनीता जाटव एवं सहायिका सरोज गुप्ता, कांता देवी, अफरोज खान, चंदा टांक, संगीता यादव, अनीता मीणा, सोमवती, अनीता यादव, भावना शर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं एवं महिलाओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी। जिस पर अतिथियों ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाली बालिकाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षाविद दिनेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला, अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम बीना महावर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सालुखे गौरव रवीन्द्र, प्रशिक्षु आईएएस ऐश्वर्यम प्रजापति, यूआईटी के भूमि आवाप्ति अधिकारी जितेंद्र सिंह नरुका, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक रिषीराज सिंघल, आईसीडीएस विभाग उपनिदेशक महेश गुप्ता, पर्यटन विभाग की उपनिदेशक टीना यादव, पीडब्ल्यूडी की अधिशाषी अभियंता अलका व्यास सहित बड़ी संख्या में बालिकाएं एवं महिलाएं मौजूद रही।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस :

## निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर एवं एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वाई पी एस एम होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, अलवर एवं HMAI अलवर यूनिट के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक NEB 4/46 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अलवर में निःशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर एवं एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह शिविर डॉ. मनी कुंतल के प्रभारीत्व में आयोजित किया गया तथा शिविर के कैंप कोऑर्डिनेटर डॉ. अजीत सिंह, प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (कम्युनिटी मेडिसिन), YPSM होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, अलवर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में HMAI अलवर यूनिट के अध्यक्ष डॉ. एस.एस. कुंतल, वरिष्ठ महिला होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. विमलेश कुंतल, डॉ. कुलदीप कुंतल, HMAI के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. एस.बी. सरस्वत, तथा डॉ. अशोक पाठक (डीन अकादमिक) का विशेष सहयोग एवं सान्निध्य रहा। शिविर पूर्व निर्धारित समय प्रातः 10 बजे प्रारंभ हुआ। शिविर में महिला रोगियों के साथ-साथ सभी आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं तथा स्त्री-पुरुषों की लंबी कतार लगी रही। इस अवसर पर डॉ. अजीत सिंह, डॉ. एस.बी. सरस्वत, डॉ. वेसाली



गुप्ता, डॉ. सोमेंद्र यादव, डॉ. विमलेश कुंतल, डॉ. कुलदीप कुंतल एवं इंटर्न डॉ. दीक्षा तथा लोकेश ने चिकित्सा सेवाएं प्रदान कीं। साथ ही वरिष्ठ नागरिक एवं समाजसेवी गिरिराज गुप्ता ने भी शिविर के संचालन में सहयोग दिया। शिविर में लगभग 35 महिला एवं अन्य रोगियों का निःशुल्क होम्योपैथिक परामर्श किया गया तथा उन्हें निःशुल्क होम्योपैथिक औषधियों का वितरण किया गया। साथ ही महिलाओं में एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श भी दिया गया।

## जीवेश श्रोत्रिय का UPSC सिविल सेवा में चयन, अलवर में हुआ भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा में जयपुर निवासी जीवेश श्रोत्रिय के चयन होने पर समाज में खुशी की लहर है। जीवेश श्रोत्रिय ने इस परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 446 प्राप्त कर अपने परिवार, शहर और प्रदेश का नाम रोशन किया है। दिल्ली से जयपुर जाते समय अलवर में उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आर. के. शर्मा सीएमआई के साथ समाजसेवी राजेश जोशी, पूर्व एस.एस. के.एल. शर्मा, इन्द्रजीत सैनी, राकेश शर्मा, अनिल शर्मा, विष्णु शर्मा (रीडर), नरेश चौधरी, गर्भस्थ शिशु संरक्षण समिति के जिलाध्यक्ष अरविंद जोशी तथा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लखन जोशी, चंचल अवस्थी, मुरारी पाराशर सहित अनेक लोगों ने उनका स्वागत कर शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी जीवेश श्रोत्रिय का चयन केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (CISF) में असिस्टेंट कमांडेंट पद पर ऑल इंडिया रैंक 40 के साथ हो चुका है और वे वर्तमान में इसी पद पर कार्यरत हैं। जीवेश श्रोत्रिय की यह UPSC CSE की चौथी कोशिश थी, जिसमें उन्होंने सफलता प्राप्त की। उनके पिता रामधन शर्मा सेवानिवृत्त DEO हैं, जबकि माता उमा शर्मा गृहिणी हैं। उनके भाई आयुष श्रोत्रिय भी सिविल सेवा में हैं और वे भारतीय पुलिस सेवा (IPS) के अधिकारी हैं। आयुष श्रोत्रिय को 2023 बैच में राजस्थान कैडर मिला है। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों और शुभचिंतकों ने जीवेश श्रोत्रिय को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## गृह राज्यमंत्री बेढम ने टहला में किया स्व. हेमसिंह भडाना व कर्नल किरोडी सिंह बैंसला की प्रतिमा का अनावरण

### प्रतिभावान विद्यार्थियों और युवाओं को किया सम्मानित, कडी मेहनत व दृढसंकल्प से सपनों को साकार करने का दिया संदेश



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने रविवार को थानागाजी के टहला में देवनारायण मंदिर परिसर में आयोजित मूर्ति अनावरण, प्रतिभा सम्मान समारोह, मेला और भंडारे के कार्यक्रम में शिरकत कर पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व. हेमसिंह भड़ाना एवं गुर्जर समाज के प्रमुख नेता कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया। गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम अपने संबोधन में कहा कि समाज के महान नेताओं और समाजसेवियों की प्रतिमाएं आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देने का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्रा में आगे बढ़कर काम करना चाहिए, जिससे प्रधानमंत्री के विकसित भारत के सपने को साकार किया जा सके। उन्होंने कहा कि कर्नल किरोड़ी सिँह बैंसला के सामाजिक योगदान चीर स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के जीवन चरित से सीख लेकर उन्हें आत्मसात करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री हेमसिंह भडाना स्वभाव से सरल, सतत समर्पण एवं विषम परिस्थितियों में काम करने वाले व्यक्ति के रूप में अपनी पहचान रखते थे। उन्होंने थानागाजी क्षेत्र के विकास को आगे बढाते हुए वंचित व अंतिम पंक्ति के लोगों को आगे लाने के लिए निरन्तर सकारात्मक भाव से काम किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसान, युवा, महिला व गरीब को आगे बढाने के लिए कृतसंकल्पित होकर काम कर रही है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने शिक्षा, खेल और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों और युवाओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कडी मेहनत और दृढसंकल्प से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। अतः युवा अपना लक्ष्य निर्धारित कर अपने माता-पिता के सपनों को साकार करें। कार्यक्रम में कृष्णा हेम सिंह भड़ाना ने अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें बडी संख्या श्रृद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, पूर्व मंत्री शकुन्तला रावत, पूर्व विधायक रामहेत यादव, गजराज खटाना, बन्नाराम मीणा, डी.आर पटेल, मानसिंह गुर्जर, प्रेम पटेल, मूलचंदगुर्जर , शिवलाल गुर्जर, धीरेन्द्र खटाना, सुरेन्द्र भड़ाना सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## सशक्त नारी-सशक्त राजस्थान के संकल्प के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोहपूर्वक मनाया



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन रविवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में 'सशक्त नारी-सशक्त राजस्थान' के ध्येय के साथ समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने की। इस अवसर पर जिले भर से आई महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और समाज निर्माण में उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट सहित महिला एवं बाल विकास विभाग की सीडीपीओ बिना गुप्ता, ब्लॉक सीडीपीओ सुनीता तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### विकसित समाज की नींव है महिला

अपने संबोधन में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने कहा कि महिलाओं को प्रोत्साहन और सम्मान देना ही विकसित समाज की वास्तविक आधारशिला है। उन्होंने कहा कि आज की नारी हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और क्षमता का परचम लहरा रही है। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट विभागीय कार्य के लिए ओमवती शर्मा को पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान योजना के अंतर्गत 11,000 की राशि, मोमेंटो एवं प्रशंसा-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही 8 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को माता यशोदा पुरस्कार के तहत ?5,100 की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त आशा सहयोगिनियों एवं चिकित्सा कर्मियों का भी उनके सराहनीय कार्यों के लिए अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग, चिकित्सा विभाग, शिक्षा विभाग तथा राजीविका से जुड़ी महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही।

# वन राज्यमंत्री शर्मा ने अस्मिता खेलो इंडिया महिला एथलेटिक्स लीग व सम्मान समारोह का शुभारम्भ कर विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

### केंद्र और राज्य सरकार महिला उत्थान के लिए संकल्पबद्ध - वन राज्यमंत्री




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय खेल प्राधिकरण एवं माय भारत केंद्र के समन्वय से गौरी देवी महाविद्यालय में आयोजित 'अस्मिता खेलो इंडिया' महिला एथलेटिक्स लीग व सम्मान समारोह का शुभारम्भ कर विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस संपूर्ण विश्व में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संकल्पबद्धता के साथ महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा एवं विधानसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए 33' आरक्षण का प्रावधान किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को धन्यवाद देते हुए कहा कि महिलाओं की शिक्षा को प्राथमिकता देते हुए अलवर में नवीन कन्या महाविद्यालय एवं कन्या पॉलिटेक्निक कॉलेज की सौगात दी है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में सुविधाओं का विस्तार करते हुए भव्य ऑडिटोरियम एवं इंडोर बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर महाविद्यालय की बालिकाओं को निःशुल्क सरिस्का अभ्यारण्य घुमाने का भी ऐलान किया।

### ये रहे खेल स्पर्धाओं के विजेता

नेहरू युवा केंद्र कोऑर्डिनेटर पंकज यादव ने बताया कि अस्मिता लीग में 400 मीटर प्रतियोगिता में रूपा स्वामी ने प्रथम, पिंकी ने द्वितीय एवं रोहिणी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, 200 मीटर प्रतियोगिता में सिमरन ने प्रथम, पिंकी गुर्जर ने द्वितीय एवं चिड़िया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया तथा 100 मीटर प्रतियोगिता में पलक खंडेलवाल ने प्रथम, दिलशाना ने द्वितीय एवं इंसाना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार रस्साकशी प्रतियोगिता में जीडी कॉलेज ने प्रथम एवं नर्सिंग कॉलेज अलवर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा रंगोली प्रतियोगिता में गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज अलवर ने प्रथम एवं द्वितीय व नर्सिंग कॉलेज तिजारा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत 1200 से अधिक युवतियों द्वारा माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण किया गया था। लीग में आयु वर्ग अंडर 13, अंडर 18 एवं अंडर 25 में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमें जिले की बालिकाओं द्वारा बढ़-चढ़कर भाग लिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य मंजू यादव, नेहरू युवा केंद्र कोऑर्डिनेटर पंकज यादव, साईं से शिव कुमार, डॉ. दिनेश सूद, डॉ. इंदु सुद, रचना आसोपा, शेफाली सहित बड़ी संख्या में कॉलेज के छात्राएं मौजूद रही।

## बाणगंगा नदी के पानी में डूबने से तीन बच्चों की मौत, बकरी चरा रहे थे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के दोसा जिले में जसोदा गांव के पास बाणगंगा नदी के पानी में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गई है। मृतकों में दो भाई बहन हैं जानकारी के अनुसार मृतक बच्चे बकरी चराने के लिए गए हुए थे इसी दौरान बाणगंगा नदी का पानी कई जगहों पर गड्ढे के रूप में भी भरा हुआ था इसलिए माना जा रहा है कि या तो पानी पीने के दौरान बच्चों का पांव फिसल गया या फिर बच्चे नहाते नहाते गहरे पानी में चले गए जिसकी वजह से तीनों बच्चों की मौत हो गई । सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची है और तीनों बच्चों की बॉडी का पोस्टमार्टम भी करवाया जा रहा है पुलिस ने घटनास्थल का दौरा करके मामले की जांच शुरू कर दी है लेकिन इस दुखद हादसे की वजह से मृतक बच्चों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है । गांव में एक तरह से मातम छाया हुआ है इस दुखद हादसे से यह भी जाहिर हुआ है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने बच्चों के करियर को लेकर अब भी ज्यादा चिंतित नहीं रहते और कहीं ना कहीं अपनी आर्थिक स्थिति के खराब होने की वजह से बच्चों को आज भी भेड़ बकरी चराने के लिए जंगल में भेज रहे हैं जबकि जंगल में प्रदेश भर में पिछले कुछ महीनो से लेपर्ड और पैंथर के हमले से लोग घायल भी हो रहे हैं इसके बावजूद भी प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपने बच्चों को जानबूझकर मौत सुनसान जंगल में भेड़ बकरी के साथ भेज देते हैं और फिर यह इस तरह के दुखद घटनाएं घट जाती है । पुलिस और जिला प्रशासन का भी कहना है कि इस तरह के मामलों में ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए जब गांव के नजदीकी एक बड़ी नदी बहती है तो छोटे-छोटे बच्चों को नदी के आसपास नहीं भेजना चाहिए ।

## टोंक में दो संप्रदायों में आपस में पथराव का मामलाः पुलिस ने ड्रोन से मकान की छत का किया निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के पुरानी टोंक शहर इलाके में पिछले दिनों दो संप्रदायों के बीच आपस में हुई हिंसक झड़प के मामले में टोंक पुलिस की कार्रवाई तेजी से आगे बढ़ रही है। इस मामले में पुलिस ने 7 लोगों को अरेस्ट भी किया है और बाकी लोगों की तलाश भी की जा रही है इसके अलावा इलाके में शांति व्यवस्था बनी रहे और दोबारा से माहौल बिगड़े नहीं इसके लिए पुलिस ने इलाके में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया है तथा पुलिस की टीम ड्रोन की सहायता से इलाके में मकान की गतिविधियों की निगरानी कर रही है मकान की छत पर जहां पत्थर पड़े हुए हैं उन्हें हटाने के पुलिस ने निर्देश भी दिए हैं । जानकारी के अनुसार पुलिस ने इलाके में मकान की छत का निरीक्षण करने के लिए ड्रोन से सर्वे किया तो सामने आया कि इलाके में कई मकानों की छत पर भारी मात्रा में पत्थर अब भी रखे हुए हैं इसलिए जिन मकान की छत पर पत्थर रखे हुए हैं उन्हें पत्थर हटाने को कहा गया है जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले ही पुरानी टोंक इलाके में दो संप्रदायों के बीच आपस में हुई जोरदार टकराव की वजह से मौके पर जो टेंशन की स्थिति बनी हुई थी वह टेंशन अभी दूर नहीं हुआ है इसलिए पुलिस और जिला प्रशासन इलाके की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखे हुए हैं रमजान का महीना चल रहा है और रोजाना मुस्लिम संप्रदाय के लोग नमाज भी अदा कर रहे हैं इसलिए रमजान के महीने में किसी भी तरह की अशांति का माहौल पैदा ना हो इसलिए इलाके में अभी भी बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती रखी गई है इसके अलावा शहर के सामाजिक व्यापारिक संगठन से जुड़े लोगों के साथ पुलिस के अधिकारी नियमित रूप से बातचीत करके शहर में कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास में तेजी से कार्य कर रहे हैं लेकिन पुलिस दंगा करने वाले लोगों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई कर रही है इसलिए पुलिस अभी उन लोगों की भी तलाश कर रही है जिन्होंने पिछले दिनों दंगा भड़काने में अपनी भूमिका निभाई थी ।

## मैंगो मसाला रेस्टोरेंट पर छापामार कार्रवाई, भारी मात्रा में जीएसटी चोरी करने का आरोप

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** अजमेर स्थित प्रमुख मैंगो मसाला मसाला रेस्टोरेंट पर केंद्रीय जीएसटी की टीम ने रविवार को छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया । खबर लेकर जाने तक अधिकृत रूप से यह तो जानकारी नहीं मिल पाई कि अब तक की जांच पड़ताल में रेस्टोरेंट के संचालकों ने जीएसटी की कितनी चोरी की है लेकिन इतना जरूर है कि प्रारंभिक जांच पड़ताल में ही रेस्टोरेंट में भारी मात्रा में जीएसटी की चोरी किए जाने का खुलासा हुआ है क्योंकि इस रेस्टोरेंट में ग्राहकों से बिना बिल के भुगतान लिया जाता था । यहां रोजाना बड़ी संख्या में ग्राहक आते हैं इसलिए इस रेस्टोरेंट के बारे में जीएसटी विभाग के बड़े अधिकारियों को लगातार शिकायत मिल रही थी कि यहां पर नियम और कानून को दरकिनार करके यहां जीएसटी की चोरी करके सरकार को लाखों रुपए का नुकसान पहुंचाया जा रहा है। केंद्रीय जीएसटी विभाग की टीम ने मिली शिकायतों के आधार पर अपने स्तर पर रेस्टोरेंट की गतिविधियों का पता लगाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद रविवार को जीएसटी विभाग की टीम ने इस रेस्टोरेंट पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया। मौके पर केंद्रीय सुरक्षा बलों की सहायता भी ली गई है जानकारी के अनुसार जीएसटी विभाग की रेस्टोरेंट पर हुई छापामार कार्रवाई के दौरान रेस्टोरेंट से बरामद किए गए दस्तावेजों में कई तरह की गंभीर गलतियों और त्रुटियां पाई गई है तथा छापामार कार्रवाई के दौरान रेस्टोरेंट में आने जाने वाले लोगों पर प्रतिबंध भी लगा दिया गया तथा रेस्टोरेंट के प्रशासन से जुड़े लोगों और कर्मचारियों से भी जीएसटी विभाग की टीम ने पूछताछ की है। जानकारी के अनुसार अजमेर में रविवार को जिस रेस्टोरेंट पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया वह रेस्टोरेंट शहर का प्रमुख रेस्टोरेंट है और इस रेस्टोरेंट में बड़े-बड़े राजनेता बड़े-बड़े उद्योगपति बड़े-बड़े कारोबारी नियमित रूप से आते रहते हैं लेकिन यहां पर बिना बिल के ही उपभोक्ताओं से पैसे वसूल किए जाने की शिकायतें भी मिल रही थी इसीलिए जीएसटी विभाग की टीम ने यहां रविवार को बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया ।

## रणथंभौर अभयारण्य में बाघ 2407 का रणथंबोर रोड पर मूवमेंट, वन विभाग की कड़ी निगरानी

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में सवाई माधोपुर जिले में स्थित विश्व विख्यात रणथंभौर अभयारण्य में बाघ 2407 का मूवमेंट रणथंबोर मार्ग पर होटल के पास नर्सरी वृक्ष कुंज इलाके में देखा गया। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की स्पेशल टीम बाघ 2407 की निगरानी कर रही है। इस बाघ को अभेडा बायोलॉजिकल पार्क में शिफ्ट करने के लिए कुछ दिन पहले ही पत्र लिखा गया है वन विभाग की विशेष टीम इस बाघ की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रख रही है जिस तरह से यह बाग रणथंभौर रोड पर नजर आया है उसके बाद वन विभाग के अधिकारियों पर कर्मचारी की मुश्किलें काफी बढ़ गई है क्योंकि रणथंबोर रोड इलाके में टाइगर के हमले की घटनाएं मीडिया की सुर्खियों में रही है इसलिए बाघ पर कड़ी नजर रखी जा रही है गौरतलब है कि कुछ महीने पहले ही रणथंभौर टाइगर रिजर्व में जोगी महल के पास बाघ ने वनकर्मी देवेंद्र चौधरी पर हमला बोल दिया था और देवेंद्र चौधरी को टाइगर उठाकर ले गया था हालांकि सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर गई और बड़ी मुश्किल से टाइगर के चुंगल से देवेंद्र चौधरी को छुड़वाया था लेकिन तब तक देवेंद्र चौधरी की मौत हो चुकी थी इस मौत के बाद वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में भी शोक की लहर फैली गई थी ।

# वसुंधरा राजे के समर्थकों ने अलग-अलग अंदाज में मनाया राजे का जन्मदिन, देश भर के नेताओं ने जन्मदिन की दी बधाई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के जन्मदिन पर रविवार को राजधानी जयपुर सहित पूरे प्रदेश में वसुंधरा राजे के समर्थकों ने अलग-अलग अंदाज में और अलग-अलग तरीके से मनाया कहीं पर लोगों ने वसुंधरा राजे के जन्मदिन को सेवा दिवस के रूप में मनाया तो कहीं पर वसुंधरा राजे के स्वस्थ और लंबे जीवन की कामना के लिए सुंदरकांड के पाठ, हवन यज्ञ इत्यादि का आयोजन किया गया, वसुंधरा राजे को उनके जन्मदिन पर देश भर के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी बधाई दी है। वसुंधरा राजे राजस्थान की दो बार मुख्यमंत्री रह चुकी है तथा पूर्व में अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व वाली केंद्रीय सरकार में मंत्रिमंडल का सदस्य भी रही है। वसुंधरा राजे वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त हैं



रविवार कोई 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पूरे विश्व में मनाया गया इसलिए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वसुंधरा राजे का जन्मदिन आना भी अपने आप में सौभाग्य की बात है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष सतीश पूनिया, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, राजस्थान विधानसभा में विपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने भी वसुंधरा राजे के जन्मदिन पर सोशल मीडिया के माध्यम से बताई प्रेषित की है। जानकारी के अनुसार वसुंधरा राजे झालावाड़ लोकसभा सीट से सांसद रह चुकी हैं हालांकि पिछले चार लोकसभा चुनाव में उनके पुत्र दुष्यंत सिंह लगातार सांसद निर्वाचित होते आ रहे हैं लेकिन राजनीतिक विश्लेषक यह भी मानते हैं कि दुष्यंत सिंह को उनकी मां की लोकप्रियता की वजह से ही चुनाव में जीत मिलती है हाडोती आंचल में वसुंधरा राजे भारतीय जनता पार्टी की सबसे लोकप्रिय नेता मानी जाती हैं इसलिए रविवार को झालावाड़ कोटा बूंदी बारा इत्यादि शहरों में वसुंधरा राजे के समर्थकों ने और भारतीय जनता पार्टी के छोटे-बड़े सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग अंदाज में वसुंधरा राजे के जन्मदिन को सेलिब्रेट किया। राजधानी जयपुर में भी कई जगहों पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वसुंधरा राजे के जन्मदिन पर अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कहीं पर गौशालाओं में जाकर गाय को चारा डाला तो कहीं पर गरीब लोगों को वस्त्र और भोजन वितरित करके वसुंधरा राजे के स्वस्थ और लंबे जीवन की कामना की गई गौरतलब है कि वसुंधरा राजे के नेतृत्व में ही वर्ष 2003 की विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पूरा बहुमत मिला था हालांकि इससे पहले भेरू सिंह शेखावत के नेतृत्व में तीन बार राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का गठन हुआ लेकिन कभी भी भारतीय जनता पार्टी को पूरा बहुमत नहीं मिला था वसुंधरा राजे के प्रदेश अध्यक्ष रहने के दौरान 2003 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पहली बार पूरा बहुमत मिला था और 2003 में वसुंधरा राजे पहली बार राजस्थान की मुख्यमंत्री बनी लेकिन 2008 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को पराजय का सामना करना पड़ा लेकिन 2013 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक बहुमत मिला। यह चुनाव भी वसुंधरा राजे के चेहरे के तौर पर ही लड़ा गया था जिसमें तीन चौथाई से ज्यादा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी ने जीत हासिल की थी इसलिए राजस्थान भाजपा में वसुंधरा राजे का करीब दो दशक तक जबरदस्त प्रभाव रहा हालांकि वसुंधरा राजे वर्तमान में भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद पर तैनात हैं और उनकी लोकप्रियता में भी कोई ज्यादा गिरावट नहीं आई है लेकिन अब उनकी आयु ज्यादा हो चुकी है इसलिए भारतीय जनता पार्टी अब युवाओं को ज्यादा मौका देने की दिशा में कार्य कर रही है इसलिए वसुंधरा राजे को अब पार्टी के संगठन में बड़ी भूमिका देकर उनके अनुभव का फायदा लेने का प्रयास पार्टी कर रही है।

## भगोठ में तीन पैंथर सामूहिक रूप से नजर आने के बाद इलाके के लोगों में दहशत, वन विभाग और पुलिस की टीम में मौके पर पहुंची

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश में पिछले कुछ महीनो से पैंथर लेपर्ड के आवासीय बस्तियों में विचरण करने की घटनाओं से लोग दहशत में हैं पिछले कुछ दिनों से तो रोजाना ही प्रदेश में कहीं ना कहीं जंगल से निकलकर पैंथर लेपर्ड अपनी नजदीकी बस्तियों में जाकर आमजन और पशुओं पर हमला बोलते हुए नजर आ रहे हैं जिसमें लोगों की जान भी जा रही है और लोग घायल भी हो रहे हैं अभी हाल ही में नीमकाथाना के भगोठ में एक मकान के सामने तीन लेपर्ड सामूहिक रूप से लोगों ने देख तथा एक गाड़ी के सामने यह लेपर्ड रोड पर भी आ गए हालांकि लेपर्ड से किसी के जान माल का नुकसान नहीं हुआ है लेकिन लेपर्ड शिकार की तलाश में ही आए हुए थे और वह गांव में इधर-उधर घूम रहे थे जिस पर लोगों ने तुरंत पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों को सूचित किया इसके बाद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची लेकिन तब तक पैंथर गांव से जा चुके थे स्थानीय लोगों का कहना है कि यह लेपर्ड फिर से गांव में आ सकते हैं क्योंकि एक साथ तीन लेपर्ड का गांव में आना खतरे से खाली नहीं है इसलिए ग्रामीणों ने वन विभाग और पुलिस तथा जिला प्रशासन से सुरक्षा की गुहार की है फिलहाल वन विभाग की टीम लेपर्ड की तलाश में अपने स्तर पर जुटी हुई है लेपर्ड कहीं इलाके में किसी दूसरे गांव या बस्ती में तो नहीं चले गए इसके बारे में भी पता लगाया जा रहा है पुलिस और जिला प्रशासन की ओर से इलाके के सभी गांव के लोगों को अलर्ट रहने के बारे में भी चेतावनी दी गई है वन विभाग के अधिकारी यह भी कह रहे हैं कि हो सकता है लेपर्ड वापस जंगल में चले गए हो लेकिन ग्रामीणों को यही चिंता सता रही है कि लेपर्ड फिर से बस्ती में आ सकते हैं इसलिए ग्रामीण अपने स्तर पर भी लेपर्ड की निगरानी कर रहे हैं दिन और रात में लोग सामूहिक रूप से गली मोहल्ले में रहकर लेपर्ड से बचने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन यह बात जरूर है कि इस बार पिछले कुछ महीनो में जिस तरह से प्रदेश भर में वन्य जीवों के जंगल छोड़कर नजदीक की बस्तियों में आने की खबर मीडिया की सुर्खियों में बनी हुई है उसकी वजह से लोगों में पैंथर लेपर्ड और अन्य वन्य जीव को लेकर दहशत जरूर बनी हुई है उल्लेखनीय है किशनिवार को ही एक सियार ने बच्ची को घायल कर दिया था

## एमपी से टहलते टहलते बारा के जंगल में आए टाइगरों को वापस एमपी नहीं भेजने की मांग को लेकर लोगों का विशाल प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पिछले दिनों मध्य प्रदेश के ब्क्रोनो नेशनल पार्क से अपने आप ही टहलते टहलते प्रदेश के बारा जिले के मांगरोल इलाके के जंगल में आए टाइगर को वापस मध्य प्रदेश नहीं भेजने की मांग को लेकर स्थानीय लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों ने पुरजोर मांग की है कि जब मध्य प्रदेश से टाइगर खुद ही अपने आप यहां चलकर आए हैं तो यह टाइगर हमारे लिए मेहमान है इन टाइगर को हम नहीं जाने देंगे। लोगों का कहना है कि मांगरोल, रामगढ़ और आसपास के इलाके के जंगल काफी घने लंबे चौड़े और विशाल हैं इन जंगलों को टाइगर सफारी के लिए रिजर्व किया जा सकता है ।प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि मध्य प्रदेश के जंगलों से टाइगर बार-बार यहां आ रहे हैं इसका सीधा सा मतलब यही है कि यहां के जंगल टाइगर को पसंद आते हैं इसीलिए वे यहां बार-बार आ रहे हैं तो फिर सरकार को भी चाहिए कि यहां पर सर्विस का और रणथंबोर की तरह यहां के जंगल को टाइगर सफारी की तरह विकसित करें तो यहां पर पर्यटन की संभावनाएं भी विकसित होगी और स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल सकेगा तथा पर्यटक अपने पसंद की जगह पर भी रह सकेंगे। इसी बात को लेकर स्थानीय वन्यजीव प्रेमी लोगों, व्यापारिक और सामाजिक संगठनों ने सामूहिक रूप से यहां एक बड़ी रैली और जुलूस का आयोजन किया और टाइगर को ट्रेंकुलाइज करके वापस मध्य प्रदेश लेकर जाने का पुरजोर विरोध



किया उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ महीनो से मध्य प्रदेश के जंगल से प्रदेश के बारा जिले के जंगलोंमें कई बार टाइगर अपने आप ही टहलते टहलते यहां आए हैं बाद में मध्य प्रदेश से आए वन विभाग के अधिकारियों ने यहां आए टाइगर को ट्रेंकुलाइज करके वापस मध्य प्रदेश भी लेकर गए हैं। इसलिए अब स्थानीय लोगों ने इस बात को लेकर गहरी नाराजगी प्रकट की है और कहा है कि जब यहां के जंगल टाइगर को पसंद आ रहे हैं और वह अपने आप ही मध्य प्रदेश के जंगल छोड़कर यहां आ रहे हैं तो फिर किसी को दिक्कत नहीं होनी चाहिए और टाइगर को उनकी पसंद की जगह पर ही रहने देना चाहिए इसलिए अगर यहां के जंगलों को टाइगर सफारी के रूप में विकसित करें तो क्षेत्र का विकास भी होगा और टाइगर अपनी पसंद की जगह पर आराम से विचरण कर सकेंगे इसी बात को लेकर स्थानीय लोगों का आंदोलन जारी है।

## शहर में कई जगहों पर अवैध हुक्काबार पर पुलिस के ताबड़तोड़ छापे, मौके पर अवांछित वस्तुएं बरामद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** देश और विदेश में झीलों की नगरी के रूप में विख्यात उदयपुर में शहर पुलिस ने कई जगहों पर बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए अवैध हुक्का बार के खिलाफ छापामार कार्रवाई को अंजाम देकर मौके पर बड़ी संख्या में अवैध और अवांछित वस्तुएं भी बरामद की है शहर पुलिस की ताबड़तोड़ हुई इस कार्रवाई के बाद उदयपुर शहर में अवैध रूप से संचालित करने वाले रेस्टोरेंट संचालकों के चेहरों पर चिंता की लकीर छा गई है रेस्टोरेंट संचालक को में घबराहट फैली हुई है जानकारी के अनुसार उदयपुर शहर पुलिस अधीक्षक योगेश यादव के निर्देशन में पुलिस ने शनिवार की देर रात शहर में एक साथ कई जगहों पर अवैध हुक्का बार पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया सुखेर, अंबामाता, अमराई घाट, बड़गांव इत्यादि जगहों पर अवैध हुक्का बार ठिकानों पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया इसके लिए पुलिस ने विशेष टीमों का गठन किया था और पुलिस की टीम सभी जगह पर बड़ी चतुराई और सावधानी से मौके पर पहुंची और अचानक छापा मारा जिसमें उन्हें सफलता भी मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की देर रात हुई इस कार्रवाई में पुलिस ने विभिन्न जगहों से 68 फ्लेवर पैकेट, 45 हुक्का और इत्यादि साजो समान यंत्र उपकरण बरामद किए हैं पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ मामला भी दर्ज किया है उल्लेखनीय है कि उदयपुर शहर सुंदरता और बसावट से दुनिया के खूबसूरत शहरों में माना जाता है यहां पर विशाल बड़ी-बड़ी खूबसूरत झील और पर्वतमाला हैं यहां ऐतिहासिक केले स्मारक इत्यादि सभी देखने लायक है इसीलिए यहां पर बड़ी संख्या में हर साल देश और विदेश के पर्यटक घूमने आते हैं जिस तरह से राजधानी जयपुर विश्व भर के पर्यटकों में काफी लोकप्रिय है तो उदयपुर शहर भी लोकप्रियता के मामले में कम नहीं है इसलिए यहां पर अवैध हुक्का बार और अवैध रेस्टोरेंट भी बड़ी संख्या में संचालित किया जा रहे हैं यहां बड़ी संख्या में हुक्का बार मौजूद है जो पुलिस और जिला प्रशासन की आंख में धूल झोंक कर संचालित हो रहे हैं इन हुक्का बार में युवा बड़ी संख्या में अपना शौक पूरा करने के लिए आते हैं और फिर नशे में खुद को इतना डूबो लेते हैं कि उनकी जिंदगी खराब हो जाती है इसीलिए उदयपुर शहर पुलिस ने अब इस शहर को पूरी तरह से हुक्का बार से मुक्ति दिलाने के प्रयास में जुट गई है इसी क्रम में शनिवार की देर रात उदयपुर पुलिस ने एक साथ कई जगहों पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया अब देखने वाली बात यह है कि यह कार्रवाई कितने दिनों तक शहर में चलती है और कितने अवैध रेस्टोरेंट और अवैध हुक्का बार का संचालन करने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्रवाई करती है

## रंधावा,हुड्डा भाजपा सांसद सीपी जोशी सहित कई नेताओं ने टीकाराम जूली की माता के फोटो पर कुछ अर्पित कर श्रद्धांजलि दी





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली की माता के निधन पर शोक प्रकट करने के लिए देश भर के राजनेताओं और विशिष्ट जनों के टीकाराम जूली के पुश्तैनी मकान पर आने का सिलसिला रविवार को भी जारी रहा बड़ी संख्या में देश भर के नेता यहां पहुंचे और टीकाराम जूली की माता के फोटो पर पुष्प अर्पित करके भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की । रविवार को जूली के आवास पर पहुंचने वाले नेताओं में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी और सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा, हरियाणा से सांसद दीपेन्द्र हुड्डा, सीपी जोशी सांसद चित्तौड़गढ़, राजेन्द्रपाल गौतम, राष्ट्रीय अध्यक्ष कांग्रेस एससी विभाग,विधायक हरिमोहन शर्मा, रामनिवास गावड़िया, उमेश मीणा अभिमन्यु पूनिया, नानालाल नीमामा, रमिला खड़िया, अर्जुन बामणिया, विनोद गोठवाल, शोभा रानी कुशवाह, दयाराम परमार, मंजू चौधरी विधायकनागल चौधरी, हरियाणा , एआईसीसी सदस्य दिनेश खोड़निया, पूर्व



विधायक अनिता यादव अटेली, पूर्व विधायक रामलाल मीणा, इंद्राज गुर्जर, नगराज मीणा, जगदीश यादव, गिर्राज सिंह मलिंगा, प्रीति शक्तावत, सांसद प्रत्याशी अनिल चौपड़ा, उदयपुर सांसद प्रत्याशी ताराचंद मीणा, शिव प्रकाश गुर्जर विधायक प्रत्याशी, सीताराम लांबा पूर्व अध्यक्ष राज. यूथ बोर्ड, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राज.विश्वविद्यालय निर्मल चौधरी, फतेहसिंह राठौड़ जिला अध्यक्ष उदयपुर, प्रकाश गंगावत जिला अध्यक्ष अलवर, बलराम यादव जिलाध्यक्ष खैरथल तिजारा, पार्टी प्रत्याशी राकेश रोत इत्यादि शामिल थे ।

## जयपुर में 'राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार' महिला जनसुनवाई आज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान और उन्हें न्याय दिलाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सोमवार को जयपुर में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। इस जनसुनवाई में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर स्वयं उपस्थित रहकर महिलाओं की शिकायतों और समस्याओं की सुनवाई करेंगी। सोमवार को प्रातः 11 बजे से राजस्थान पुलिस अकादमी के बैठक कक्ष में आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं से संबंधित विभिन्न प्रकार की शिकायतों, पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा, उत्पीड़न, संपत्ति संबंधी विवाद तथा अन्य सामाजिक मुद्दों से जुड़ी समस्याओं पर सुनवाई कर उनके समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कार्यक्रम के सफल व सुचारू आयोजन के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाली शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए सभी विभाग पूर्ण तैयारी के साथ उपस्थित रहें और महिलाओं को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। जनसुनवाई के समन्वय व व्यवस्थाओं के लिए उपखण्ड अधिकारी जयपुर दक्षिण अरुण कुमार को समग्र प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# रणथंभौर अभयारण्य में बाघिन टी 94 मृत पड़ी मिली, वन विभाग में छाया मातम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सवाई माधोपुर में स्थित विश्व विख्यात रणथंभौर अभयारण्य में घोड़ा घाटी में बाघिन टी 94 मृत अवस्था में पड़ी हुई मिली है। वन विभाग की टीम रविवार को जब अभयारण्य की निगरानी कर रही थी तभी घोड़ा घाटी इलाके में टी94 मृत अवस्था में पड़ी हुई मिली जिसे देखकर वन विभाग की टीम काफी चकित रह गई तुरंत टीम के सदस्यों ने वन विभाग के बड़े अधिकारियों को इसके बारे में जानकारी भेजी हालांकि बाघिन के सभी अंग सुरक्षित मिले हैं लेकिन उसकी मौत की वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही साफ हो पाएगी फिलहाल मेडिकल बोर्ड की ओर से बाघिन की बॉडी का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है



यह बाघिन 11 साल की थी और देश और विदेश के पर्यटकों को काफी रोमांचित किया करती थी लेकिन अब इसके दुनिया से अलविदा हो जाने के बाद रणथंबोर अभ्यारण प्रशासन से जुड़े लोगों और पूरे वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों में काफी मायूसी छा गई है जानकारी के अनुसार 11 साल की टी94 बाघिन रणथंभौर अभयारण्य में चारों तरफ विचरण करती थी और यहां आने वाले पर्यटकों को दर्शन देकर रोमांचित करती रहती थी मुख्य तौर पर यह बाघिन घोड़ा घाटी, खारोला, बालाजी इत्यादि क्षेत्रों में ज्यादा विचरण किया करती थी अब सवाल यहां पर यह खड़ा होता है कि आखिर इसकी मौत कैसे हुई बताया जा रहा है कि खूनी बुखार की वजह से इसकी मौत हुई है लेकिन वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारण का खुलासा हो पाएगा। गौरतलब है कि रणथंभौर अभयारण्य दुनिया भर के पर्यटकों में काफी लोकप्रिय है यहां पर हर साल बड़ी संख्या में लोग टाइगर सफारी का आनंद लेने के लिए आते हैं और करीब करीब सभी पर्यटकों को यहां पर कोई ना कोई टाइगर भ्रमण के दौरान दर्शन भी दे देता है इसलिए यहां पर टाइगर सफारी का अपना एक अलग ही रोमांच रहता है यहां पर बड़े-बड़े राजनेता बड़े-बड़े खिलाड़ी बड़े-बड़े उद्योगपति और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े प्रमुख लोग नियमित रूप से टाइगर सफारी का आनंद लेने के लिए आते रहते हैं। प्रियंका गांधी का यह काफी पसंद का स्थान है यहां पर प्रियंका गांधी साल में दो बार जरूर अपने परिवार के साथ यहां भ्रमण के लिए आती है अभी कुछ महीना पहले ही प्रियंका गांधी अपने पति और बच्चों के साथ यहां घूमने के लिए आई थी इसके अलावा राहुल गांधी भी यहां आते रहते हैं लेकिन बाघिन टी 94 की मौत की खबर को सुनकर सभी लोग काफी दुखी हैं ।

# वैश्विक संकट बढ़ाने वाला युद्ध

## सम्पादकीय

### ईरान-इजरायल में बढ़ती जंग, क्या शांति की आखिरी उम्मीद भी धुंधली पड़ रही है



इसमें कोई दोराय नहीं कि ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद अब स्थिति और जटिल होती देखी जा रही है तथा दोनों पक्षों के बीच बढ़ती तल्खी के समांतर शांति की उम्मीद भी धुंधला रही है। मगर इस हालत में भी दुनिया के ज्यादातर देश यही चाहते हैं कि यह युद्ध रुके और विवाद का हल संवाद के सहारे ही निकाला जाए। विडंबना यह है कि ईरान में परमाणु हथियारों का सवाल अमेरिका के लिए बड़ा है, लेकिन वह इस मसले पर बातचीत के जरिए हल निकालने में कोई रुचि नहीं दिखा रहा। उल्टे इजराइल के साथ मिल कर उसने जिस स्तर का युद्ध छेड़ दिया है, वह परमाणु निरस्त्रीकरण में कैसे मददगार होगा, कहना कठिन है। खासतौर पर इस संदर्भ में ईरान ने जिस तरह की प्रतिक्रिया दी और उसने भी इजराइल तथा अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर व्यापक हमले किए हैं, उससे साफ लग रहा है कि शांति स्थापित करने को लेकर दोनों पक्षों के भीतर कोई खास रुचि नहीं है। इसी वजह से दुनिया भर में इस बात को लेकर गहरी चिंता जाहिर की जा रही है कि कहीं युद्ध का दायरा फैल न जाए! ऐसे में भारत ने जिस तरह सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव को कम करने के लिए संवाद और कूटनीति का रास्ता अपनाने का आग्रह किया है, वह वक्त का तकाजा है। हालांकि भारत पारंपरिक रूप से शांति का पक्षधर रहा है और समस्या चाहे कितनी जटिल हो, उसका समाधान संवाद और कूटनीतिक पहल के जरिए ही निकालने का हामी है। इस क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति भारत के लिए चिंता का विषय है; सैन्य टकराव किसी विवाद का समाधान नहीं है। भारत ने इस युद्ध से प्रभावित कई देशों से संपर्क कर शांति की वकालत की और अपने नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का आग्रह किया। इससे पहले संयुक्त राष्ट्र महासचिव अंतोनियो गुतारेस ने भी इस युद्ध की निंदा की और दोनों पक्षों से अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने की अपील की थी। अफसोस की बात है कि सभी तकाजों की अनदेखी कर युद्ध में शामिल देश व्यापक जनसंहार के हथियारों से हमला करते हुए इतना ध्यान रखना भी जरूरी नहीं समझते कि उन्होंने किसी स्कूल पर भी बम गिराया, जहां पढ़ने वाले कई मासूमों की जान चली गई। सवाल है कि वह कौन-सी समस्या है, जिसका हल विनाश के हथियारों के जरिए निकलने की उम्मीद की जाती है। आखिर ऐसा क्यों है कि अक्सर युद्धों के लंबा खिंचने और भारी तबाही के बाद उसका समाधान संवाद की मेज पर ही निकलता देखा गया है? ज्यादातर युद्धों के मामले में यही सच है। फिर उनसे सबक लेकर तमाम असहमतियों या मतभेदों के बावजूद संवाद का सहारा लेकर विवाद का हल क्यों नहीं खोजा जाता? अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आरोप रहा है कि ईरान परमाणु हथियार बना रहा है।

*होर्मुज जल मार्ग बंद होने से पश्चिम एशिया से आने वाले तेल एवं गैस की आपूर्ति रुक गई है। इस जल मार्ग से दुनिया के कुल उपभोग के लगभग एक चौथाई हिस्से की तेल एवं गैस की आपूर्ति होती है। होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से भारत समेत दुनिया के कई देशों को तेल एवं गैस की आपूर्ति बाधित होने की आशंका गहरा गई है। यदि पश्चिम एशियाई देशों से तेल एवं गैस की आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रहती है तो विश्व में ऊर्जा संकट खड़ा हो सकता है। ईरान पड़ोसी देशों के नागरिक ठिकानों पर हमला कर और फिर होर्मुज जल मार्ग को बंद करके खुद को विश्व से अलग-थलग करने का ही काम कर रहा है। यदि उसने अपना रवैया नहीं बदला तो उसके प्रति जो थोड़ी-बहुत सहानुभूति है, वह खत्म होने में देर नहीं लगेगी, क्योंकि तेल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं और इससे दुनिया की बेचैनी बढ़ती जा रही है। इजरायल-अमेरिका और ईरान युद्ध ने भारत के सामने कूटनीतिक संतुलन साधने की चुनौती भी खड़ी कर दी है, क्योंकि उसके संबंध दोनों पक्षों से है। हालांकि भारत ने खामेनेई की मौत पर शोक व्यक्त किया है और लगातार ऐसे बयान दे रहा है कि किसी भी विवाद का समाधान संवाद से होना चाहिए, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि खामेनेई के नेतृत्व वाला ईरान का मजहबी शासन तंत्र निरंकुश था। वह अपने ही लोगों का दमन करने के लिए कुख्यात था। कुछ ही दिनों पहले*



जैसी आशंका थी, वैसा ही हुआ। अमेरिका ने इजरायल के साथ मिलकर ईरान पर हमला बोल दिया। इस हमले को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप का तर्क है कि वे वहां सत्ता बदलने के साथ ईरान की परमाणु हथियार निर्माण क्षमता खत्म करना चाहते हैं। अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई की मौत के साथ ही करीब 40 वर्षों से सत्ता पर काबिज एक कठोर मजहबी शासन के संचालक का अंत हो गया, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि इस देश में सत्ता परिवर्तन भी होने जा रहा है। फिलहाल इसके कोई संकेत नहीं।

अमेरिका और इजरायल ईरान पर हमले के लिए चाहे जो तर्क दें, उसे वैध नहीं कहा जा सकता। यह वैसा ही मनमाना हमला है, जैसा वेनेजुएला में किया गया था। अमेरिका पिछले काफी समय से ईरान की घेरेबंदी के साथ ही उससे वार्ता भी कर रहा था। इस वार्ता के बीच ही उसने ईरान पर हमला कर दिया।

ईरान अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमलों का जवाब देने में लगा हुआ है। वह इजरायल को निशाना बनाने के साथ ही पड़ोसी देशों सऊदी अरब, बहरीन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात आदि में अमेरिकी सैनिक ठिकानों के साथ इन देशों के नागरिक क्षेत्रों को भी निशाना बना रहा है। इससे पूरे पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ रहा है। ईरान ने खाड़ी के देशों में मिसाइलें और ड्रोन दागने के साथ ही होर्मुज समुद्री जल मार्ग बंद कर दिया है। उसने इस जल मार्ग से निकलने की कोशिश कर रहे कुछ तेल टैंकरों पर भी हमला किया।

होर्मुज जल मार्ग बंद होने से पश्चिम एशिया से आने वाले तेल एवं गैस की आपूर्ति रुक गई है। इस जल मार्ग से दुनिया के कुल उपभोग के लगभग एक चौथाई हिस्से की तेल एवं गैस की आपूर्ति होती है। होर्मुज स्ट्रेट बंद होने से भारत समेत दुनिया के कई देशों को तेल एवं गैस की आपूर्ति बाधित होने की आशंका गहरा गई है। यदि पश्चिम एशियाई देशों से तेल एवं गैस की आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रहती है तो विश्व में ऊर्जा संकट खड़ा हो सकता है।

ईरान पड़ोसी देशों के नागरिक ठिकानों पर हमला कर और फिर होर्मुज जल मार्ग को बंद करके खुद को विश्व से अलग-थलग करने का ही काम कर रहा है। यदि उसने अपना रवैया नहीं बदला तो उसके प्रति जो थोड़ी-बहुत सहानुभूति है, वह खत्म होने में देर नहीं लगेगी, क्योंकि तेल के दाम लगातार बढ़ रहे हैं और इससे दुनिया की बेचैनी बढ़ती जा रही है।

इजरायल-अमेरिका और ईरान युद्ध ने भारत के सामने कूटनीतिक संतुलन साधने की चुनौती भी खड़ी कर दी है, क्योंकि उसके संबंध दोनों पक्षों से है। हालांकि भारत ने खामेनेई की मौत पर शोक व्यक्त किया है और लगातार ऐसे बयान दे रहा है कि किसी भी विवाद का समाधान संवाद से होना चाहिए, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि खामेनेई के नेतृत्व वाला ईरान का मजहबी शासन तंत्र निरंकुश था। वह अपने ही लोगों का दमन करने के लिए कुख्यात था। कुछ ही दिनों पहले उसकी पुलिस ने उन हजारों प्रदर्शनकारियों को मारा, जो उसकी नीतियों से नाराज होकर सड़कों पर उतरकर विरोध कर रहे थे।

खामेनेई के पूर्ववर्ती खुमैनी इस्लामिक क्रांति के नाम पर राजशाही को हटाकर ईरान की सत्ता पर काबिज हुए थे। उन्होंने अपने लोगों को कट्टर इस्लामिक तौर-तरीके अपनाने के लिए बाध्य किया। उनके निधन के बाद उनकी जगह कमान संभालने वाले खामेनेई भी उन्हीं के रास्ते पर चले। उनके सत्ता में रहते ईरान ने हमास, हिजबुल्ला, हाउती जैसे चरमपंथी गुटों को सहयोग और समर्थन दिया। ये सभी गुट इजरायल के लिए खतरा बने हुए हैं।


ईरान में इस्लामिक क्रांति के बाद से अमेरिका ने कई बार वहां के असंतुष्टों को विद्रोह के लिए उकसाया, पर वह सफल नहीं हो सका और दूसरी ओर ईरान ने इन असंतुष्टों का निर्ममता से दमन किया। हालिया विद्रोह को भी उसने निर्ममता से कुचला। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं कि खामेनेई की मौत के बाद उनका उत्तराधिकारी कौन बनेगा। इसमें संदेह है कि अमेरिका वहां सत्ता परिवर्तन करा सकेगा। यदि वह इसमें सफल नहीं हुआ तो ट्रंप के इरादों पर पानी ही फिरेगा। संदेह इस पर भी है कि इजरायल और अमेरिका ईरान की परमाणु हथियार निर्माण क्षमता खत्म कर सकेंगे। पिछले वर्ष जून में जब इन दोनों देशों ने ईरान पर हमला किया था, तब यह दावा किया था कि उसके परमाणु हथियार संबंधी तंत्र को ध्वस्त कर दिया गया।

ईरान ने अपनी समस्या इसलिए बढ़ा ली है, क्योंकि एक तो वह परमाणु हथियार बनाने पर आमादा है और दूसरे इजरायल को दुनिया के नक्शे से मिटाने की बातें करता रहता है। इस कारण पश्चिमी देश उससे सशंकित रहते हैं। ईरान कठोर अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना करने के बाद भी न तो हमास, हिजबुल्ला जैसे गुटों को हथियार एवं पैसा देने की अपनी नीति छोड़ रहा है और न ही परमाणु हथियार बनाने के इरादे का परित्याग कर रहा है।

# अदम्य हौसले का राज

*यह भारत की पहली प्रीमियम बेबी गीयर कंपनी है जो कि होप स्ट्रोलर, लैप बेबी कार सीट, डायपर बैग आदि तैयार करती हैं। लूपी की संस्थापक व सीईओ आकृति सोलो वुमन फाउंडर हैं यानी उन्होंने अपने दम पर बिजनेस को खड़ा किया है। धनबाद, झारखंड की आकृति बताती हैं कि पिता के व्यवसाय में होने के कारण इसकी बारीकी वह पहले ही समझ रही थीं पर बाद में यही लक्ष्य बन गया। आइआइएम, अहमदाबाद से एमबीए करने का उनका उद्देश्य ही था कि अपनी कंपनी शुरू करनी है। वह मानती हैं कि लंबी रेस का घोड़ा बनना है तो एटीट्यूड बहुत जरूरी है। यह निरंतर उतार-चढ़ाव का सामना करने, नवाचार व बेहतर प्रदर्शन से आता है। आकृति कहती हैं, 'स्टार्टअप शुरू करने से पूर्व एक लंबी योजना होनी चाहिए यानी पूरा खाका हो। इसी तरह, कई बार रुक जाना जरूरी है। इसका अफसोस न करें। मार्केट में लंबे*

स्त्री की अद्वितीय शक्ति का उत्सव है अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस। एक दशक से भारत की स्टार्टअप क्रांति में असाधारण योगदान दे रही है स्त्री शक्ति और बनी है असंख्य महिलाओं की प्रेरणा। परंतु स्वयं उनकी प्रेरणा क्या है, क्या है उनके अदम्य हौसले का राज, जाना सीमा झा ने... 'अपनी दोनों टांगें तुड़वाकर अपने पैरों पर खड़ा होना सीखा है सर, बड़ी मुश्किल से आया है यह एटीट्यूड, नहीं होगा सर..आप अपनी नौकरी रखिए और मैं अपना एटिट्यूड।' चर्चित फिल्म 'थ्री इडियट' में शरमन जोशी का किसी कंपनी में नौकरी मांगने के दौरान का यह संवाद वास्तविक जीवन में भी दिख जाता है। दरअसल, इस वर्ष शार्क टैंक के सीजन पांच में बच्चों के लिए स्ट्रोलर व अन्य प्रोडक्ट तैयार करने वाली कंपनी लूपी की सीईओ आकृति गुप्ता ने भी कुछ इसी एटीट्यूड का प्रदर्शन किया था। कई बार एटीट्यूड को अहंकार से जोड़ लिया जाता है पर वास्तव में यह उस दृढ़ता व अथाह सामर्थ्य से जुड़ा है जो आकृति गुप्ता जैसी महिला सीईओ, संस्थापकों की खूबी रही है। आकृति गुप्ता बताती हैं, 'आधुनिक माता-पिता को लक्ष्य करते हुए लूपी की स्थापना हुई। यह भारत की पहली प्रीमियम बेबी गीयर कंपनी है जो कि होप स्ट्रोलर, लैप बेबी कार सीट, डायपर बैग आदि तैयार करती हैं। लूपी की संस्थापक व सीईओ आकृति सोलो वुमन फाउंडर हैं यानी उन्होंने अपने दम पर बिजनेस को खड़ा किया है। धनबाद, झारखंड की आकृति बताती हैं कि पिता के व्यवसाय में होने के कारण इसकी बारीकी वह पहले ही समझ रही थीं पर बाद में यही लक्ष्य बन गया। आइआइएम, अहमदाबाद से एमबीए करने का उनका उद्देश्य ही था कि अपनी कंपनी शुरू करनी है। वह मानती हैं कि लंबी रेस का घोड़ा बनना है तो एटीट्यूड बहुत जरूरी है। यह निरंतर उतार-चढ़ाव का सामना करने, नवाचार व बेहतर प्रदर्शन से आता है। आकृति कहती हैं, 'स्टार्टअप शुरू करने से पूर्व एक लंबी योजना होनी चाहिए यानी पूरा खाका हो। इसी तरह, कई बार रुक जाना जरूरी है।



इसका अफसोस न करें। मार्केट में लंबे समय तक बने रहना है तो निरंतर बदलने व हर मोड़ पर कुछ नया सीखने की ललक होनी ही चाहिए।' आकृति ने पहले बच्चों के कपड़ों का ब्रांड शुरू किया, फिर ई-कामर्स में हाथ आजमाया, फिर कारपोरेट में कुछ समय काम कर अंततः वे बेबी गियर के क्षेत्र में उतरी हैं। स्मार्ट डिवाइस कंपनी गैबिट की सह-संस्थापक अपर्णा शाही के पास कई स्टार्टअप विकसित करने व उनमें काम का लंबा अनुभव है। पूर्णिया, बिहार की अपर्णा शाही ने जब आइआइटी किया तो उस मामले में भी अपने शहर की पहली लड़की बनीं। आइआइएम, कोलकाता से एमबीए कर मैंकेजी जैसी कंपनी में काम करने के बाद उन्हें बड़ा एक्सपोजर मिला, जिसमें वे सीइओ, बोर्ड मैंबर, डायरेक्टर से सीधे मिल सकती थीं। अपर्णा बताती हैं, 'पिता डाक्टर व मां कामकाजी रहीं तो परिवार के स्तर पर कोई बाधा नहीं आई। कार्पोरेट दुनिया में लंबे अनुभव के बाद गैबिट शुरू करने का निर्णय लिया। यह कोविड का समय था जब चर्चा का केंद्रीय विषय सेहत व अपनी देखभाल पर आकर ठहर गया। उस डरावने दौर ने सबको सिखा दिया कि यही असली दौलत है लेकिन इसके लिए कोई एक प्लेटफार्म नहीं था। अपर्णा ने दो साल के लंबे रिसर्च के बाद गैबिट को होलिस्टिक हेल्थ उपलब्ध कराने के लिए शुरू किया।' अपर्णा के अनुसार, 'आप मार्केट में किस चीज की कमी है यानी गैप को पहचानें, तब काम शुरू करें। आवश्यक नहीं कि बड़े स्केल पर ही बिजनेस शुरू किया जाए। कम पैसे, संसाधन व समय देकर भी बिजनेस शुरू कर सकते हैं। महिलाएं अक्सर स्वयं को दूसरे नंबर पर रखती हैं, यह गलत है। अपने जीवन की कमान अपने हाथ होनी चाहिए। समय प्रबंधन सफल होने की बड़ी शर्त है।' बेसन-दही, शहद-नींबू आदि त्वचा की देखभाल के लिए पारंपरिक रूप से प्रयोग किया जाता रहा है लेकिन नई पीढ़ी कोरियाई स्किन केयर पसंद करने लगी है।



## कहानी

### कालिया मर्दन

बच्चो, आप सबको कालिया मर्दन की कहानी पता है न  नागपंचमी के दिन ही भगवान श्रीकृष्णजी ने कालिया मर्दन किया था और कालिया के पूरे परिवार को रमणिक द्वीप भेज दिया था । आज हम कालिया मर्दन की कहानी सुनेंगे । आज हम भगवान श्रीकृष्ण के बचपन की एक कथा सुनते हैं । आप तो जानते ही हैं कि भगवान श्रीकृष्ण को मारने के लिए उनके मामा कंस ने अनेक राक्षस भेजे थे; परंतु श्रीकृष्ण तो भगवान थे, उनसे भला कोई राक्षस कैसे जीत पाता । कंस के द्वारा भेजे सभी राक्षसों को कृष्ण ने बचपन में ही मार डाला था । उस समय भगवान श्रीकृष्ण नंदगांव आकर रहने लगे थे । यह गांव यमुना नदी के किनारे बसा हुआ है । यमुना नदी में कालिया नाम का एक विषैला सर्पराज अपने परिवार के साथ रहता था । उसके नदी में रहने से नदी का पानी विषैला हो गया था । जिससे गांव के जानवर जब उस नदी का पानी पीते तो विषैला पानी पीने से वह मर जाते थे । नंदगांव के लोग भी नदी का पानी नहीं पी पाते थे । गांव में हाहाकार मचा हुआ था । भगवान श्रीकृष्ण छोटे से थे, परंतु वह ब्रज में रहने वाले सभी जीव-जंतुओं और नंदगांव के लोगों की पीडा को जानते थे । विषैले सर्पराज का अंत करना ही एकमात्र उपाय है, यह उनके ध्यान में आया । एक दिन भगवान श्रीकृष्ण ग्वालबालों के साथ यमुना जी के तट पर गेंद खेलने पहुंचे । छोटे से कन्हैया मित्रों के साथ गेंद खेल रहे थे । गेंद खेलते खेलते भगवान श्रीकृष्ण ने गेंद को यमुना नदी में फेंक दिया । यह उनकी एक बाल लीला ही थी । अब सभी ग्वालों ने सोचा कि, गेंद तो नदी में गिर गई, अब तो हम खेल नहीं पाएंगे । ऐसी स्थिति में सभी ग्वाल-बाल गेंद के लिए निराश हो गए और सभी कहने लगे कि अब हम कैसे खेलेंगे । तब श्रीकृष्णजी ने सभी ग्वाल-बालों को शांत करते हुए कहा कि ठीक है मैं ही यमुना जी से गेंद को निकालकर लाउंगा । इस पर ग्वालबालों ने उन्हें बहुत मना किया; परंतु श्रीकृष्णजी तो कालिया का अंत करना चाहते थे । इसलिए वह यमुना नदी में कूद गए । सभी ग्वालबाल भयभीत हो गए । उन्हें समझ में नहीं आ रहा था कि क्या करें  कुछ ग्वालबाल रोने लगे । कुछ ग्वालबाल नंद भवन अर्थात कन्हैया के घर गए और उन्होंने माता यशोदा, नंद बाबा और गोप-गोपिकाओं को बताया कि कान्हा यमुनाजी में कूद गए हैं । यह सुनकर माता यशोदा, नंद बाबा और सारी गोप-गोपिकाएं कन्हैया की चिंता में यमुनाजी के तट पर भागे । इधर कन्हैया यमुना जी में कूदने के बाद सीधे कालिया के सामने पहुंचे । उन्होंने उसे यमुना नदी छोडकर अन्य स्थान से कहीं और जाने के लिए कहा परंतु कालिया सर्प नहीं माना, उसने भगवान श्रीकृष्ण को छोटा सा बालक समझा तथा उन पर वार करने को तैयार हो गया । तब कन्हैया ने अपने बल से कालिया के साथ युद्ध किया तथा उसको परास्त कर दिया । इसी को ही हम सब 'कालिया मर्दन' कहते है । हार जानेपर कालिया नाग श्रीकृष्ण जी की शरण में आया और उसने भगवान श्रीकृष्ण जी से क्षमा मांगी । भक्तवत्सल भगवान ने कालिया नाग को क्षमा कर दिया और कहा कि तुम यह स्थान छोडकर सागर के मध्य स्थित रमणीक द्वीप पर चले जाओ ।

# फिर हंगामे के आसार, अविश्वास प्रस्ताव पर होगी चर्चा

संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण का प्रारंभ हंगामे से होने के आसार पर आश्चर्य नहीं। अब संसद के प्रत्येक सत्र की शुरुआत हंगामे से ही होती है और कई बार तो पूरा सत्र उसी की भेंट चढ़ जाता है। बजट सत्र के दूसरे चरण में एक तो लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान पक्ष-विपक्ष में तकरार तय है और दूसरे, ईरान पर इजरायल-अमेरिका के हमले को लेकर विपक्ष की ओर से सरकार को घेरने के चलते आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला देखने को मिल सकता है। लोकसभा स्पीकर के खिलाफ विपक्ष की ओर से लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर चाहे जितनी तीखी बहस हो, उसका नतीजा तय है। चूंकि सत्तापक्ष का बहुमत है और प्रधानमंत्री ने



सत्र शुरू होने के पहले लोकसभा अध्यक्ष की प्रशंसा करते हुए जिस तरह कहा कि वे अहंकारी-उत्पाती छात्रों को ठीक करना जानते हैं, उससे यह स्पष्ट है कि वे सत्तापक्ष को ओम बिरला के पक्ष में एकजुट होने का संदेश दे रहे हैं। इस अविश्वास प्रस्ताव पर शक्ति परीक्षण भी देखने को मिल सकता है, क्योंकि भाजपा और कांग्रेस, दोनों ने अपने लोकसभा सदस्यों को 9-10 मार्च को सदन में उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी कर दिया है। भले ही उच्च सदन को वरिष्ठों का सदन कहा जाता हो और यह अपेक्षा की जाती हो कि इस सदन के सदस्य सभी विषयों पर कहीं अधिक धीर-गंभीर और दलगत हितों से ऊपर उठकर चर्चा करेंगे, लेकिन सच यह है कि अब लोकसभा की तरह राज्यसभा में भी हंगामे के दृश्य दिखना आम हो गया है। बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले कांग्रेस समेत कई पार्टियों ने इजरायल-अमेरिका द्वारा ईरान पर किए गए हमले और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर भी बयान जारी करने की मांग की है। हालांकि सरकार की ओर से खामेनेई की मौत पर शोक जताया जा चुका है, लेकिन कांग्रेस समेत कई विपक्षी दल इस पर जोर दे सकते हैं कि सरकार उनके मन माफिक बयान जारी करे। विपक्षी दल इससे अनजान नहीं हो सकते कि इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच सैन्य संघर्ष से जो जटिल स्थिति उपजी है, वह ऐसी नहीं कि सरकार किसी एक के पक्ष में खुलकर खड़ी हो सके। इस स्थिति से सबसे अच्छी तरह लंबे समय तक केंद्र की सत्ता में रही कांग्रेस अवगत होगी

प्रादेशिक जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
09 मार्च, 2026

## रेलवे अनुसूचित जाति कर्मचारी संघ का स्नेह मिलन व महिला दिवस समारोह



जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** तृतीय रेलवे अनुसूचित जाति कर्मचारी संघ के तत्वावधान में रविवार को कर्मचारी स्नेह मिलन व अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश वर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि बी.एल. बैरवा, विशिष्ट अतिथि पुष्पा मेघवाल, रामसिंह, घासी राम नरेडिया, रामबाबू गौतम, देवकरण नवल, कन्हैयालाल, मोहन बुनकर,अनीता बैरवा, लोकेश गोठवाल रहे । समारोह में वक्ताओं ने महिलाओं के सम्मान, उनके अधिकारों और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इस दौरान महिला कर्मचारियों का सम्मान कर उनके योगदान की सराहना की गई। साथ ही संगठन की एकता और कर्मचारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में रेलवे के कई कर्मचारी और पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और समाज में महिलाओं को सम्मान दिलाने का संकल्प लिया।

## रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं: दाधीच



जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** कस्बे की जैन धर्मशाला में महिला दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साह के साथ रक्तदान कर मानवता के प्रति अपने नैतिक दायित्वों का निर्वहन किया। युवा समाज सेवी गौरव दाधीच ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है। युवाओं व मातृशक्ति को अधिक से अधिक संख्या में समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। इस दौरान विहिप सांभर जिलाध्यक्ष डॉ. पुखराज स्वामी, नरैना विकास मंडल के सत्यनारायण शर्मा, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष गोपाल जाट, नौरतमल कुमावत, इन्द्रराज शर्मा, अजय सैनी, लादूराम साहू सहित अनेक लोगों ने रक्तदान शिविर में आकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। आयोजकों ने रक्तदान शिविर के लिए निःशुल्क भवन उपलब्ध कराने के लिए जैन समाज नरैना का आभार व्यक्त किया। शिविर के दौरान 33 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।

## श्रीराम कथा रस माधुरी, गढ गणेशजी को दिया निमंत्रण



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** धर्मप्राण नगरी चौंमू में अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित हो रही श्री राम कथा रस माधुरी के ध्वज पूजन व गणपति निमंत्रण के निमित्त रविवार नगर के प्रथम पूज्य गढ़ गणेश मंदिर में कथा आयोजक सराफ परिवार के अग्रणी सत्यनारायण सर्राफ व धर्मपत्नी गायत्री देवी ने कथा व्यास महेश चंद्र हवेली वालो के सानिध्य में विधिपूर्वक पूजा अर्चना किया गया।नागरिकों की उपस्थिति में उल्लास पूर्वक हुए इस कार्यक्रम के पश्चात समस्त उपस्थित सज्जनों ने चौमूं नगर के आराध्य श्री लक्ष्मीनाथ जी महाराज के मंदिर में विधिपूर्वक पूजा कराई तत्पश्चात यह जुलूस कथा स्थल अग्रवाल धर्मशाला में पहुंची। यह जानकारी देते हुए आयोजन समिति के यज्ञ दत्त सर्राफ ने बताया कि इस कार्यक्रम में नागरिक व विचार परिवार के लोगों ने अपनी सहभागिता दिखाई। यज्ञदत्त ने बताया कि यह कथा आयोजन अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर के पूर्ण होने पर धर्म ध्वज प्रतिष्ठित होने के उपलक्ष में यहां आयोजित हो रही है। जिसमें प्रतिदिन क्षेत्र के अनेक धर्माचार्य एवं विभूतियों का आगमन तथा सम्मान होगा। कथा आयोजन अवधि में चौंमू क्षेत्र से कार सेवा में भाग लेने वाले कारसेवकों का भी सम्मान होगा। आपने यह आशा प्रकट की कि यह आयोजन अपने सुव्यवस्थित संचालन व अनूठी कथा शैली की दृष्टि से विशिष्ट होगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद परिजनों ने किया हंगामा

**झालावाड़** झालावाड़ के गोकुलपुरा क्षेत्र में बीती रात एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। रविवार को इस घटना के बाद परिजन जिला अस्पताल के बाहर जमा हो गए और मुआवजे की मांग को लेकर हंगामा किया। उन्होंने वन विभाग पर गंभीर आरोप लगाए। परिजनों का आरोप है कि यह मामला वन विभाग की जमीन से जुड़ा है। विभाग ने पहले भी नोटिस दिए थे। मृतक के भाई देवलाल गुर्जर (50) निवासी गोकुलपुरा ने बताया कि वन विभाग के एक अधिकारी ने मकान के पास नीम की खुदाई नहीं करने और मकान न तोड़ने के एवज में उनसे 50 हजार रुपए लिए थे।

# महिला दिवस पर विज्ञापनों में महिलाओं की भूमिका पर गोष्ठी, विविध क्षेत्रों की 23 प्रतिभाशाली महिलाओं का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत चूरू की ओर से एसबीडी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में विचार गोष्ठी व महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। भारत माता व स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर व अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के समूह गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शिक्षाविद् व सह सचिव, अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जयपुर प्रांत ने विचार गोष्ठी के मुख्य विषय विज्ञापनों में महिलाओं की भूमिका, स्वतंत्रता और मर्यादा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के विज्ञापनों में मातृशक्ति की छवि अब आत्म-विश्वास और रूढ़ियों को तोड़ने वाली बन रही है। लेकिन वस्तुकरण और लैंगिक असमानता के पुराने पैटर्न अभी भी पूरी तरह से खत्म नहीं हुए हैं। कुछ विज्ञापनों में मातृ शक्ति का उपयोग उत्पाद को आकर्षक बनाने के लिए एक ऑब्जेक्ट की तरह किया जाता है। यह दिन महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक अधिकारों के लिए संघर्ष और उनकी उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए



मनाया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवर्तमान जिला प्रमुख वंदना आर्य ने मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि विज्ञापनों में महिलाओं की भूमिका में प्रगति हो रही है। लेकिन एक ऐसे समावेशी चित्रण की आवश्यकता अभी भी है जो मातृशक्ति की वास्तविक क्षमताओं और समाज में उनकी भूमिका को सही ढंग से दर्शाए न कि केवल उन्हें किसी वस्तु के रूप में प्रस्तुत करे। कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कविता शर्मा ने कहा कि आज के समय में सशक्तिकरण, अधिकार और न्याय के माध्यम से महिलाओं को समाज में बराबर का दर्जा दिया जाना आवश्यक है। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित प्रबुद्ध मातृ शक्ति ने भी विज्ञापनों में महिलाओं की मर्यादा एवं स्वतंत्रता पर अपने विचार रखें। अतिथियों ने इस अवसर पर समाज के विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 23 महिलाओं को उनकी विशिष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

सम्मानित किए जाने वाली प्रमुख हस्तियां न्यायिक व प्रशासनिक क्षेत्र में डॉ सोनिया पूर्वा अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, चिकित्सा व शिक्षा डॉ वंदना भटनागर कनिष्ठ विशेषज्ञ, डॉ सरोज चौधरी निदेशक कैम्ब्रिज शिक्षण संस्थान, डॉ कविता शर्मा प्राचार्य एसबीडी राजकीय महाविद्यालय, माया शर्मा निदेशक कृष्णा पब्लिक स्कूल, मंजू दाधीच अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ, विप्र फाउंडेशन, खेल व नवाचार कुमकुम सोनी बैडमिंटन में अंतर्राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, रूपा पारीक सर्वप्रथम मतदाता पंजीकरण में शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्तकर्ता, पर्यावरण व शिक्षा यशोदा शर्मा कोरोना काल में सेवा व पर्यावरण के लिए हजारों कपड़े के थैले वितरण, समाज सेवा व संस्कृति पार्वती सैनी को भारतीय संस्कृति संरक्षक, सुनीता डागा समाज सेवा और अंजना भोजक तहसील महामंत्री महिला प्रकोष्ठ विप्र फाउंडेशन इसके साथ ही एडवोकेट ऋतु राठौड़, सरोज पारीक, सरिता सैनी, लक्ष्मी व्यास, निशा सैनी, डॉ कविता लाटा, माया शर्मा, मंजू जेदिया, कंवलासर सरपंच विमला देवी शर्मा, निवर्तमान जिला प्रमुख वंदना आर्य, चित्रकार नम्रता जांगिड़ और जया जांगिड़ को भी उनके सराहनीय कार्य के लिए मंच पर गौरव प्रदान किया गया।

## जिला साइक्लिंग संघ के चुनाव: कृष्ण गर्ग अध्यक्ष, विमल शर्मा बने सचिव



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला साइक्लिंग संघ के चुनाव ओम प्रकाश गुर्जर चुनाव अधिकारी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुए। साइक्लिंग संघ के चुनाव में राजस्थान साइक्लिंग संघ के पर्यवेक्षक सुनील, जिला कीड़ा परिषद धौलपुर के पर्यवेक्षक अशोक कुमार जिला ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक केशव राना मुख्य रूप से उपस्थित रहे। चुनाव अधिकारी ओम प्रकाश ने बताया कि चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए जिसमें कृष्ण कुमार गर्ग को सभी साइक्लिंग संघो की ओर से तीसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। सचिव पद पर शारीरिक शिक्षक विमल शर्मा, उपाध्यक्ष पद पर अंबा शंकर चौधरी, चौब सिंह ,जयप्रकाश कटारा, महावीर गर्ग, संयुक्त सचिव पद पर रवि शंकर आफाक अहमद, नरेंद्र शर्मा व शैलेंद्र व्यास कोषाध्यक्ष पद पर पवन कुमार सुखीजा व तकनीकी सलाहकार के रूप में रंजीत दिवाकर अजय कुरैशी को निर्वाचित किया गया है। चुनाव के बाद कृष्ण कुमार गर्ग ने कहा कि सभी साइक्लिंग संघ के पदाधिकारी ने लगातार तीसरी बार मेरे ऊपर जो विश्वास बनकर मुझे अध्यक्ष निर्वाचित किया है उसके लिए मैं तहे दिल से उनका आभार व्यक्त करता हूं और विश्वास दिलाता हूं कि साइक्लिंग संघ खिलाड़ियों के लिए हर संभव प्रयास करूंगा उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जिला स्तर आयोजन कराए जाएंगे। इस अवसर पर सचिव विमल शर्मा ने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा की साइक्लिंग के प्रति लोगों में जागरूकता का संचार हो बदलते परिवेश में साइक्लिंग व्यायाम का बेहतर साधन है और इसे हम सभी को अपनाना चाहिए सप्ताह में काम से कम एक दिन ऐसा होना चाहिए जब हम अपने सभी कर साइकिल के माध्यम से ही करें। साइक्लिंग खिलाड़ियों में इस खेल के प्रति जागरूकता का संचार करना मेरी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर चुनाव का संचालन अनिल मिश्रा शारीरिक शिक्षक ने किया। नवीन कार्यकारिणी को वरिष्ठ अधिवक्ता अतुल कुमार भार्गव, शैलेंद्र सिंह राणा ,मोहम्मद जाकिर हुसैन, शैलेंद्र यादव, अकील अहमद, गुरमीत मान, संदीप राना, सुरेंद्र गुर्जर व हरेंद्र गुर्जर ने शुभकामनाएं दी

## टहरी रंगपंचमी मेले में उमडा आस्था का सैलाब



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के सैपऊ उपखंड के गांव टहरी में रंग पंचमी दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है, जिसमें आज मेले का पहला दिन था। रंग पंचमी मेला संत भागीरथ बाबा की याद में सदियों से भरता आया है। इस अवसर पर रात्रि को होली गायन, भजन कीर्तन और नौटंकी जैसे कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से आयोजित किए जाते हैं। रंग पंचमी के दिन दूर-दूर से लोग मेला देखने और भागीरथ बाबा का दर्शन करने के लिए आते हैं। इस दिन सुबह से गंगाजल और कावड़ लाकर लोग बाबा का जलाभिषेक करते हैं, झंडा और नेजा चढ़ाए जाते हैं। यह इस क्षेत्र की अनोखी परंपरा और सदियों से लगने वाला एक ऐतिहासिक मेला है। लोक मान्यता के अनुसार यहां गठिया बाय बाबा की कृपा से दूर हो जाती है, जो भी इंसान बाबा के दरबार में घटिया से पीड़ित आता है, उसकी घटिया दूर हो जाती है। स्थानीय निवासी डीके कुशवाहा और माता प्रसाद रजक ने बताया कि भागीरथ बाबा मेले से गांव की आस्था जुड़ी हुई है, राम भजन सेन और भागीरथ प्रजापति ने बताया कि लोगों का कहना है कि टहरी, टहरी का पुरा, नौरंगाबाद,मानपुर,राजपुर सहित क्षेत्र के आसपास के दर्जनों भर गांव के लोग होली के त्यौहार को इतना महत्व नहीं देते हैं, जितना रंग पंचमी भागीरथ बाबा मेले को महत्व देते हैं मेले में भागीरथ बाबा की ढोला यात्रा बडी धूमधाम से निकाली जाती है धौलपुर के अलावा राजस्थान के विभिन्न जिलों से तथा उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश दिल्ली तक के लोग आते हैं उनका विश्वास है कि बाबा के दरबार में आने घटिया बाय ठीक हो जाती है।

## महिला दिवस पर नांदी कम्युनिटी वाटर ने महिला WCA का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर (निस)।** पंचायत समिति सांगानेर के आशावाला, बीलवा श्रीराम की नांगल मे अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नांदी कम्युनिटी वाटर प्राइवेट लिमिटेड की ओर से सामुदायिक जल केंद्रों पर कार्यरत महिला WCA का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को शॉल ओढ़ाकर, माला पहनाकर तथा राजस्थानी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। साथ ही उपस्थित सभी महिलाओं को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया गया। यह कार्यक्रम वाटिका सांगानेर (जयपुर) के आशावाला, बिलवा और श्रीराम की नंगल स्थित जल केंद्रों पर आयोजित किया गया। आशावाला प्लांट की WCA रेखा छिप्पा, बिलवा प्लांट की गोमती देवी तथा श्रीराम की नंगल की मीनू देवी को सम्मानित किया गया। ये तीनों महिलाएं पिछले लगभग 5 वर्षों से नांदी कम्युनिटी वाटर के साथ कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर नांदी कम्युनिटी वाटर के राजस्थान क्लस्टर असिस्टेंट मैनेजर धनराज मीणा और ञ्ह गोविंद शर्मा मौजूद रहे। असिस्टेंट मैनेजर धनराज मीणा ने सभी महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज के विकास में माताओं और बहनों का बहुत बड़ा योगदान है। उनके बिना समाज का अस्तित्व संभव नहीं है, इसलिए हमें हमेशा उनका सम्मान करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी हमेशा महिला ङ्गष्ट्र का पूरा ध्यान रखती है और एक परिवार की तरह उनके साथ खड़ी रहती है। इन तीनों सामुदायिक जल केंद्रों से करीब 7000 लोग शुद्ध पेयजल का लाभ ले रहे हैं और ये सभी प्लांट पिछले लगभग 5 वर्षों से संचालित हो रहे हैं।

## महिला दिवस पर 500 महिलाओं को 'महिला गौरव अवॉर्ड' से किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स


**चौमूं(निस)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वूमन वेलफेयर सोसाइटी की ओर से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली करीब 500 महिलाओं को 'महिला गौरव अवॉर्ड 2025-26' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम चौमूं शहर के सामोद रोड स्थित गोल्डन बेल्स एकेडमी में प्रातः 10 बजे आयोजित हुआ। सोसाइटी की चेयरपर्सन जगविंद्र कौर ने बताया कि चौमूं क्षेत्र की उन महिलाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज और देश के लिए उत्कृष्ट कार्य कर मिसाल कायम की है। समारोह में आरपीएस अधिकारी प्रदीप शर्मा और अंजना शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। वहीं डॉ. निष्ठा लांबा, डॉ. कीर्ति सोलंकी सहित अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम में शिरकत कर महिलाओं की उपलब्धियों की सराहना की।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली महिलाओं को मंच पर सम्मानित किया गया। साथ ही चौमूं पुलिस थाने की महिला पुलिसकर्मियों को भी माला पहनाकर और मोमेंटो भेंटकर सम्मान दिया गया। वूमन वेलफेयर सोसाइटी की चेयरपर्सन जगविंद्र कौर के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया

## तरुण बुटोलिया की हत्या के मामले में पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने दिल्ली मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** पूर्व विधायक और भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने दिल्ली के उत्तम नगर क्षेत्र में हुई एक हृदयविदारक घटना पर गहरा रोष व्यक्त किया है। उन्होंने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आग्रह किया है। पत्र के अनुसार, होली पर दिल्ली की जे.जे. कॉलोनी, उत्तम नगर में मात्र एक रंग का गुब्बाटा गिरने के मामूली विवाद में 26 वर्षीय युवक तरुण बूटोलिया की पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। तरुण मूल रूप से राजस्थान के चौमूं (जिला जयपुर) का निवासी था। तरुण को बचाने आए उसके पिता मामराज बुटोलिया और चाचा रमेश कुमार को भी हमलावरों ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि हमलावरों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और घर में घुसकर तोड़फोड़ व मारपीट की। पूर्व विधायक शर्मा ने इस घटना को एक विशेष समुदाय की बढ़ती 'जिहादी मानसिकता' और 'अपराधिक मनोवृत्ति' का प्रमाण बताया है। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच सुनिश्चित करने,घटना में शामिल सभी दोषियों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए और पीड़ित परिवार को उचित आर्थिक सहायता प्रदान की जाए ताकि उन्हें संबल मिल सके।




# डेंटल सर्जन से अभिनेत्री बनी श्रेया शर्मा, धैर्य और विश्वास के बल पर मस्ती 4 में बनाई जगह

**डेंटल सर्जन से अभिनेत्री बनने तक श्रेया शर्मा का सफ़र किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। हरियाणा के एक मेडिकल परिवार से निकलकर उन्होंने अपने सुरक्षित करियर को छोड़ अभिनय के सपने को चुना। बिना किसी फिल्मी बैकग्राउंड के मुंबई आकर श्रेया शर्मा ने संघर्ष, ऑडिशन और अस्वीकृतियों का सामना किया। मेहनत, धैर्य और अपने सपनों पर अटूट विश्वास के बल पर उन्होंने मस्ती 4 जैसी बड़ी फिल्म में अपनी जगह बनाई।**

**कितने ऑडिशन दिए और किसी प्रोजेक्ट को करने से पहले कितनी बार रिजेक्ट हुईं?**
जब मैं पहली बार मुंबई पहुंची, तो सबसे बड़ी दिक्कत ये थी कि आखिर रहूं कहां। घर ढूंढने में ही एक महीना लग गया। फिर तीन महीने बाद मैंने काम की तलाश शुरू की। मेरा मेडिकल बैकग्राउंड था, इसलिए इंडस्ट्री के बारे में उतना आइडिया नहीं था। मैंने एक लिस्ट बना ली थी कि इंडस्ट्री में किन-किन लोगों से मुझे मिलना है। मैंने अपना एक अच्छा-सा पोर्टफोलियो भी तैयार किया, ताकि ये दिखा सकूं कि मैं किस तरह के काम करना चाहती हूं। मैंने काफी सारे वर्कशॉप्स भी किए हैं। मैं एक वुमन आर्मी हूं और इंडस्ट्री में मैंने थोड़ा लेट कदम रखा है, लेकिन मुझे एक्टिंग से प्यार है और वो मुकाम मैं जरूर हासिल करूंगी।

**मस्ती 4 फिल्म कैसे मिली आपको? कितना पापड़ बेलना पड़ा इस फिल्म को हासिल करने के लिए?**
मैंने एक फिल्म की शूटिंग खत्म की थी। उस फिल्म के बाद मैं एक प्रोड्यूसर के ज़रिए मिलान मिलाप जावेरी सर से मिली। उस वक्त मस्ती 4 के ऑडिशन चल रहे थे। मैंने अपनी फिल्म के किरदार 'आंचल' नाम की लड़की के लिए ऑडिशन दिया। जब मिलाप सर मुझे उस किरदार के बारे में बता रहे थे कि वो लड़की अपने हसबैंड का फोन चेक करती है, लोकेशन मंगवाती है, तो मैंने उनसे कहा कि सर, मैं तो रियल लाइफ में भी ऐसी ही हूं। ऑडिशन देने के बाद मैंने बहुत लंबा इंतजार किया और डेली कॉल करके पूछा करती थी। मैं किसी भी हाल में ये फिल्म करना चाहती थी, क्योंकि इसी फिल्म से मुझे इंडस्ट्री में ब्रेक मिलता। और कौन नहीं चाहता है आफताब शिवदासानी, विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख और अरशद वारसी जैसे एक्टर्स के अपोजिट काम करना, मेरे लिए ये एक बहुत बड़ी ऑपर्च्युनिटी थी।




# शरारत मेरे लिए सपने सच होने जैसा

सुपरहिट फिल्म धुरंधर इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हर दिन शानदार कमाई कर रही है। एक तरफ जहां लोगों को इसकी कहानी पसंद आ रही है, तो वहीं इसके एक चर्चित गाने शरारत को भी काफी पसंद कर रहे हैं। इस गाने में टीवी की मशहूर एक्ट्रेस क्रिस्टल डिसूजा ने अपने शानदार डांस और स्टाइलिश अंदाज से दर्शकों का दिल जीत लिया है। शरारत में उनके डांस मूव्स को न सिर्फ पसंद किया जा रहा है, बल्कि सोशल मीडिया पर भी यह गाना जमकर वायरल हो रहा है। इस गाने में उनके साथ बिग बॉस 17 फेम आयशा खान भी नजर आई और दोनों की केमिस्ट्री को दर्शक खूब सराह रहे हैं। आईएएनएस से बातचीत के दौरान क्रिस्टल डिसूजा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, फ्रशरारत जैसे गाने के जरिए धुरंधर जैसी बड़ी फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। जब मुझे इस गाने का ऑफर मिला, तब मेरे लिए गाने से ज्यादा फिल्म की स्टारकास्ट मायने रखती थी, क्योंकि इसमें रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन और राकेश बेदी जैसे दिग्गज कलाकार शामिल हैं। ऐसे बड़े नामों के साथ जुड़ना ही मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी।

क्रिस्टल ने बताया, जब मैंने गाने की शूटिंग शुरू की, तब मुझे इसका कोई अंदाजा नहीं था कि शरारत गाने को कितना फुटेज मिलेगा, कितनी स्क्रीन टाइम होगी, या यह गाना कितना पॉपुलर होगा। मैंने बिना किसी उम्मीद के इस प्रोजेक्ट को हां किया था, क्योंकि मैं बस इस फिल्म का हिस्सा बनना चाहती थी। आज जब यह गाना दुनियाभर में पसंद किया जा रहा है, तो यह देखकर बेहद खुशी महसूस हो रही है। उन्होंने बताया कि इस गाने की शूटिंग महज तीन दिनों में पूरी की गई थी, लेकिन मेहनत और एनर्जी पूरी टीम ने भरपूर लगाई।

जब उनसे कोरियोग्राफर विजय गांगुली के एक इंटरव्यू के बयान को लेकर पूछा गया, जिसमें उन्होंने बताया कि इस गाने के लिए उन्होंने सबसे पहला नाम तमन्ना भाटिया का दिया था, तो इस सवाल पर क्रिस्टल ने बेहद सादगी के साथ जवाब देते हुए कहा, तमन्ना बेहद खूबसूरत और टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं और उनका अंदाज सबसे अलग है। लेकिन मेरा मानना है कि जो चीज आपकी किस्मत में होती है, वही आपको मिलती है। यह गाना मेरी और आयशा खान की किस्मत में लिखा था और इसलिए यह हमें मिला।




# किच्चा सुदीप ने कैमियो कल्चर पर निकाली भड़ास



साउथ एक्टर किच्चा सुदीप की फिल्म मार्क 25 दिसंबर, 2025 को क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। इसमें उन्होंने अजय मार्कंडेय का किरदार निभाया है, जो सस्पेंडेड पुलिस ऑफिस है। अब इस मूवी को जहां क्रिटिक्स का पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है। वहीं, एक्टर ने एक इंटरव्यू में कैमियो को लेकर कुछ विवादित कह दिया है। एक इंटरव्यू में किच्चा सुदीप ने कहा कि एक्टर के तौर पर उन्होंने दूसरी भाषाओं की फिल्मों में कैमियो रोल किया है लेकिन एक्टर्स साउथ की फिल्मों में एक्ट करने नहीं आ रहे हैं। उन्होंने ये भी बताया कि उन्होंने कुछ कलाकारों को पर्सनली भी कहा था। उनसे गुजारिश की थी लेकिन कुछ नहीं हुआ।

## किच्चा सुदीप ने दूसरी इंडस्ट्रीज पर निकली भड़ास

एक्टर ने कहा, हम दूसरी भाषाओं की फिल्मों में कैमियो रोल कर रहे हैं, लेकिन कलाकार हमारी फिल्मों में आकर अभिनय नहीं कर रहे हैं। मैंने कुछ आर्टिस्ट्स से व्यक्तिगत रूप से अनुरोध भी किया, लेकिन बात नहीं बनी। यह दोनों पक्षों के सहयोग से होना चाहिए, लेकिन मुझे अभी ऐसा होता नहीं दिख रहा है। यहां तक कि शिवराजकुमार सर ने भी जेलर में अभिनय किया था, जिससे ये साफ दिखता है कि दूसरी इंडस्ट्रीज के बीच आपसी सहयोग कैसा होना चाहिए।

## किच्चा सुदीप ने फ्री में की थी दबंग 3

पैसे से ज्यादा दोस्ती को अहमियत देने की बात करते हुए एक्टर ने दबंग 3 के बारे में कहा, मैंने दूसरी भाषाओं में फिल्में दोस्ती के लिए कीं, पैसे के लिए नहीं। मैंने दबंग 3 में इसलिए काम किया क्योंकि सलमान भाई ने मुझसे खुद गुजारिश की थी, और मैंने इसके लिए कोई फीस नहीं ली। मैंने पुली भी थलपति विजय की वजह से की। वो कभी किसी के बारे में बुरा नहीं बोलते, और मुझे ये बात अच्छी लगती है। लेकिन नानी की स्क्रिप्ट ऐसी थी, जिसने मुझे सच में इम्प्रेस किया।



# सलमान की फिल्म से क्लैश नहीं करेगी आलिया की फिल्म, अल्फा की रिलीज डेट आगे बढ़ाई गई



आलिया भट्ट और सलमान खान की फिल्मों के बीच होने वाली बॉक्स ऑफिस टक्कर अब नहीं होगी। यह टक्कर अगले साल अप्रैल के महीने में होने वाली थी। आलिया की आने वाली फिल्म अल्फा की रिलीज तारीख बदल दी गई है। यह फिल्म पहले 17 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में आने वाली थी। अब मेकर्स नई रिलीज तारीख जल्द बताएंगे। इस फैसले की जानकारी ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने शनिवार को अपने एक्स अकाउंट पर दी।

उन्होंने लिखा कि यह फैसला सलमान खान की फिल्म बैटल ऑफ गलवान से सीधी टक्कर से बचने के लिए लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रोडक्शन हाउस यश राज फिल्म्स अब थिएटर कैलेंडर देखकर नई तारीख तय करेगा। पोस्ट में उन्होंने लिखा कि पहले 2 अप्रैल 2026 की तारीख तय थी, लेकिन अब उस तारीख को आगे बढ़ा दिया गया है। आने वाले कुछ महीनों में नई रिलीज तारीख का ऐलान होगा। यह दूसरी बार है जब अल्फा की रिलीज टली है। इससे पहले यह फिल्म क्रिसमस 2025 पर रिलीज होनी थी। बाद में पोस्ट-प्रोडक्शन के लिए ज्यादा समय देने के चलते इसकी रिलीज डेट 2 अप्रैल 2026 तय की गई। फिल्म में आलिया भट्ट के साथ शरवरी और बॉबी देओल अहम रोल में हैं। हाल ही में फिल्म वार 2 के पोस्ट क्रेडिट सीन में अल्फा से जुड़ा एक सीन दिखाया गया था। उस सीन में बॉबी देओल की एंट्री दिखाई गई। सीन में वह एक लड़की के हाथ पर एजेंसी का लोगो लगाते हैं। लड़की पूछती है कि इसका क्या मतलब है। वह जवाब देते है कि अल्फा ग्रीक अल्फाबेट का पहला अक्षर है। यह उनके प्रोग्राम का मोटो है। इसका मतलब है, सबसे पहला, सबसे तेज और सबसे मजबूत।

## बैटल ऑफ गलवान में नजर आएंगे सलमान

वहीं सलमान खान स्टारर बैटल ऑफ गलवान की बात करें, तो इसे अपूर्व लाखिया डायरेक्ट कर रहे हैं। यह फिल्म साल 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुई झड़प पर आधारित है, जो बिना एक भी गोली चलाए लड़ी गई थी।




# नागिन 7 में प्रियंका जैसी सच्ची दोस्त मिलने के लिए शुक्रगुजार हूं



**बिग बॉस 18 से निकलकर नागिन फ्रैंचाइज़ी में एंट्री करने वाली टीवी एक्ट्रेस ईशा सिंह ने बातचीत के दौरान अपनी जर्नी, फैमिली सपोर्ट, प्रियंका और नमिक जैसे को-स्टार्स से बॉन्डिंग, मुंबई-भोपाल के फर्क और नेगेटिविटी से दूर रहने की सीख शेयर की।**

**नागिन इतनी बड़ी फ्रेंचाइजी है। बिग बॉस 18 में रहते हुए ही इसकी बात पता चल गई थी। उस वक्त तो बता नहीं सकती थीं। पहली बार जब पता चला, तो क्या फीलिंग हुई?**

कलर्स मेरे लिए घर जैसा है। इतना बड़ा फ्रेंचाइजी, ऊपर से एकता मैम का शो और बालाजी टेलीफिल्म्स,सब कुछ परफेक्ट। ऑफर आया तो सोचा क्यों न ट्राई करें, कैरेक्टर बिल्कुल अलग था। नागिन शूटिंग ने नए मौके खोले।

**फैंस सोच रहे हैं कि आप खतरों के खिलाड़ी करेंगी?**

पिछले साल खतरों के खिलाड़ी में बहुत बुरा अनुभव हुआ था। अभी कोई प्लान नहीं है, लेकिन कभी-कभी नेवर कहकर भी कर लिया जाता है। बिग बॉस से पहले भी मैंने मना किया था, लेकिन कर लिया। हो सकता है अगले साल सांप-बिच्छू वाले स्टंट्स कर रही हूं।

**बहुत शानदार शुरुआत हुई है। प्रियंका भी बिग बॉस में रह चुकी हैं, नामिक पॉल भी हैं, ये कमाल के कलाकार हैं। इनके साथ आपकी बॉन्डिंग कैसी रही? शूटिंग का आपका अनुभव कैसा रहा?**

बहुत अच्छा रहा। सिर्फ ये दो नहीं, बाकी सारे कलाकार भी बहुत अच्छे लोग थे। प्रियंका तो मेरी बहन जैसी लगने लगी है, शो में भी सिस्टर-सिस्टर का बॉन्ड है और ऑफ-स्क्रीन भी। वो फैमिली जैसी है, बहुत खूबसूरत इंसान है, प्यारी लड़की। हम दोनों बहुत अटैच्ड हैं। इस शो से मुझे कई अच्छे दोस्त मिले, और नागिन 7 में प्रियंका जैसी सच्ची दोस्त मिलने के लिए हमेशा शुक्रगुजार रहूंगी।

**आप कमाल लग रही हैं। प्रियंका का लुक भी शानदार है, क्योंकि उन्हें डबल रोल निभाना है। पेरेंट्स, भाई और रुद्राक्ष का रिएक्शन कैसा रहा?**

अभी उनका रिएक्शन देखना बाकी है। मैंने सिर्फ फर्स्ट एपिसोड की कुछ क्लिप्स देखी हैं, लेकिन वो लोग देख चुके हैं। इंतजार कर रही हूं कि उन्हें कैसा लगा। रुद्राक्ष तो हमेशा मेरा मजाक उड़ाता है, बिग बॉस में भी उड़ाया था। लेकिन वो बहुत सपोर्टिव है और ऑनेस्ट फीडबैक देता है। कैसी लग रही हो, वैसी लग रही हो। उसका रिएक्शन बहुत मायने रखता है।

**बिग बॉस से भी बहुत कुछ सीखा होगा आपने?**

हां, बहुत कुछ सीखा। उस शो ने 3 महीनों में जितना सिखाया, वैसा शायद कहीं और न मिले। वहां सिचुएशन, लोगों और स्ट्रेस को मैनेज करना सीख जाते हो। बाहर आते वक्त इतना कॉन्फिडेंट हो जाते हो कि एक शील्ड लग जाती है। अब फर्क नहीं पड़ता। पहले जो चीजें अफेक्ट करती थीं, रुलाती थीं, अब वो कुछ नहीं करतीं।

**वीकेंड पर आपके दो शोज बैक-टू-बैक आ रहे हैं। लाफ्टर शेफ्स तो कमाल चल रहा है, और नागिन की जोड़ी भी। ये एक्सपीरियंस कैसा रहा? कभी सोचा था कि प्राइम टाइम पर ऐसा होगा?**

भगवान ने सपनों से कहीं ज्यादा दिया है। इसके लिए हमेशा आभारी हूं। लाफ्टर शेफ्स को इतना प्यार मिला, नागिन को भी मिलेगा। शनिवार-रविवार 8 से 9 बजे नागिन में मिलूंगी, 9 से 10 बजे लास्ट शेफ्स में।

**आपकी लॉयल्टी कमाल की है, पुराने को-स्टार्स के साथ बार-बार काम करते रहते हो?**

अविनाश के साथ मेरी जोड़ी इतनी जबरदस्त है कि जब तक बाल नोचते नहीं, दुनिया हमें अलग नहीं कर सकती। शायद लास्ट शेफ्स के आखिरी शॉट्स में ही बाल नोचने वाले होंगे।



## पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के जन्म दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के जन्मदिवस के अवसर पर जालोर के पूर्व सांसद देवजी पटेल के निर्देशानुसार सांचौर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तथा उनके दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। इसके पश्चात भाजपा सांचौर के कार्यकर्ताओं की ओर से श्री गंगा जमना यमुना गौ चिकित्सालय पथमेड़ा सांचोर में गौ माता को लड्डू व गुड़ खिलाकर सेवा की गई। इस अवसर पर देवराज चौधरी, डॉ. शीला विश्नोई, अमराराम देवासी, भावेश सोनी, रीको अध्यक्ष राणाराम चौधरी, महामंत्री कमलेश, गोविंद पुरोहित, हंसराज पुरोहित, सायब खां, डूंगरसिंह कारोला, दिलीप चौधरी, विक्रम गवारिया, भीखाराम विश्नोई, गणपत पटेल,भरत, दिनेश, हुकमाराम सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## आहोर विधायक राजपुरोहित ने सियाणा सीएचसी का निरीक्षण किया



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित ने विधानसभा क्षेत्र आहोर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सियाणा का आकस्मिक निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने अस्पताल में मौजूद चिकित्सकों व कर्मचारियों से चिकित्सा सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता तथा मरीजों को मिल रही सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान स्थानीय लोगों ने अस्पताल में आपातकालीन सेवा के लिए एंबुलेंस की मांग रखी, जिस पर विधायक राजपुरोहित ने शीघ्र ही एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान पूर्व मंत्री भूपेंद्र देवासी, मण्डल अध्यक्ष प्रकाश टेलर, जोगसिंह आडवाड़ा, गोरधनसिंह राजपुरोहित, कल्याणसिंह, अर्जुनसिंह, डूंगरसिंह सहित स्थानीय अस्पताल के चिकित्सक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नवकार रथ यात्रा का बिजौलियां में भव्य स्वागत



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** विश्व नवकार दिवस के उपलक्ष्य में जैन दर्शन के मूल मंत्र की महिमा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली जा रही नवकार रथ यात्रा का बिजौलियां नगर व श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ तपोदय तीर्थ क्षेत्र पर भव्य स्वागत हुआ। क्षेत्र पर विराजमान पूज्य दिगंबर मुनिश्री वैराग्य सागर जी व सुप्रभ सागर जी महाराज की गरिमामय उपस्थिति में सकल जैन समाज के श्रद्धालुओं ने रथ का अभिनंदन किया।'जीतो' राजस्थान की ओर से आयोजित इस प्रदेशव्यापी यात्रा का उद्देश्य विश्व शांति, सौहार्द और मानवीय सामंजस्य का संदेश देना है। इस अवसर पर पूज्य मुनिश्री सुप्रभ सागर जी महाराज ने कहा कि संपूर्ण विश्व पर इस समय युद्ध का साया छाया हुआ हैं। हर तरफ अशांति की गूंज हैं। ऐसे समय में हम नवकार मंत्र के माध्यम से संपूर्ण विश्व के समस्त प्राणियों की सुख-शांति की कामना करते हैं। पूज्य संघ ने आगामी 9 अप्रैल को विश्व नवकार मंत्र दिवस के लिए अधिकाधिक समाजजनों को इस कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जैन समाज के लाभचंद पटवारी, नरेंद्र जैन बगड़ा, पंकज हरसौरा, अनिल नागौरी, श्रीपाल नलवाया, अनिल गोधा, नरेंद्र चावत, अमित ठग, हेमंत ठोला, रूपलाल गोधा, सुमित सेठिया, राजेश बगड़ा, करण नलवाया, विमल बाकलीवाल, राजेंद्र सेठिया और महिला मंडल की सदस्यों सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

## जालोर में पांचों विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारियों की घोषणा

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने विधानसभा अनुसार विधानसभा प्रभारी की घोषणा की है। जिला प्रवक्ता एडवोकेट दिनेश महावर ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने विधानसभा जालोर में भूपेंद्र देवासी को, विधानसभा सांचोर के लिए मुकेश कुमार खण्डेलवाल, विधानसभा रानीवाड़ा में जिला उपाध्यक्ष केराराम चौधरी, विधानसभा भीनमाल में मंगलसिंह सिराणा व विधानसभा आहोर के लिए पुखराज राजपुरोहित विराणा को विधानसभा प्रभारी बनाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने जिला संगठन प्रभारी महेंद्र मेघवाल व जिला सह संगठन प्रभारी जगदीश देवासी से चर्चा कर विधानसभा स्तर पर संगठन के कार्य को प्रभावी बनाने को लेकर विधानसभा के प्रत्येक बूथ को मजबूती प्रदान करने की मंशा से प्रभारियों की नियुक्ति की गई।

# महिलाओं को जीवन में उल्लेखनीय कार्य के लिए प्रोत्साहित करें: गावड़े

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता विभाग, जालोर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को राजेंद्र नगर स्थित जालोर क्लब में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के गावडे ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य हैं कि वे महिलाओं को जीवन में उल्लेखनीय कार्य करने हेतु प्रोत्साहित करें और देश की बेटियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाएँ जिसके फलस्वरुप वे इंजीनियरिंग, मेडिकल, रिसर्च एजुकेशन आदि क्षेत्रों में देश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम के अवसर पर डॉ. मंजू मेघवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री नारी शक्ति ऋण एवं कौशल संवर्धन योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, मां वाउचर योजना, बैंक सखी, ड्रोन दीदी, सखी वन स्टॉप सेंटर, राज कॉप सिटीजन एप आदि के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। समारोह में मंजू सोलंकी ने कहा कि सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका हैं अतः हमारा कर्तव्य हैं कि बालिकाओं को बेहतर शिक्षा एवं मंच मिले जिसके फलस्वरुप वे एस्ट्रोनोट सुनीता विलियम्स, उड़नपरी पी.टी. उषा, अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सर मेरीकॉम की तरह देश का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में कालिका यूनिट की महिला पुलिसकर्मियों ने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा से संबंधित राज कॉप एप्प के बारे विस्तार से बताया। कार्यक्रम में नन्ही बालिकाओं ने विभिन्न गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान राज्य स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण हुआ। कार्यक्रम में महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक लक्ष्मणसिंह राजपुरोहित ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला उद्यमियों, महिला स्पोर्ट्स पर्सन, आँगनवाड़ी कार्यकर्ता व साथिन को पन्नाधाय सुरक्षा व सम्मान योजना पुरस्कार एवं माता यशोदा पुरस्कार का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस साप्ताहिक गतिविधियों के अंतर्गत जिला, ब्लॉक एवं ग्राम पंचायत स्तर पर 4 से 8 मार्च तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए कार्यशाला, महिलाओं व बालिकाओं के लिए एनीमिया जागरूकता कार्यक्रम, आत्मरक्षा संबंधी प्रशिक्षण, महिला सुरक्षा एवं संरक्षण संबंधी कार्यक्रम, महिलाओं की उद्यमिता प्रोत्साहन के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंद किशोर राजोरा, आईसीडीएस के उप निदेशक अशोक विश्नोई, जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी कार्मिक, एएनएम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी सहित महिलाएँ व बालिकाएँ उपस्थित रही।

## शिक्षाप्रद प्रयोगों के माध्यम से मनाया आनंदोत्सव

### हनुमान शर्मा ने व्यायाम, कुमारी दिशा ने करवाए कई खेल



जयपुर टाइम्स

**भीनमाल(निस)।** सन टू ह्यूमन परिवार की ओर से स्थानीय नेहरू पार्क में होली स्नेहमिलन का आयोजन ऊर्जावान एल्कलाइन नाश्ते के साथ आयोजित किया गया जिसमें सैकड़ों साधकों ने भाग लेकर सकारात्मक जीवन के सूत्र सीखे। परम आकाश कन्हैयालाल खंडेलवाल ने इस अवसर पर कहा कि होली या अन्य उत्सव के बहाने हमें भीतर की शक्तियों को जागृत करने का प्रयास करना चाहिए। भीतर की ऊर्जा बढ़ेगी तो हमारा भौतिक जीवन भी आनंददायक होगा और इस ऊर्जा को बढ़ाने के लिए हम छोटे छोटे प्रयोगों के माध्यम से ध्यान की गहराई को बढ़ा सकते है। नेहरू पार्क में चलने वाले दैनिक प्रयोग प्रभारी हनुमान शर्मा ने नाभि झटका आदि के व्यायाम प्रयोग करवाए। कुमारी दिशा खंडेलवाल ने इस अवसर पर स्वस्थ मनोरंजन वाले खेल और विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाकर सभी को आनंद से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रेमराज बोहरा, पूर्व उपाध्यक्ष जयरूप राम माली, जोगाराम चौधरी, नारायण जांगिड़, भरत शर्मा, हरिराम विश्नोई, दिनेश भाटी, अशोक मेहता, सुमित बाहेती, जोरावरसिंह राव, पारस घांची, सांवलाराम सेन,सुरेश माली, सुरेश अग्रवाल, नवरतन अग्रवाल, संदीप देसाई, अशोक धारीवाल, रमेश अग्रवाल, प्रभुराम पांचाल , जीवाराम विश्नोई, देवेंद्र त्रिवेदी, प्रवीण बालोत, रतनाराम घांची, मदनलाल माली, दानाराम देवासी, बाबूलाल सोलंकी, किशोर सुथार, मोतीराम गर्ग, कैलाश माहेश्वरी, शोभा शर्मा, चेतना नगर, रिया सैनी, भगवती देवी, गुड़िया खंडेलवाल, पूर्णिमा सोनी, कैलाश जैन, अशोक दर्जी, सहित बड़ी संख्या में स्त्री पुरुष उपस्थित रहे।

ज्ञात रहे कि भीनमाल में पिछले चार वर्षों से सन टू ह्यूमन की ओर से जीवन रूपांतरण एवं भोजन के संज्ञान को लेकर समय समय पर कई आयोजन होते रहते है तथा नेहरू पार्क में सुबह का नियमित प्रयोग चलता है।

दादी की स्मृति में गौसेवा का संकल्प

## माइक्रो लैब्स संस्थापक दिलीप सुराणा ने श्रीराम गौशाला को दिए 2 लाख

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** गौ सेवा की परंपरा को मजबूत करने की दिशा में समाज के भामाशाह लगातार आगे आ रहे हैं। इसी कड़ी में देश के सुप्रसिद्ध दवा निर्माता माइक्रो लैब्स के संस्थापक दिलीप सुराणा (बालराई) ने अपनी पूजनीय दादी श्रीमती प्यारी बाई चुनीलाल सुराणा की पुण्य स्मृति में श्री राम गौशाला को 2 लाख की राशि सप्रेम भेंट कर गौ सेवा के प्रति अपनी आस्था और समर्पण का परिचय दिया। श्री राम गौशाला समिति के अध्यक्ष धीरज सांखला के निर्देशन में समाज के भामाशाहों को गौ सेवा के लिए प्रेरित किया जा रहा है। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार, उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, मंत्री भंवरलाल परमार, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पुरोहित, भामाशाह चंपालाल चांदोरा और अन्य सदस्यों के प्रयासों से गौशाला की सेवा गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। समिति मंत्री भंवरलाल परमार ने बताया कि यह सहयोग चन्द्रप्रकाश (चन्दु भाई) पुत्र मांगीलाल चौहान (सुथार), निवासी खिमेल की प्रेरणा तथा उत्तम सुराणा (बालराई) के विशेष प्रयासों से संभव हो पाया। गौशाला की ओर से सहयोग का निवेदन किए जाने पर सुराणा परिवार ने तुरंत सहर्ष सहयोग कर गौ सेवा के प्रति अपनी संवेदनशीलता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया।

**सैकड़ों गोवंश की सेवा का बन रहा सहारा:**
गौशाला अध्यक्ष धीरज सांखला ने बताया कि प्राप्त राशि का उपयोग गौशाला में रह रहे निर्बल, बीमार और बेसहारा गोवंश के चारे, उपचार और देखभाल में किया जाएगा। वर्तमान में गौशाला में सैकड़ों गोवंश की सेवा की जा रही है, जिनकी भोजन, चिकित्सा और आश्रय की व्यवस्था समाज के दानदाताओं के सहयोग से की जाती है।

**भामाशाहों के सहयोग से बढ़ रही सेवा भावना:**
गौशाला से जुड़े सेवाभावी कार्यकर्ताओं ने कहा कि आज कई स्थानों पर गोवंश सड़कों पर भटकता नजर आता है। ऐसे समय में भामाशाहों का सहयोग समाज के लिए प्रेरणास्रोत बनता है। यदि समाज का हर सक्षम व्यक्ति अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहयोग करे तो कोई भी गौ माता भूखी या असहाय नहीं रहेगी। गौशाला प्रबंधन ने दिलीप सुराणा एवं उनके परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके इस सहयोग से न केवल गौशाला की सेवा गतिविधियों को बल मिलेगा, बल्कि समाज में गौ सेवा के प्रति जागरूकता और प्रेरणा का संदेश भी पहुंचेगा। समिति ने कामना की कि भगवान महादेव और गौ माता का आशीर्वाद सुराणा परिवार पर सदैव बना रहे और वे इसी तरह समाजसेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते रहें।

## महंगाई के विरोध में कांग्रेस का हल्ला बोल, राजगुरु सर्किल पर पीएम का पुतला दहन



### गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर सुमेरपुर में विरोध प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** घरेलू गैस सिलेंडर, पेट्रोल और डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों के विरोध में रविवार को सुमेरपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुभाष मेवाड़ा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने शहर के राजगुरु सर्किल पर एकत्र होकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर महंगाई के खिलाफ आक्रोश जताया। इस दौरान लोकसभा प्रत्याशी संगीता बेनीवाल ने कहा कि बढ़ती महंगाई से आम जनता का जीवन कठिन होता जा रहा है और सरकार आम लोगों को राहत देने में विफल साबित हो रही है। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिशुपाल सिंह निम्बाड़ा ने कहा कि गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार वृद्धि से गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहा है। प्रदर्शन में करणसिंह मेड़तिया, जाफर सिलावट, महेश परिहार, महेश जोशी, नाहर सिंह, जयनारायण सीपा, ललित परिहार, हेमंत देवासी, राजेंद्र सिंह जाखोड़ा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, महिलाएं और आमजन मौजूद रहे।

## महिला दिवस पर वृध्द महिलाओं का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** पारसनाथ भगवान के तप कल्याणक अवसर और महिला दिवस की पूर्व संध्या पर श्री दिगंबर जैन महिला महासमिति बिजौलियां संभाग की ओर से 23 वृद्ध महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रद्धा ठग ने मंगलाचरण द्वारा की। सभी वृद्ध महिलाओं का माला और तिलक के साथ चरण धुला कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर वृद्ध महिलाओं को उपहार भी दिए गए। इस अवसर पर महिला समिति की अर्चना पटवारी, सुनीता सेठिया, अलका पटवारी, नीतू पटवारी, तनुज जैन, मीना लुहाड़िया समेत कई महिलाएं मौजूद रही।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जागरूकता शिविर आयोजित




जयपुर टाइम्स

**मकराना(निस)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर, अध्यक्ष/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डीडवाना व अध्यक्ष, अध्यक्ष आशा चौधरी ताल्लुका विधिक सेवा समिति के निर्देशानुसार पैनल अधिवक्ता तलत हुसैन हनीफी ने बालाजी मंदिर के पास गुणावती में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस पर पेनल अधिवक्ता हनीफी ने महिलाओं आमजन जनता को कहा कि हर साल 8 मार्च को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। 8 मार्च का दिन महिलाओं को समपिर्तत है। यह दिन नारी शक्ति और महिलाओं की उपलब्धियों को सलाम करने का है। महिला दिवस का दिन हमें नारी की हर छोटी-बड़ी लड़ाई को सम्मान देने और उनके सपनों को पंख देने का मौका देता है। यह दिवस महिलाओं की ओर से समाज में दिए गए योगदान, उनके संघर्ष तथा उनके सामने आने वाली चुनौतियों की याद दिलाता है। आधुनिक दौर में एक महिला एक पूर्ण चक्र है। उसके भीतर सृजन, पोषण और परिवर्तन की असीम शक्ति है और यह भी प्रबल हो जाती है जब एक महिला घर की दहलीज से बाहर आकर खुद को कामकाजी महिलाओं की कतार में खड़ी करती है। वास्तव में कामकाजी महिलाएं ही महिला सशक्तिकरण की पर्यावाची और पूरक है। महिला सशक्तिकरण समाज की असली नींव है। जब महिलाएं शिक्षित, आत्मनिर्भर और सम्मानित होंगी, तभी समाज प्रगति करेगा। उनकी ताकत से परिवार मजबूत होता है और राष्ट्र की उन्नति सुनिश्चित होती है। हम सभी निष्पक्षता का समर्थन करके, महिलाओं का सम्मान करके और महिलाओं को उनके सपने पूरे करने के लिए प्रोत्साहित करके अपनी भूमिका निभा सकते हैं। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से संचालित प्रमुख महिलाएं केन्द्रित योजनाओं में विशेषकर हिंसा और यौन उत्पीड़न की शिकार महिलाओं को मुफ्त कानूनी सहायता, मुआवजे और पुनर्वास के लिए कई योजनाएं चलाता है। नालसा मुख्य योजनाओं में यौन उत्पीड़न पीड़िता मुआवजा योजना, तस्करी और यौन शोषण पीड़ित योजना और एसिड अटैक पीड़ित योजना आदि शामिल हैं, जो न्याय और सम्मान सुनिश्चित करती हैं। पेनल अधिवक्ता हनीफी ने 14 मार्च शनिवार को होने वाली साल की प्रथम राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी, इस अवसर पर पेनल अधिवक्ता तलत हुसैन हनीफी, नथमल बरवड़ एडवोकेट, कोमल बरवड़ एडवोकेट, रमेश एडवोकेट व गोपाल बरवड़, लीना, पुष्पा देवी, राधा देवी, रुकमा देवी, मींरा देवी, दीक्षा, पूजा, खुशबू, निधि, अनिता, कोमल आदि उपस्थित रहे।

# भामाशाह के.सी. जैन का श्रीराम गौशाला में सेवा संकल्प

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** गोसेवा की महान परंपरा को आगे बढ़ाते हुए श्रीराम गौशाला सुमेरपुर में रविवार को सेवा, सहयोग और श्रद्धा का प्रेरणादायी दृश्य देखने को मिला, जब प्रवासी भामाशाह के.सी. जैन (लंदन/खिवान्दी) गौशाला पहुंचे और गोवंश की सेवा के लिए उदारतापूर्वक सहयोग समर्पित किया। जैन ने गौशाला का विस्तृत निरीक्षण करते हुए यहां रह रहे सैकड़ों गोवंश की देखभाल, चारे-पानी की व्यवस्था और चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली तथा गौसेवा को समाज का सबसे बड़ा पुण्य कार्य बताया।



भ्रमण के दौरान उन्होंने कहा कि गौसेवा केवल सेवा नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा है और समाज के हर सक्षम व्यक्ति को इस पुण्य कार्य में आगे आना चाहिए। उन्होंने गौशाला में सेवा दे रहे कर्मचारियों और पदाधिकारियों के कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

**61,300 रुपए की सहयोग राशि भेंट:**
इस अवसर पर के.सी. जैन फाउंडेशन व जैन नवयुग मंडल लंदन की ओर से 61,300 रुपए की सहयोग राशि गौसेवा के लिए समर्पित की गई। जैन ने कहा कि भविष्य में भी गौशाला की जरूरतों के लिए उनका सहयोग निरंतर जारी रहेगा।

**गौशाला के लिए टेंपो देने का भरोसा:**
गौशाला अध्यक्ष धीरज सांखला और वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार ने गौशाला में चारा व सामग्री लाने ले जाने की समस्या से अवगत कराते हुए टेंपो की आवश्यकता बताई। इस पर भामाशाह के.सी. जैन ने गौशाला को टेंपो भेंट करने का आश्वासन दिया, जिससे गोवंश की सेवा कार्य और सुगम हो सकेगा।

**पानी की समस्या समाधान के लिए ट्यूबवेल की घोषणा:**
इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष व गौशाला उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा ने गौशाला परिसर में ट्यूबवेल कराने की घोषणा की, ताकि गोवंश के लिए पानी की व्यवस्था स्थायी रूप से सुदृढ़ हो सके।

**विकास कार्यों का कराया अवलोकन:**
गौशाला सेवा समिति ने भामाशाह जैन को परिसर में चल रहे विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं का अवलोकन कराया। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि समाज के दानवीरों और गौभक्तों के सहयोग से ही गौशाला में सैकड़ों निराश्रित और घायल गोवंश की सेवा संभव हो पा रही है। भ्रमण के पश्चात गौशाला सेवा समिति की ओर से भामाशाह के.सी. जैन का गर्मजोशी से स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष धीरज सांखला, उपाध्यक्ष चतुर्भुज शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र कुमार पुरोहित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवलाल परिहार, वरिष्ठ पत्रकार पुखराज कुमावत, व्यवस्थापक मोहनदास वैष्णव सहित कई सदस्य व गौभक्त उपस्थित रहे। समिति ने समाज के सभी भामाशाहों और गौभक्तों से आह्वान किया कि वे आगे आकर गौशाला के इस पवित्र अभियान में सहयोग दें, ताकि निराश्रित गोवंश की सेवा और संरक्षण का यह कार्य निरंतर चलता रहे।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
09 मार्च, 2026

## रामनिवास तेतरवाल को "वेटरन अचीवर अवार्ड" से सीएम ने किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** राष्ट्र निर्माण और पूर्व सैनिकों के कल्याण में अनुकरणीय योगदान देने के लिए कोलासर के सेवानिवृत नायब सूबेदार रामनिवास तेतरवाल को प्रतिष्ठित वेटरन अचीवर अवार्ड से नवाजा गया है। चूरू में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मजिंदर सिंह ने अपने कर-कमलों रामनिवास तेतरवाल को यह सम्मन प्रदान किया। ज्ञात रहे कि सेवानिवृत्ति के पश्चात भी रामनिवास तेतरवाल ने अपनी ऊर्जा को समाज सेवा में लगाया है। उन्हें विशेष रूप से पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान, उनके परिवारों की सहायता और युवाओं में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने के लिए जाना जाता है। समारोह के दौरान आर्मी कमांडर और मुख्यमंत्री ने तेतरवाल के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि एक सैनिक सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद भी समाज के लिए एक सजग प्रहरी की भूमिका निभाता है। इस उपलब्धि पर चूरू के पूर्व सैनिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## पशुपालन विभाग में पदोन्नति होने पर मीणा का किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** डॉ मोहरसिंह मीणा को उपनिदेशक पशुपालन विभाग के पद पर पदोन्नति होने व लगातार सहजूसर में 21वर्ष की उत्कृष्ट सेवा करने पर स्वागत, सम्मान व अभिनन्दन किया गया। डॉ मोहरसिंह मीणा की ओर से ग्राम सहजूसर में पशु चिकित्सा अधिकारी व वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी के पद पर लगभग 21 वर्ष तक लगातार कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी से कार्य कर राज्य सरकार की विभागीय योजनाओं से सभी वर्गों के पशुपालकों को लाभान्वित करने, आय बढ़ाने, मूक पशुओं के त्वरित उपचार करने व साथ ही डॉ मोहरसिंह मीणा को उपनिदेशक के पद पर पदोन्नति उपरांत बीवीएचओ, सादुलपुर पदस्थापित होने पर ग्रामवासियों, प्रबुद्धजनों, माताओं व बहनों की ओर से माल्यार्पण, प्रतीक चिन्ह, शॉल व श्री फल भेंट कर स्वागत, सम्मान व अभिनन्दन किया गया। डॉ. मीणा ने अपने उद्बबोधन में कहा कि विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेकर उन्नत पशुपालन से पशुपालक अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर विकसित भारत बनाने में अपनी अहम भूमिका अदा कर सकता है। इस अवसर पर ग्राम सहजूसर के प्रशासक सहित अधिकतर ग्रामवासी उपस्थित रहे। डॉ मोहरसिंह मीणा ने उपस्थित सभी ग्रामवासियों का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला चिकित्सालय में महिला कर्मचारियों का सम्मान




जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय लक्ष्मणगढ़ में रविवार को महिला कर्मचारियों के सम्मान में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में कार्यरत महिला चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ व अन्य महिला कर्मियों को नारी शक्ति का प्रतीक स्वरूप गुलदस्ता व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम डॉक्टर विमल भूरिया व नर्सिंग अधीक्षक मोहन लाल खींची की अगुवाई में आयोजित किया गया। उन्होंने महिला कर्मचारियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनके कार्यों की सराहना की और समाज व स्वास्थ्य सेवाओं में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। इस दौरान अस्पताल में कार्यरत महिला स्टाफ को मिठाइयां भी वितरित की गईं और सभी ने मिलकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और समर्पण से समाज को नई दिशा दे रही हैं। स्वास्थ्य सेवाओं में भी महिला कर्मचारियों की भूमिका बेहद अहम है, जो मरीजों की सेवा में दिन-रात समर्पित रहती हैं।आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिला अस्पताल का स्टाफ मौजूद रहा।

## महिलाओं ने किया पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ(निस)।** नवलगढ़ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जीवन एक आधार सेवा संस्थान, नवलगढ़ के तत्वावधान में सैनी नगर की महिलाओं ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। संस्था प्रभारी पुष्पा सैनी ने बताया कि महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं ने विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाकर 'पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ' का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए तथा उनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। इस अवसर पर संस्था सचिव रचना सैनी, दीपशिखा सैनी, मंजू देवी, संगीता देवी, अंजना सैनी, रुचिका सैनी, श्रवणी देवी, सुभिता देवी, प्रियंका देवी, बबली सैनी और तनुजा सैनी सहित अनेक महिलाएं मौजूद रहीं। सभी ने मिलकर पौधारोपण कर महिला सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### चूरू में राठौड़ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री का अभूतपूर्व अभिनंदन

# भाजपा संगठन की असली ताकत कार्यकर्ताओ में निहित: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने चूरू प्रवास के दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के सैनिक कॉलोनी स्थित आवास में पहुचे जहां पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, विधायक हरलाल सहारण, जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा के नेतृत्व में चंग ढप बजाकर पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने चूरू के सुप्रसिद्ध चंदन कलाकारो की ओर से निर्मित चंदन की कलाकृति भेंट की।

अपने स्वागत से अभिभूत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा संगठन की ताकत उसके कार्यकर्ताओ में निहित है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जैसा नेतृत्व और आप जैसे देवतुल्य कार्यकर्ताओ के परिश्रम का ही परिणाम है कि आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन है। उन्होने कहा कि चूरू भाग्यशाली है जहां भारतीय जनता पार्टी के कदावर नेता राजेन्द्र राठौड़ का नेतृत्व है और विधायक हरलाल सहारण जैसा जनप्रतिनिधि है और बसंत शर्मा जैसा कुशल संगठनकर्ता पार्टी की कमान संभाले हुए है। इन सब के नेतृत्व में भाजपा जिले में एक बड़ी ताकत के रूप में प्रदेश में जानी जाती है। उन्होने सभी कार्यकर्ताओ का आह्वान किया कि वे डबल इंजन सरकार की लोकहित की नीतियों को आमजनता तक पहुचाए। इस अवसर पर बोलते हुए पूर्व नेता





प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा कि राजस्थान को विकास की मुख्य धारा में लाने वाले आधुनिक भागीरथ के रूप में कुशलता से कार्य करने वाले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मुख्यमंत्री बनने के बाद यह चोथा प्रवास है और चूरू के प्रति मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का विशेष अनुराग है कि हम सब की अपील पर उन्होने चूरू को कृषि महाविद्यालय, एलीवेटेड रोड़, सेटेलाईट अस्पताल जैसी कई सुविधाए चूरू को दी। इसके लिए चूरू की जनता अपने लाडले मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताने के लिए कार्यक्रम स्थल पर आई है। उन्होने सभी कार्यकर्ताओ का अभिन्नदन करते हुए कहा कि हम सब जिस अनुशासित ढंग से कार्य कर रहे है यह सब कुछ भाजपा पार्टी के संस्कार ही है।

कार्यक्रम में विधायक हरलाल सहारण ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया कि उन्होने चूरू के विकास के लिए हर मांग को मानकर चूरू का मान सम्मान बढ़ाया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार ने अल्प समय में ही लोगो को दिखा दिया है कि विकास किसे कहते है। क्योंकि सरकार ने अपने ज्यादातर वादो को धरातल पर उतार दिया है। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ वासुदेव चावला, लोकसभा प्रत्याशी देवेन्द्र झाझड़िया, जिला महामंत्री चन्द्राराम गुरी, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री सीताराम लुगरिया, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, पूर्व प्रधान विक्रम कोटवाद, प्रधान दीपचन्द राहड़, विधानसभा संयोजक पदमसिंह राठौड़, निकिता गुर्जर ने भी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का अभिन्नदन किया। इस अवसर पर चूरू विधानसभा के मण्डल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत, धर्मेन्द्र राकसिया, विजय कस्वां, निर्मल सैन, दौलतराम प्रजापत, सुप्यार सिंह, रामचन्द्र शर्मा ने मुख्यमंत्री को 31 किलो फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष भास्कर शर्मा व जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच ने किया।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र काछवाल, मोहन खारड़िया, जिला मंत्री दीनदयाल सैनी, सत्तार खांन, रचना कोठारी, विजय शर्मा, दिनेश शर्मा, गोपाल बालाण, अख्तर खांन, अजीत मेघवाल, अभिमन्यु मीणा, कपील रक्षक, जयपाल सिंह टकणेत, मनोज श्योपुरा, रजत शर्मा, हरीश वर्मा, कपील चंदेल , रमेश शर्मा, सुरेश मिश्रा, नोमान खांन, राजीव शर्मा, नीरज जांगिड़, नितिन बुन्देला, निखिल प्रजापत, योगिता प्रजापत, निलम पूनियां, सजना माहिचा, सरिता जोशी, भंवर गुर्जर, श्रीराम पीपलवा, आकाश सैनी, ओम इन्दोरिया, ओमसिंह शेखावत, फरियाद खांन, जुगल पाण्डे, महेश गौड़, गोपी शर्मा, हरि इन्दोरिया, राकेश दाधीच, लिखमीचन्द प्रजापत, मेघराज भार्गव, असलम डायर, भगवानसिंह भाटी, संदीप लुगरिया, सुशील लाटा, महेन्द्र न्यौल, संदीप काजला, सुरेन्द्र सिंह, सीपी खत्री, सीपी शर्मा, राजकरण चौधरी, मधुसुदन राजपुरोहित, पियूष तंवर, प्रकाश नायक, मनोज तंवर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 52 साल बाद मिले रघुनाथ स्कूल के सहपाठी, फाल्गुनी गीतों पर खेली फूलों की होली



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर की रघुनाथ स्कूल में वर्ष 1968 से 1970 के बैच में अध्ययनरत रहे सहपाठी रविवार को एनएच-11 स्थित एक निजी होटल में आयोजित मिलन समारोह में एकत्रित हुए। लगातार दूसरी बार आयोजित इस कार्यक्रम में सभी सहपाठियों ने अपने विद्यार्थी जीवन की पुरानी यादें ताजा कीं और एक-दूसरे के साथ अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त डॉ. शिवकुमार स्वामी, डूंगरमल स्वामी, डॉ. मानाराम मंडार, उषा मंडार तथा सेवानिवृत्त एडिशनल एसपी ओमप्रकाश जांगिड़ ने संबोधित करते हुए इस तरह के आयोजनों को मित्रता और पुराने रिश्तों को मजबूत बनाने की अनूठी पहल बताया। कार्यक्रम के दौरान कॉमेडी कलाकार दिनेश मारवाड़ी ने फिल्मी सुपर स्टारों की मिमिक्री और कॉमेडी की शानदार प्रस्तुति देकर सभी का मनोरंजन किया। वहीं उपस्थित सहपाठियों ने फाल्गुनी गीतों की धुन पर फूलों की होली खेलते हुए उत्सव का आनंद लिया। इस अवसर पर सभी मित्रों ने अपने दिवंगत गुरुजनों, सहपाठियों और पूर्व सूचना आयुक्त नारायण बारहठ को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सभी सहपाठी अपने समय के शिक्षक रहे वयोवृद्ध लक्ष्मीप्रकाश वर्मा और हरिप्रसाद लाटा के घर पहुंचे और उनका सम्मान किया। कार्यक्रम संयोजक घनश्याम मिश्रा ने सभी आगंतुक सहपाठियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद अनिल लाटा ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला शिक्षाधिकारी ओमप्रकाश जांगिड़, चतुर्भुज गोस्वामी, देवकरण माली, बनवारीलाल महर्षि, मदनसिंह राठौड़, विनोद वर्मा, शिवलाल ढेवा, हरिशंकर शर्मा, महावीर भुढाढरा, राधेश्याम चौहान, ओमप्रकाश गौड़, एडवोकेट रामावतार ठठेरा, हरिप्रकाश इंदौरिया, अनिरुद्ध दायमा, रामदेव चंदणिया, उम्मेद मिश्रा, अरविंद मिश्रा सहित अनेक सहपाठी उपस्थित रहे।

## रेल रोको आन्दोलन को लेकर तैयारी बैठक आयोजित

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अखिल भारतीय किसान सभा की ओर से 13 मार्च को चूरू जिला मुख्यालय पर प्रस्तावित रेल रोको आंदोलन की तैयारियों को लेकर सुजानगढ़ स्थित किसान सभा कार्यालय में रविवार को किसानों की बैठक हुई। किसान सभा के जिला संयुक्त सचिव नेतृत्व कॉमरेड रामनारायण रुलानिया में हुई बैठक के दौरान किसान नेताओं ने बताया कि किसानों के सभी बकाया क्लेम जारी करने, मनरेगा कानून को पुनः बहाल करने, अमेरिका-भारत ट्रेड समझौते पर रोक लगाने, गारंटी उपज व क्रॉप कटिंग को सार्वजनिक करने, स्मार्ट मीटर लगाने पर रोक लगाने, सुजानगढ़ एवं बीदासर को नहर परियोजना से जोड़ने, ढाणियों में पीने के पानी स्थायी व्यवस्था की जाए, चौधरी कुंभाराम नहर का घटाया गया रकबा वापस जोड़ने सहित कुल 22 मांगों को लेकर किसान सभा के नेतृत्व में फरवरी से पूरे जिले तहसील मुख्यालयों में किसान सभा के नेतृत्व में आंदोलन चल रहा है। लगातार आंदोलन के बावजूद अब तक सरकार व प्रशासन ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। ऐसे में अब आंदोलन को तेज किया जाएगा तथा 13 मार्च को सुबह 11 बजे चूरू जिले में रेल रोको आंदोलन किया जाएगा। बैठक में सुजानगढ़ किसान सभा के तहसील अध्यक्ष तेजपाल गोदारा, किसान सभा उपाध्यक्ष सागर मेघवाल, पूर्व पार्षद सिराज खान, साबिर अली चौहान, मुमताज काजी, चांदमल छरंग, बुधाराम गुलेरिया, पीथाराम ज्याणी, हेमंत सिंह ढाका आदि मौजूद रहे।

## दुर्घटना में घायल व्यक्ति ने तोड़ा दम

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** हनुमानगढ़ किशनगढ़ मेगा हाईवे पर स्थत सुजानगढ़ के गनोडा चौराहा पर मोटरसाइकिल सवार को किसी वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वो गंभीर घायल हो गया, जिसे तुरंत सुजानगढ़ सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से गंभीर स्थिति के कारण हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जयपुर के निजी चिकित्सालय में घायल गंगाराम (58) पुत्र भंवरलाल माली, निवासी नलिया बास सुजानगढ़ की मृत्यु हो गयी। रविवार सुबह शव सुजानगढ़ लाया गया, जहां टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार की मदद से शव को मोर्चरी में रखवाया गया। परिजनों की रिपोर्ट पर सुजानगढ़ कोतवाली थाना केएएसआई नंदकिशोर ने पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक मृतक दूध का काम करता था तथा दूध देने जा रहा था, कि कोई वाहन पीछे से टक्कर मारकर फरार हो गया।

## राजाणा के पास युवक का शव मिला, शिनाख्त में जुटी पुलिस

### देर रात ट्रेन की चपेट में आने की आशंका

जयपुर टाइम्स

राजलदेसर(निस)। कस्बे के पूर्वी क्षेत्र में राजाणा के पास देर रात ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर राजलदेसर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर राजकीय चिकित्सालय राजलदेसर की मोर्चरी में रखवाया। सउनि हेमराज ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि राजाणा के पास रेलवे लाइन के निकट एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल के बाद शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। पुलिस ने मौके पर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन युवक के पास किसी प्रकार का पहचान पत्र या अन्य दस्तावेज नहीं मिलने के कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी। इसके बाद आसपास के थानों में गुमशुदगी की जानकारी भेजी गई है और सोशल मीडिया के माध्यम से भी युवक की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी थी और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### अब जिला खेल स्टेडियम सगत सिंह स्टेडियम के नाम से जाना जाएगा: भजनलाल

## गौरव सेनानी सम्मान समारोह में सीएम ने वीरांगनाओं और पूर्व सैनिकों को किया सम्मानित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय पर सप्त शक्ति कमान की रणबांकुरा डिवीजन ने रविवार को जिला स्टेडियम में गौरव सेनानी समारोह का आयोजन किया गया। आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि चूरू की वीर धरा हमें देश भक्ति की प्रेरणा देती है। यह जनरल सगतसिंह की जन्म भूमि है। सगतसिंह ने 1971 के युद्ध में युद्ध कौशल दिखाया, जिसकी वजह से उनको दुनिया के महान सेनापतियों में गिना जाता हैं। उनका बलिदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने जिला खेल स्टेडियम का नाम लेफ्टिनेंट जनरल सगत सिंह राठौड़ के नाम से करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि राजस्थान के वीरों ने हमेशा अग्रणी भूमिका निभायी है। सबसे लम्बी अंतर्राष्ट्रीय सीमा राजस्थान से लगती है। यहां का हर नागरिक सेना के प्रति समर्पण की भावना रखता है। परमवीर चक्र विजेता पीरू सिंह, मेजर शैतान सिंह व





सगतसिंह का नाम इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। देश की आजादी से पहले ही चूरू के धर्मस्तूप पर यहां के वीरों ने तिरंगा फहराकर आजादी के आंदोलन में रोशन किया था। उन्होंने कहा कि अब नया भारत आत्मनिर्भर भारत बना है। उन्होंने महिला दिवस पर वीर नारियों व वीरांगनाओं को शुभकामनाएं दी। आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने बताया कि समारोह में 7 हजार पूर्व सैनिक, वीर नारी व वीरांगनाओं ने भाग लिया। समारोह में पूर्व सैनिकों से प्राप्त 1700 समस्याओं का शत प्रतिशत समाधान किया गया। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों को देश का अतीत बताते हुए कहा कि देश की नींव इन्हीं के पसीने से रखी गई है। ऑपरेशन सिंदूर में भी इनका अमूल्य योगदान रहा है। देश की सेना में राजस्थान का 10 प्रतिशत सैनिकों का योगदान है। चूरू के 89 वीर सपूतों ने अपनी जान की आहुतियां दी है। समारोह में सीएम भजनलाल शर्मा, आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने वीर नारियों, वीरांगनाओं और भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया। सीएम शर्मा ने शिविरों का अवलोकन किया और पूर्व सैनिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानी। समारोह में सेना के जवाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, विधायक हरलाल सहारण, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि, संतोष मेघवाल, वासुदेव चावला सहित अनेक भाजपा नेता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

# ओरण बचाने के लिए करणी सेना ने सौंपा ज्ञापन, खेजड़ी बचाने को लेकर होगा आंदोलन

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** राजस्थान सदियों - शताब्दियों से वीर प्रसूता धरा रही है। आदिकाल से आज तक राजस्थान के लोगों ने अपनी मातृभूमि के लिए सर्वस्व बलिदान देकर गाय और भूमि की रक्षा की है, उसी श्रृंखला में जैसलमेर जिले के सैकड़ों लोग टीम ओरण जैसलमेर के साथ ओरण - गोचर भूमि को बचाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर स्थित श्री तनोट माता मंदिर से जयपुर तक 725 किलोमीटर की पदयात्रा निकाल रहे हैं। करणी सेना जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि ओरण गोचर भूमियाँ जैव विविधता से भरपूर हैं, जिनमें अनेक प्रकार के जीव - जंतु, वनस्पति, दुर्लभ घासें और घास -चारागाह पाए जाते हैं। शिफ्टलेकिन भूमि सेटलमेंट के समय कई ओरण - गोचर राजस्व में दर्ज होने से छूट गए थे, अतः निवेदन है कि इन मुंहबोली भूमियों को ओरण - गोचर के रूप में दर्ज करवाने का श्रम कराए। पाकिस्तान बॉर्डर से लगता राजस्थान का बड़ा भू - भाग ऐसा है जहां इस क्षेत्र के निवासियों की ढाणियां, कुएं, आम रास्ते, राज्य पशु ऊंट व चिंकारा, राज्य पक्षी गोडावण स्वछंद विचरण करते हैं। यहाँ राज्य वृक्ष खेजड़ी का बाहुल्य है और गाय भी सघनता से पाली जाती है, देसी गौ - पालन इस क्षेत्र में जितना है उतना भारत के किसी अन्य क्षेत्र में कहीं नहीं है। लेकिन यहाँ की अधिकतम ढाणियां, कुएं राजस्व में दर्ज नहीं हैं और न ही इन गायों के लिए कोई गोचर भूमि दर्ज है, ऐसे में सोलर और सीमेंट कंपनियां यहां अपने डेरे डाल रही हैं, जिससे गायों और गौ - पालकों पर भारी खतरा मंडरा रहा है। हमारा आपसे करबद्ध आग्रह है कि जैसलमेर जिले के रामगढ़ - तनोट और म्याजलार क्षेत्र में लाखों गौवंश हेतु गोचर भूमि दर्ज करवाने की कृपा कराए। जैसलमेर जिले के कई तालाब, खड़ीन, बरसाती नदी - नाले, नाडी तथा इनके आगोर, पाछोर और कैचमेंट एरिया राजस्व में दर्ज नहीं हैं। राजस्थान की समृद्ध विरासत और वीरता की गवाही दे रहे कई जुझारों व सतियों के देवस्थल, शिलालेख, लेख और पट्टिकाएं राजस्व में अंकित नहीं है ऐसे में इन सबको नष्ट करने के प्रयास हो रहे है। सबका साथ सबका विकास, जन भावना सर्वोपरि, संस्कृति व विरासत संरक्षण तथा मां भारती के वैभव और गौरव को पुनर्स्थापित करने के ध्येय से संचालित डबल इंजन की हमारी सरकार है। जनभावना अनुरूप जैसलमेर जिले सहित राजस्थान के सभी जिलों की ऐतिहासिक व मुंह बोली ओरण - गोचर भूमियों, बरसाती नदी - नालों, तालाबों, नाडीयों, खड़ीनो, उनके आगोर, पाछोर, कैचमेंट क्षेत्र, देवस्थल, कुएं - बावड़ीयाँ, शिलालेख - लेख, आम रास्ते सभी राजस्व में जल्द से जल्द दर्ज करवाकर हमें राहत प्रदान करें। ज्ञापन देने वाले में आलोक सिंह, विनोद राठी, राकेश वर्मा, किशन, श्रवण सैनी आदि उपस्थित रहे।

## फागोत्सव में श्रद्धालु झूमने पर हुए मजबूर



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय अगुणा बाजार स्थित श्री रूपया वाला बालाजी मंदिर में रंग पंचमी के अवसर पर फागोत्सव का आयोजन किया गया। महंत जुगल किशोर दास महाराज ने बताया कि रंग पंचमी के मौके पर आयोजित फागोत्सव में कलाकार आकाश सोनी, संदीप जोशी, योगेश चतुर्वेदी, आभा शर्मा, पवन जांगिड़, सरदार सिंह कासनिया, नवरत्न पारीक, प्रेम किशोर चौहान, कमल खंडेलवाल, विजय काछवाल सहित अनेक कलाकारों ने भक्ति भजनों की प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों ने बालाजी महाराज के भजनों सहित - कानूड़ा लाल घड़लो म्हारो भर दे रे..., धरती धोरां री...., श्याम सरकार सहित अनेक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। रंग पंचमी महोत्सव के दौरान पुष्प वर्षा और इत्र वर्षा की गई। महोत्सव के समापन पर बालाजी की आरती की गई। रंग पंचमी के मौके पर मंदिर को सजाया भी गया। इस अवसर पर श्याम सुंदर टेलर, रामगोपाल बागड़ा, मनोज भोजक, मनमोहन शर्मा, श्याम सुंदर जांगिड़, निहाल सामरिया, परमानंद मिश्रा, लक्ष्मीकांत मिश्रा, जनार्दन हरितवाल, हेमंत शर्मा, मनोज मंगलहारा, रामपाल टेलर, शंकर अग्रवाल, मनीष टेलर, बलराम सोनी, महेंद्र चोटिया, श्याम शर्मा, केशव चोटिया, कुंदन जोशी, जनार्दन शर्मा, देव शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु गण मौजूद रहे।वहीं महिलाओं ने भजनों की दौरान नृत्य भी किया।

## 5 वर्षीय अनस खान ने रखा रोजा

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय नूर में रहने वाले मोहम्मद इरफान खान व नफीसा बानो के 5 वर्षीय पुत्र अनस खान ने रमजान के माह में पहली बार रोजा रखा है। धीरे-धीरे बच्चों को दुनियावी तालीम के साथ-साथ धार्मिक रीति रिवाज भी बच्चों को सिखाए जा रहे हैं। वहीं अनस की इस उपलब्धि पर उसके दादा बाबू खां, गुलाम मोहम्मद खान, खुशी मोहम्मद खान, मोहम्मद इमरान लीलगर आदि ने खुशी जाहिर की है।

## बालिकाओं व महिलाओं का किया सम्मान



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निस)।** शहर के शिव धोरा स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर महिला दिवस रविवार को मनाया गया। सरिता पड़िहार के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम में 20 बालिकाओं व महिलाओं का सम्मान किया गया। वार्ड में उत्कृष्ट कार्य करने पर कार्यकर्ता मगन कंवर का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर पड़िहार ने कहा कि हमें भी समाज सुधार व देश रक्षा का कार्य करना चाहिए। आज महिलाएं हर क्षेत्र में कार्य कर अहम भूमिका निभा रही है और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना चाहिए। हमें सावित्री बाई फूले व झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के आदर्शों पर चलना चाहिए। इस अवसर पर सुमन माली, आइना, राजिया, साहिबा, ज्योति प्रजापत, सुनीता स्वामी, ममता माली, हीरा, शबनम, सिमरन, गुलसन, वासिदा, रीटा, दिव्या, हीरा, प्रिया, इंदुबाला, परमेश्वरी खटीक, भंवरी राजपूत सहित कई महिलाएं उपस्थित रही।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक राजेंद्र चौधरी के निर्देशानुसार ब्लॉक लक्ष्मणगढ़ में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं के सम्मान में केक काटकर 'बेटी जन्मोत्सव' मनाया गया तथा उनकी माताओं को खेस देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में बेटियों के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाना था।कार्यक्रम में पुलिस विभाग से एएसआई तीजु देवी और समाज कल्याण विभाग के छात्रावास अधीक्षक यादव उपस्थित रहे। उन्होंने बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए समाज में बेटियों को समान अधिकार देने का संदेश दिया। महिला अधिकारिता विभाग की सुपरवाइजर निर्मला ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और 'बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ' का संदेश दिया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर कैंपेन अभियान आयोजित किया गया। साथ ही महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की परामर्शदाता मंजू स्वामी व तारामणि ने महिलाओं के कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम साथिन , सहायिका और ग्रामीण महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।

## गृह लक्ष्मी स्वाभिमान अभियान' से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का संदेश

जयपुर टाइम्स



**राजलदेसर(निस)।** शासन श्री साध्वी मानकुमारी ठाणा-7 के सानिध्य में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में 'गृह लक्ष्मी स्वाभिमान अभियान' विषय पर एनजीओ मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गृहिणी को केवल घर संभालने वाली न मानकर उसे सम्मान, आत्मविश्वास और अधिकारों के साथ एक सशक्त व्यक्तित्व के रूप में स्थापित करना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत महिला मंडल की बहनों ने प्रेरणा गीत के साथ की। महिला मंडल उपमंत्री हेमलता बैद ने महिलाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हर नारी को आत्मनिर्भर बनना चाहिए। आत्मनिर्भरता केवल जरूरतों के लिए ही नहीं बल्कि स्वाभिमान के लिए भी जरूरी है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ललित दाधीच, सत्यनारायण राजपुरोहित, वीरेंद्र कुमार लाटा, पवनकुमार बोथरा, राजशेखर राजपुरोहित और नेहा शर्मा उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने महिला मंडल का मार्गदर्शन करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने परिवार में मिलजुलकर रहने, एक-दूसरे के प्रति सम्मानपूर्ण व्यवहार करने और संयुक्त परिवार व्यवस्था को प्राथमिकता देने की बात कही। पवन कुमार बोथरा ने कहा कि परिवार में माताओं को केवल बेटियों ही नहीं बल्कि बेटों को भी समान संस्कार देने चाहिए, ताकि वे महिलाओं का सम्मान करना सीखें। वहीं नेहा शर्मा ने नारी के विभिन्न रूपों पर प्रकाश डालते हुए नवरात्रि की नौ देवियों के स्वरूपों को प्रेरणादायक बताया और कहा कि शक्ति स्वरूपा नारी को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। साध्वी ईंदू यशा ने नारी जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज महिलाओं में जो जागरूकता और सशक्तता दिखाई देती है, उसमें आचार्य तुलसी की प्रेरणा का बड़ा योगदान है। उन्होंने 'नया मोड़' जैसे व्यापक कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को शिक्षा और कुरीतियों से मुक्त होने की प्रेरणा दी। साध्वी मानकुमारी ने भी महिलाओं को आत्मनिर्भर, जागरूक, संस्कारी और सहनशील बनने की प्रेरणा देते हुए नारी शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का महिला मंडल की ओर से दुपट्टा ओढ़ाकर, प्रमाण पत्र और धार्मिक साहित्य भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्रावक-श्राविका समाज की अच्छी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सभा अध्यक्ष राजकरण विनायकिया और युवक परिषद अध्यक्ष मुकेश श्रीमाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन महिला मंडल मंत्री मोनिका बैद ने किया, जबकि आभार महिला मंडल अध्यक्षा कुसुम छलानी ने व्यक्त किया।

## महिला दिवस का बताया महत्व

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** कस्बे में वार्ड नं. 26 के मेघवाल मोहल्ले में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पुर्व संध्या पर महिलाओं की बैठक आयोजित कर महिला दिवस का महत्व बताया। आरयूआइडीपी के जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड़, काजल सांखला व कविता स्वामी की ओर से महिला दिवस के इतिहास के बारे में जानकारी देते हुए इस वर्ष 2026 के थीम के बारे में

प्रकाश डाला गया। इस वर्ष की थीम दान करके लाभ प्राप्त करे जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य ओर समानता में निवेश करना है। जो पूरे समुदाय की समृद्धि सुनिश्चित करता है। आज की बैठक में जेन्डर समानता पर चर्चा करते हुए बताया गया कि हम सबको इस तरह किसी प्रकार के शब्दों का प्रयोग नहीं करना चाहिए जिससे महिलाओं को ठेस पहुँचाता हो व विगत वर्षों में महिला, पुरुष समानता में काफी साकारात्मक बदलाव आए है जिससे समाज समानता की ओर अग्रसर हो रहा है। बैठक में बताया गया कि खास तौर से महिला वर्ग को ओर प्रोत्साहन करने की आवश्यकता है।उदाहरण देते हुए बताया कि जैसे की शादी विवाह कन्यादान में रूपया खर्च कर करते हैं वो ही राशि बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य में खर्च करेंगे तो परिवार मे समृद्धि आएगी। बैठक में सुकन्या समृद्धि योजना (शिक्षा/शादी के लिए बचत), बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ (जागरूकता), और बालिका समृद्धि योजना (शिक्षा प्रोत्साहन) व बालिका छात्रवृत्ति के बारे में जानकारी दी गई। पूर्व पार्षद खिराज मेघवाल की ओर से समानता के लिए व्यवहार में परिवर्तन लाना व बालिका शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी गईद्य बैठक में सभी महिलाओं ने बताया कि हम किसी भी कन्या को शिक्षा से वंचित नहीं रखेंगे अच्छे कार्य के लिए बालक - बालिका दोनों को प्रोत्साहित करेंगे द्य इस बैठक में मोहल्ले की काफी संख्या में महिलाओं व बालिकाओं की उपस्थिति रही (

## दो युवकों के खिलाफ पोक्सो के आरोप में मुकदमा दर्ज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निजी स्कूल में अध्यापक रह चुके एक व्यक्ति और उसके भाई के खिलाफ स्थानीय कोतवाली पुलिस थाने में पोक्सो व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार 14 वर्षीय बालिका, जो आठवीं क्लास में पढ़ती है, उसकी माता ने यह मामला दर्ज करवाया है। कोतवाली पुलिस को पीड़ित बालिका की माता ने बताया है कि निजी स्कूल के एक अध्यापक ने मेरी बेटी को होमवर्क के नाम पर डराया और मारपीट की थी। जिसके कारण मेरी बेटी उससे काफी डरने लगी। उसके बाद आरोपी ने मेरी बेटी के बाथरूम में जाने के वक्त पीछे से आरोपी जबरन घुसा और वहां पर उसके डरा धमकाकर वींडियो बना लिए और फोन देकर फोन पर बात करने के लिए मजबूर किया। ऐसा नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद आरोपी फोन पर अश्लील बात करने का दबाव बनाता। जिसकी शिकायत स्कूल मैनेजमेंट से करने पर आरोपी शिक्षक को स्कूल से निकाल दिया गया, जिसके कारण आरोपी मेरी बेटी से रंजिश रखने लगा और स्कूल आते-जाते वक्त तंग करने लगा और फोन पर बात करने का काफी दबाव बनाया और कहा कि बात नहीं की, तो तुम्हारे फोटो वीडियो वायरल कर दूंगा। बालिका की माता ने पुलिस को बताया है कि सात मार्च को अलसुबह करीब पांच बजे घर से बाहर आने का कहा और बाहर आते ही वह बालिका को शहर से बाहर ले गया और वहां पर ज्यादती का प्रयास किया। करीब साढ़े पांच बजे जब प्रार्थिया नींद से उठी, तो उसे बालिका घर पर नहीं मिली, जिस पर मामले की जानकारी पुलिस को दी गई और पुरानी घटनाओं के आधार पर आरोपी शिक्षक पर ही संदेह जताया गया। जब आरोपी को फोन किया गया, तो उसने थाने में आने का कहकर फोन काट दिया। फिर आरोपी के भाई को फोन करने पर उसने कहा कि मेरे पास है, 10-15 मिनट में लाने की बात कही। फिर पुलिस ने तलाशी अभियान चलाकर बालिका व आरोपी शिक्षक को खेत से दस्तयाब किया। पुलिस ने अपहरण, पोक्सो व एससीएसटी एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बेगा की नांगल में दिव्य गौ कृपा महोत्सवः गौ सेवा के लिए उमड़ा जनसैलाब, लाखों रुपये की घोषणाएं

जयपुर टाइम्स



**नीमकाथाना/पाटन(निस)।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत बेगा की नांगल स्थित श्री कृष्ण गौशाला सेवा समिति की ओर से दिव्य गौ कृपा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती और गौसेवक दौलत राम गोयल सहित क्षेत्र के अनेक लोगों ने भाग लिया। गौ सेवा के इस आयोजन में क्षेत्र के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए गौमाताओं के लिए आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया।कार्यक्रम में हरियाणा के बुढवाल से आए श्रद्धालुओं ने गौशाला में 90 बाई 16 फीट का टीन शेड तथा कमरों के निर्माण की घोषणा की। इसके साथ ही गायों के चारे और पानी की व्यवस्था के लिए भी सहयोग देने की बात कही गई। इस अवसर पर पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए गौशालाओं के लिए अधिक से अधिक सहयोग करने की अपील की तथा गौमाता के महत्व और उनके संरक्षण के बारे में जानकारी दी। वहीं नीमकाथाना गौशाला के अध्यक्ष दौलत राम गोयल ने भी गौ सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला और लोगों को गौ संरक्षण के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रकाश गुर्जर एंड पार्टी की ओर से भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिनके माध्यम से भामाशाहों को गौ सेवा के लिए आगे आने का संदेश दिया गया।गौ सेवा के लिए कई भामाशाहों ने उदारतापूर्वक आर्थिक सहयोग की घोषणा की। रामपुर बेगा की नांगल के सरपंच सतपाल यादव ने 3 लाख 31 हजार रुपये, सरपंच प्रत्याशी एवं नर्सिंग ऑफिसर रामावतार यादव ने 3 लाख 21 हजार रुपये, दलपतपुर ग्राम पंचायत के सरपंच प्रत्याशी भूप सिंह गुर्जर ने 2 लाख 51 हजार रुपये, पूर्व सरपंच कालूराम गुर्जर ने 1 लाख रुपये, बेगा की नांगल के सरपंच प्रत्याशी राकेश यादव ने 1 लाख 11 हजार रुपये सहित अन्य भामाशाहों ने भी गौ सेवा के लिए सहयोग प्रदान किया।कार्यक्रम के अंत में गौशाला समिति के अध्यक्ष साधुराम शर्मा ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पंचायत समिति पाटन के प्रधान सुवा लाल सैनी, पंचायत समिति सदस्य डी.पी यादव,सुरेश यादव, पूर्व सरपंच लालचंद यादव, रामस्वरूप यादव, नत्थू सिंह, कालूराम गुर्जर, राकेश यादव, रामावतार यादव, धर्मपाल यादव, महावीर यादव, सुंडाराम यादव,सरपंच सतपाल यादव सहित गौशाला समिति के सदस्य और क्षेत्र के दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## रंग पंचमी के रंग में रंगे जिलाध्यक्ष पारीक, खेली फूलों की होली, लोगों पर बरसाए फूल

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** श्री गोपीनाथजी के मन्दिर में रविवार को रंगपंचमी के पावन अवसर पर राजस्थान ब्राह्मण महासभा के झुंझुनूं जिलाध्यक्ष अरविन्द पारीक ने मन्दिर प्रांगण में श्रद्धालुओं व आमजन के साथ फूलों की होली खेली। आमजन ने जिलाध्यक्ष पारीक को अपने बीच पाकर हर्षोल्लास से रंग पंचमी मनाई और पारीक का अभिवादन किया। यहां उन्होंने सभी पर फूल बरसाकर होली खेली। पारीक ने कहा कि ये फूल हमें याद दिलाते हैं कि जीवन में रंग भले कितने भी हों, असली रंग तो दिल के रंग होते हैं, जो एक-दूसरे के लिए सम्मान, भाईचारा और देशभक्ति से भरे हों। रंग पंचमी पर हमारे जीवन में आत्मीयता बढ़े, प्रेम और स्नेह बढ़े यही ईश्वर से प्रार्थना है। इसके बाद अरविन्द पारीक और आम जन ने मिलकर 'ये देश है वीर जवानों का अलबेलों का मस्तानों का गाना गाया तो लगा जैसे पूरा मण्डावा एक सुर में गूंज रहा है। ये गाना उन वीर जवानों के लिए था जो सीमा पर खड़े होकर हमें ये रंग खेलने की आजादी देते हैं। इससे पहले उन्होंने श्रीगोपीनाथ जी का आशीर्वाद भी लिया। उन्होंने मंदिर में विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस मौके पर मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सुषमा पारीक, किशोर सिंह, पूर्व पार्षद गोविन्दराम जोशी, किशोर थलिया, शरदकुमार मिश्रा, मनोज नरेड़ा, दुर्गा शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## रानीपुरा की सरोज वर्मा को नारी गौरव सम्मान मिला

जयपुर टाइम्स



**जाजोद(निस)।** ग्राम पंचायत कांसरड़ा के रानीपुरा की सरोज वर्मा को जयपुर में नारी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। उन्हें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर डॉ. आंबेडकर उत्थान परिषद की ओर से आयोजित छठवें नारी गौरव सम्मान समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। रानीपुरा निवासी सरोज वर्मा पुत्री स्व. रघुवीर प्रसाद वर्मा को 'एक कदम शिक्षा की ओर' निशुल्क कोचिंग संस्था, कांसरडा में लगातार चार वर्षों तक बच्चों को मुफ्त पढ़ाने पर उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह निशुल्क कोचिंग संस्था 2022 से गांव के सभी बच्चों को लगातार मुफ्त शिक्षा प्रदान कर रही है। इसका उद्देश्य शिक्षा को सभी तक पहुंचाना है। संस्था के अध्यक्ष कालूराम महरड़ा और कोचिंग संचालक अविनाश कुमार ने बताया कि पूजा वर्मा (कांसरड़ा) और सरोज वर्मा (रानीपुरा) जैसी अध्यापिकाएं निस्वार्थ भाव से इस संस्था में अपनी सेवाएं दे रही हैं।

## गौसेवा में 11000 रुपये प्रदान किए

*जयपुर टाइम्स/मण्डावा(निस)। मुकुन्दगढ मार्ग स्थित टीकम दास आश्रम में संचालित कामधेनु निराश्रित गौ सेवा समिति मंडावा में रविवार को जयपुर निवासी भागीरथ सिंह ने गायों के हरे चारे के लिए ?11000 का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर उनके प्रतिनिधि किशोर सिंह राठौड़ ने गौशाला पहुंचकर गायों को हरा चारा खिलाया। इस अवसर पर रविंद्र शर्मा, जयप्रकाश सोनी,वंश माथुर गजेंद्र सिंह, विक्रम नायक आदि उपस्थित रहे। गौशाला अध्यक्ष किशोर सिंह ने भामाशाह का धन्यवाद ज्ञापित किया।*

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
09 मार्च, 2026

## महिला दिवस पर फागोत्सवः महिलाओं ने भजन संध्या में जमकर किया डांस



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को श्री श्याम सखी महिला मण्डल की ओर से फागोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और भक्तिमय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने भजन संध्या का भरपूर आनंद लिया। भजन मंडली की ओर से प्रस्तुत मधुर भजनों से पूरा वातावरण भक्तिरस में सराबोर हो गया। इस दौरान राधा-कृष्ण की मनमोहक रासलीला का भी आयोजन किया गया, जिसने उपस्थित महिलाओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लेकर फागोत्सव का आनंद उठाया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीश्याम सखी महिला मण्डल की प्रमुख उमा हेमाणी रहीं। उन्होंने सभी को फागोत्सव और महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए ऐसे आयोजनों को समाज में सकारात्मक ऊर्जा और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाला बताया। इस अवसर पर दर्जनभर महिलाओं का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महिला मण्डल की मेंबर सरोज सिंघानिया, संगीता टेलर,विमला सैनी, संजू , मंजू, संगीता, सुलोचना, उषा सैनी, उमा सरोज मोदी, पूनम, अंकिता, सीता, मेघा व अर्चना की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साथ ही भारती ने भी कार्यक्रम के आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी महिला श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि महिला मण्डल प्रति माह में 4-5 भजन संध्या के साथ-साथ विभिन्न महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रमों का भी आयोजन करता है।

## करणी कृपा के मेधा-कुंभ में 272 सितारों का सैलाब



जयपुर टाइम्स

**मंडावा(निस)।** शेखावाटी की शैक्षिक धरा पर रविवार को एक नया इतिहास रचा गया। स्थानीय करणी कृपा स्कूल व फाउंडेशन क्लासेज, मंडावा ने अंचल की मेधावी प्रतिभाओं के लिए मात्र 11,000 की वार्षिक फीस में उच्च स्तरीय 'फाउंडेशन एवं स्कूलिंग' प्रदान करने का जो प्रेरणादायी एलान किया है, उसने अभिभावकों के बीच विश्वास की एक नई लहर पैदा कर दी है। इस अनूठी पहल का असर यह रहा कि संस्थान की ओर से आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा (फेज-1) में अंचल के 272 बाल-सितारों का वह सैलाब उमड़ा, जिसने भविष्य की एक नई इबारत लिख दी। परीक्षा केंद्र पर उपस्थित अभिभावकों ने संस्थान की इस दूरदर्शी पहल की मुक्त कंठ से सराहना की। उनका कहना था कि करणी कृपा संस्थान ने मध्यमवर्गीय और किसान परिवारों के बच्चों के लिए डॉक्टर-इंजीनियर बनने के सपनों को एक नया और सुलभ मंच प्रदान किया है। संस्थान की ओर से प्रदान की गई निःशुल्क सुलभ वाहन सेवा और परीक्षा के दौरान किए गए उत्कृष्ट प्रबंधन ने अभिभावकों के भरोसे को और अधिक सुदृढ़ किया है। संस्थान के एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. दिशांत ने अभिभावकों के इस सकारात्मक रुझान पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारा ध्येय अंचल के नैसर्गिक टैलेंट को वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा के लिए तैयार करना है। मात्र 11,000 में श्रेष्ठ शिक्षा प्रदान करना उन बच्चों के सपनों को 'पंख' देने का हमारा एक पवित्र मिशन है। आज का यह 'मेधा-कुंभ' साक्षी है कि अब अंचल का हर प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपनी आर्थिक स्थिति की चिंता किए बिना उच्च शिक्षा का साहस जुटा पाएगा। रविवार की सुबह से ही विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण और गरिमामयी माहौल रहा। डायरेक्टर गणेश सिंह शेखावत ने बताया कि परीक्षा को लेकर छात्र-शक्ति में जो जुनून दिखा, वह संस्थान की विश्वसनीयता और शैक्षणिक गुणवत्ता का प्रमाण है। परीक्षा का परिणाम 11 मार्च 2026 को विद्यालय के सूचना पट्ट व डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर सार्वजनिक किया जाएगा।

## चौंमूः अगरबत्ती फैक्ट्री में लगी भीषण आग

**चौंमू(निस)।** सामोद स्थित डेहरा औद्योगिक क्षेत्र में रविवार शाम को एक अगरबत्ती बनाने की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने से फैक्ट्री परिसर में अफरा तफरी मच गई और चारों ओर धुंआ फैल गया। स्थानीय लोगों में हड़कंप देखा गया। दमकल कर्मियों ने तुरंत आग बुझाने का काम शुरू किया। घटनास्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग जमा हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीम भी मौके पर पहुंची और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। आग लगने के कारणो का अभी तक आधिकारीक खुलासा नहीं हो पाया है चौंमू अग्निशमन अधिकारी जयकुमार जांगिड़ ने बताया कि प्रथम दृष्टया जांच में आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है हालांकि इसकी पुष्टि होना बाकी है।

**CHANGE OF NAME**

I NEMI CHAND S/O PUNAM CHAND R/O NAYA BASS, WARD NO.24, SUJANGARH, DIST. - CHURU, HAVE CHANGED MY NAME TO NEMICHAND JANGIR FOR ALL FUTURE PURPOSES AND PASSPORT PURPOSE

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का जिला स्तरीय समारोह

## महिला उत्थान के लिए कार्य करने वाले संस्थानों, कार्मिकों का सम्मान

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का जिला स्तरीय समारोह रविवार को सूचना केंद्र सभागार में जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेंद्र कुमार सोलंकी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय समारोह में उपखंड अधिकारी झुंझुनूं कौशल्या विश्नोई, मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर छोटे लाल गुर्जर, अतिरिक्त कोषाधिकारी प्रियंका लांबा व प्रेरणा कालेर , जिला युवा अधिकारी मधु यादव, सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के उप निदेशक पवन पूनिया, मंडावा तहसीलदार डॉ सुरेंद्र भास्कर, सहायक जनसंपर्क अधिकारी विकास चाहर, महिला एवं बाल विकास विभाग के उपनिदेशक विजेंद्र सिंह राठौड़ अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कलेक्टर ने कहा कि जिले में महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्योला व कार्मिकों के प्रयासों से ही जिला हर बार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और मुख्यमंत्री नारी शक्ति उधम प्रोत्साहन योजना में प्रथम स्थान पर रहता है।



इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ. महेंद्र के. सोलंकी ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जरूरतमंद व पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क विधिक सहायता, परामर्श तथा लोक अदालत के माध्यम से त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जाता है। डॉ. सोलंकी ने महिलाओं से अपील की कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या होने पर वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर निःशुल्क सहायता प्राप्त कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर समाज में समानता और न्याय की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्योला ने बताया कि समारोह के दौरान पन्नाधाय सुरक्षा व सम्मान योजना के तहत 24 लोगो का सम्मान किया गया जिनमें मंडावा तहसीलदार डॉ. सुरेन्द्र भास्कर, सहायक प्रबंधक पूजा, बीसीएमओ डॉ. रेखा, पीएनबी के मुख्य शाखा प्रबंधक दारा सिंह, आरएसआरडीसी की सहायक अभियंता ज्योति महरिया, शहीद फारूख अहमद राउमावि भीमसर की व. अध्यापक सविता गोदारा, बीपीओ कंचन चैधरी, अगवाना खुर्द की पंचायत शिक्षिका सुमन मान, इस्लामपुर की ग्राम साथिन सबीना, घोडीवारा खुर्द की कार्यकर्ता प्रीति कुमारी, भूदा का बास की सहायिका गुड्डी देवी, पिलानी की आशा सहयोगिनी लक्ष्मी शर्मा, एम.डी. टैंट हाउस, हंसासर की ग्राम साथिन सम्पत, बडागांव की ग्राम साथिन सुनिता, बडाउ की ग्राम साथिन कविता गुर्जर, बुहाना की ग्राम साथिन सुनिता देवी, हेतमसर की ग्राम साथिन किरणा बर्वड, मोई भारू की ग्राम साथिन कश्मीर, उरीका की ग्राम साथिन मंजू, सैनी नगर की ग्राम साथिन संजु सैनी, काजी की ग्राम साथिन रचना कुमारी, ओजटू की ग्राम साथिन मंजू देवी, प्रतापपुरा की ग्राम साथिन मंजू का सम्मान किया गया।

उत्कृष्ट कार्य करने पर बाल विकास परियोजना अधिकारी नवलगढ़ के संदीप कुमार, मंडावा की उषा कुलहरि, अलसीसर की भारती ढाका, दीपिका को सम्मानित किया गया। इस दौरान समेकित बाल विकास सेवाएं विभाग की माता यशोदा पुरस्कार योजना के तहत कार्यकर्ता को 5100 तथा सहायिका को ?2100 का नगद इनाम दिया गया। इस दौरान बाजला केंद्र की कार्यकर्ता संगीता, खारिया की सहायका अनीता, जैतपुर की कार्यकर्ता अनिता देवी, बुहाना की सहायका तारावती देवी, चिड़ावा वार्ड 2 की कार्यकर्ता अनिता, धतरवाला की सहायिका लक्ष्मी, लालपुर की कार्यकर्ता फूलवती देवी, उत्तरासर मानपुर की सहायका चांदनी मीणा, नालपुर की कार्यकर्ता शशिकला देवी, खेतड़ी वार्ड 20 की सहायिका मंजू देवी, बनगोठडी की कार्यकर्ता कृपा बाई, खेडला की सहायिका कांता, मुखवास की कार्यकर्ता सरोज बड़बड़, बिसाऊ वार्ड नंबर 7 की सहायिका प्रियंका, राणासर की कार्यकर्ता मुन्नी देवी, डूंडलोद की सहायिका नीलोफर, ढानाबाग की कार्यकर्ता संपत्ति देवी, बिशनपुरा की सहायिका सरोज देवी, इस्माइलपूर कार्यकर्ता चंद्रकला, काजड़ा की सहायिका सुनीता, पोंख की कार्यकर्ता चित्रा शर्मा, बड़ा गांव की सहायिका कौशल्या देवी को पुरस्कार दिया गया।

## राजीविका राजसखी मेले का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** जिला प्रशासन व राजीविका के संयुक्त तत्वावधान में रविवार से शहर की परमवीर पीरू सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में राजीविका राजसखी मेला का आगाज हुआ। उद्घाटन समारोह में जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग व निवर्तमान जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे। राजीविका के जिला परियोजना प्रबंधक रामनिवास ने बताया कि 7 मार्च से 15 मार्च तक आयोजित होने वाले इस मेले में 80 स्टाल लगाई गई है, जिन पर महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की ओर से तैयार उत्पादों का विपणन किया जाएगा यह मेला प्रथम बार राज्य सरकार की पहल पर राजस्थान के प्रत्येक जिला स्तर पर आयोजित किया जा रहा है जिसमें स्वयं सहायता समूह के माध्यम से जुड़ी हुई महिलाओं को उनके तैयार उत्पाद बेचने के लिए एक प्लेटफार्म उपलब्ध कराने की दृष्टि से लगाया गया है मेले में महिलाएं घर से बाहर निकल कर अपने उत्पादों का विपणन कर सके। समारोह के दौरान राज्य सरकार की बजट घोषणा के अनुसार जिले के 110 महिलाओं को टेबलेट वितरण का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें सांकेतिक रूप से 11 महिलाओं को टैबलेट वितरित किए गए। जिले के प्रत्येक ब्लॉक में 10 महिलाओं को टेबलेट वितरित किए जाएंगे। जिला कलेक्टर ने महिलाओं का उत्साह वर्धन करते हुए महिलाओं को परंपरागत सामान के साथ नए प्रोडक्ट बनाकर मेले में लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। वही जिला प्रमुख ने महिलाओं को हर प्रकार से सहायता का विश्वास दिलाते हुए कहा कि वह राजीविका की महिलाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनके प्रोडक्ट और उनके विपणन में सहयोग के लिए कटिबंध है। इस दौरान उपखंड अधिकारी कौशल्या बिश्नोई, मुख्य चिकित्सा अधिकारी छोटेलाल गुर्जर, जिला युवा अधिकारी मधु यादव, सहायक जनसंपर्क अधिकारी विकास चाहर व राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित हुए।

इस दौरान राजीविका से रामजी लाल, अहवाब, किरण, योगेश व अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन राजीविका जिला प्रबंधक जितेन्द्र सिंह ने किया।

## खांडल विप्र समाज का होली स्नेह मिलन, उमड़े समाजबंधु

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ में खांडल विप्र समाज का होली स्नेह मिलन कार्यक्रम शनिवार देर शाम नगरपालिका के सामने महर्षि मंगलदत्त स्मारक भवन आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत आईजी हरिप्रसाद शर्मा रहे। अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रकांत शर्मा ने अध्यक्षता की। मीरण धाम के मंहत औंकारनाथ, मुक्तिनाथ, सूर्यमंदिर के पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य, पालवास धाम के विक्रमनाथ, गोपेशाचार्य, विश्वनाथ, कैलाश चोटिया, विष्णुकांत रूंथला, विश्वनाथ जोशी, कृष्णगोपाल माटोलिया, मनोज सदाफल, तहसीलदार गोपाल माटोलिया व विमल गोवला विशिष्ट अतिथि रहे। अवधेशाचार्य ने कहा कि सूर्यकुंड से खांडल समाज की उत्पति हुई है। बच्चों को संस्कारवान बनाए, उनको शिक्षा दी जाए कि वे माता- पिता व बुर्जुगों का सम्मान करें। खांडल समाज का दायित्व है कि वे दान देने वाले बने, दान लेने वाले नहीं बने। विवाह के बाद तलाक के मामले बढ़ रहे है, यह सोचने वाली बात है। बच्चों के माता- पिता पहले गुरू होते है। बच्चों के मोबाइल की हिस्ट्री चेक करना जरूरी है, मोबाइल से एकांतवास को बढ़ावा मिल रहा है। मुख्य अतिथि हरिप्रसाद शर्मा ने समाज के लोग मेहनती है, इसलिए समाज के युवाओं को प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ना है, माता- पिता अपनी ईच्छा बच्चों पर नहीं थोपे, प्रत्येक बच्चे को भगवान ने अलग- अलग योग्यता है, माता- पिता अपने बच्चे की प्रतिभा को पहचाने, अंधी दौड़ में शामिल नहीं हो। वो ही समाज आगे बढ़ता है जिनमें सामाजिक व राजनीति एकता होती है। स्वागत भाषण सचिव अजय रूंथला ने किया व समाज के बारों में जानकारी दी। इस दौरान



समाज के बच्चों व महिलाओं ने एक से बढ़कर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। इस दौरान संतों, समाज की विभूतियों व प्रतिभावान स्टूडेंट्स का सम्मान किया गया। प्रेम शर्मा लक्ष्मणगढ़ व योगेश शर्मा बलारा ने एक से बढ़कर धमाल की प्रस्तुति दी। महिलाओं ने फूलों की होली खेली। इस दौरान भगवान परशुराम व महर्षि मंगलदत्त के जयकारें लगाए गए। संचालन कोषाध्यक्ष सुनील सामरा व प्रतिभा सोती ने किया। सांवरमल सामरा, पप्पू शर्मा, गोपाल जोशी, विश्वनाथ जोशी, दीनानाथ रूंथला, कृष्णगोपाल जोशी गौतम खंडेलवाल, जयंती बील, सज्जन पंसारी, अजय जोशी, रमेश सुंदरिया, संजय शर्मा, अरविंद रूंथला, विजय सोती, रघुनंदन कौशलका, मनोज सदाफल, रिद्धकरण नवहाल, अशोक जोशी, विजय चोटिया, सूर्यप्रकाश पीपलवा, ओमप्रकाश जोशी, प्रकाश रूंथला, जगदीश सेवका, रमाकांत रूंथला, नथमल मिंतर, सुरेंद्र शास्त्री, गोपाल शर्मा, पप्पू शर्मा, प्रद्युमन शर्मा, रामावतार बील, प्रकाश रूंथला, सुशील डीडवानिया, पुनित बील, सुधीर सेवका, गौतम जोशी आदि मौजूद रहे।

### लाम्बी अहीर में 'नारी दिशा' कार्यक्रम

## अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और निडर होकर न्याय के लिए आगे आए महिलाएं: दीपा गुर्जर





### पुलिस और न्यायपालिका से महिलाओं का सीधा संवाद

जयपुर टाइम्स

**बुहाना(निस)।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत लाम्बी अहीर में आदित्री फाउंडेशन के नेतृत्व में 'नारी दिशा' नवाचार के तहत महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, कानून और न्याय व्यवस्था के प्रति जागरूक करना तथा पुलिस और न्यायपालिका से उनका सीधा संवाद स्थापित करना था।

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झुंझुनूं के तत्वावधान में लोक जानकारी शिविर भी लगाया गया, जिसमें महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और सहायता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला व सेशन जज दीपा गुर्जर, एडीजी महेंद्र सोलंकी मौजूद रहे। इस दौरान हिसार (हरियाणा) की लेक्चरर संतोष मेहरा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। जिला व सेशन जज दीपा गुर्जर ने महिलाओं को कानून और न्याय प्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए बताया कि घरेलू हिंसा, उत्पीड़न या किसी अन्य समस्या की स्थिति में महिलाएं कैसे और कहां शिकायत दर्ज करा सकती हैं। उन्होंने महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और निडर होकर न्याय के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने भी महिलाओं को सुरक्षा से जुड़े विषयों पर जानकारी दी और बताया कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस से तुरंत कैसे संपर्क किया जा सकता है। इस दौरान महिलाओं ने खुलकर अपने सवाल रखे और अधिकारियों से सीधे संवाद कर अपनी शंकाओं का समाधान किया।

आदित्री फाउंडेशन की सचिव और 'हॉकी वाली सरपंच' नीरू यादव ने कहा कि 'नारी दिशा' पहल का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक, सशक्त और नेतृत्व के लिए प्रेरित करना है।

### जरूरतमंद मरीजों के लिए युवाओं ने किया रक्तदान

## सीकर के युवा दिन-रात जरूरत पड़ने पर पहुंचते हैं ब्लड बैंक, कई रक्तदाताओं ने 50 से अधिक बार किया रक्तदान

जयपुर टाइम्स



**सीकर(निस)।** जरूरतमंद मरीजों की जान बचाने के लिए सीकर के युवा लगातार रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश कर रहे हैं। रक्तदान शिविरों के साथ-साथ आपातकालीन परिस्थितियों में भी ये युवा तुरंत ब्लड बैंक पहुंचकर मरीजों को जीवनदान देने का कार्य कर रहे हैं। सुधीर महरिया स्मृति संस्थान व यूनाइटेड एजुकेशन लिंक्ज के डायरेक्टर बीएल मील ने बताया कि हाल ही में विभिन्न अस्पतालों में भर्ती गंभीर रोगियों को रक्त की आवश्यकता होने पर सीकर के युवाओं ने तुरंत आगे आकर रक्तदान किया। रक्तवीर सत्येंद्र कुड़ी, सन्नी शिवसिंहपुरा, चन्द्रप्रकाश बिजारणिया (टीम रक्तसेतु-जीवनसेतु), महेन्द्र जांगिड़, पवन घोड़ेला और अब्दुल रहीम चौहान के नेतृत्व में युवाओं ने रक्तदान कर सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस दौरान भंवर सिंह शेखावत ने 92वीं बार, सत्येंद्र कुड़ी ने 59वीं बार, रमेश कुमावत ने 69वीं बार, चन्द्रप्रकाश बिजारणिया ने 53वीं बार, अनुज शर्मा ने 43वीं बार, नरेश भामू ने 37वीं बार, रितिक ने 35वीं बार, प्रदीप बाजिया ने 34वीं बार, मनोज सैनी ने 28वीं बार, कैलाश सैनी ने 27वीं बार, मुकेश सैनी ने 26वीं बार, मुकेश मील ने 23वीं बार, राजेश कुड़ी ने 21वीं बार तथा विकास फगेड़िया व आदित्य ने 18वीं बार रक्तदान किया। इसी प्रकार सुरेश कुमार, राकेश गोदारा, शुभम मिश्रा, विपिन और राकेश कुमार ने 16वीं बार, अभिषेक शर्मा, प्रवीण और रामस्वरूप ने 15वीं बार, पवन घोड़ेला और मोनिका ने 14वीं बार, प्रदीप ठेकेदार और सुनील ने 13वीं बार, हरफूल ने 12वीं बार तथा फैयाज खान और मुकेश गोदारा ने 11वीं बार रक्तदान कर जरूरतमंदों की मदद की। इसके अलावा मनोज खर्रा (10), विजय चोपड़ा (9), सत्येंद्र शर्मा और ओमप्रकाश यादव (8), दीपेंद्र (6), प्रदीप गुर्जर (5), धर्मपाल (4), रवि यादव (3), शफीक और मानसिंह (2) सहित शकील गौरी, जसविंदर ख्यालिया, क्षितिज, विजय सैनी, छोटू सिंह, विकास, मदन, राहुल और धर्मेंद्र सिंह सहित अनेक युवाओं ने भी आपातकालीन स्थिति में ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया। विशेष बात यह है कि कई युवा रात के समय भी सूचना मिलते ही अपने निजी खर्चे पर सीकर के साथ-साथ बीकानेर, जयपुर और अन्य जिलों के ब्लड सेंटर्स तक पहुंचकर रक्तदान कर रहे हैं। इन युवाओं का कहना है कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं, क्योंकि इससे सीधे किसी की जिंदगी बचती है।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रतिभाओं का सम्मान, ढप की थाप पर गूंजा होली स्नेह मिलन

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निस)।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस तथा होली स्नेह मिलन के अवसर पर महिला पतंजलि योग समिति की ओर से जिला प्रभारी गीता नूनियां के निर्देशन में संगठन प्रभारी शशिबाला नूनियां के निज निवास पर एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों के साथ-साथ शिक्षा जगत की प्रतिष्ठित महिलाओं–प्रधानाचार्य, कॉलेज व्याख्याता व अन्य महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य



भगवती वर्मा ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य सुलोचना सिंह उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में पूर्व प्रधानाचार्य रुक्मणी शेखसरिया एवं कॉलेज व्याख्याता पूनम शर्मा शामिल रहीं। जिला प्रभारी गीता नूनियां ने मंचासीन अतिथियों के साथ समिति में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पाँच बहनों को साफा पहनाकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में समिति की युवती प्रभारी अनीता खीचड़ को एस.आई. बनने पर माला व साफा पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त मीडिया प्रभारी दिव्या आबूसरिया, नवलगढ़ तहसील प्रभारी संतोष , झुंझुनू तहसील प्रभारी संतोष जालान तथा संगठन प्रभारी शशिबाला नूनियां का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में महिला पतंजलि योग समिति की ओर से आयोजित सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इसके बाद सभी बहनों ने गुलाल से तिलक लगाकर, मालाएँ पहनाकर तथा फूलों से होली खेलते हुए होली स्नेह मिलन का आनंद लिया। कार्यक्रम में सांवरिया सेठ की सुंदर धमाल प्रस्तुत करते हुए ढप की थाप पर राजस्थानी परंपरा के साथ बहनों ने नृत्य कर उत्सव मनाया। समिति की संवाद प्रभारी संतोष चौधरी व सिंघाना तहसील प्रभारी राजबाला यादव ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को संबोधित करते हुए प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए। अंत में चिड़ावा तहसील की पदाधिकारी सावित्री व श्यामा ने समिति की ओर से जिला प्रभारी गीता नूनियां को फूलमाला व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का समापन सभी बहनों की ओर से सामूहिक जलपान के साथ हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ।